ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 12 जून 2024
वर्ष 2, अंक 292, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सुपर आठ से एक कदम दूर भारत 15

फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान 16

पीएम ने सोशल मीडिया से 'मोदी का परिवार' हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया खातों पर नाम के आगे लिखा 'मोदी का परिवार' हटा दिया और समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग की चुनावी जीत ने प्रभावी रूप से वह संदेश दिया है, जो उसे देना चाहिए था।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने उन पर आरोप लगाया था कि उनका अपना कोई परिवार नहीं है। प्रधानमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा था कि भारत के लोग उनका परिवार हैं। इसके बाद भाजपा सदस्यों और बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने मार्च में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इसका उपयोग एक अभियान के रूप में किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'मोदी का परिवार' से मुझे बहुत ताकत मिली।

ले. जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे नए सेना प्रमुख

नई दिल्ली। वर्तमान में उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी सेना के नए प्रमुख होंगे। वे 30 जून दोपहर से अगले सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर में सेवाएं दी हैं। सरकार ने 26 मई को थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को एक महीने का सेवा विस्तार दिया था। इस वजह से वह 30 जून तक इस पद पर बने रहेंगे।

काम में जुटी मोदी सरकार, नए मंत्रियों ने संभाला पदभार

नई दिल्ली, एजेंसी

परिवर्तन और निरंतरता का संकेत देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए केंद्र की नई सरकार ने मंगलवार को काम शुरू कर दिया। कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री कार्यभार संभालने के लिए अपने-अपने कार्यालयों में पहुंचे। मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने के एक दिन बाद कई मंत्रियों ने सुबह ही कार्यभार संभाला और अहम फाइलों पर हस्ताक्षर किए। कुछ लोगों ने प्रार्थना के साथ कार्यभार संभाला तो कुछ ने समर्थकों की नारेबाजी के बीच।

राजग 3.0 ने चुनाव परिणामों के

कृषि मंत्री शिवराज चौहान को बधाई देतीं भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज।

एक सप्ताह बाद 'कार्यभार संभाला' जिसमें गठबंधन को 293 सीटों के साथ बहुमत मिला, जो 272 के बहुमत के आंकड़े से अधिक था। भाजपा को हालांकि 240 सीटें मिलीं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा

दायित्व संभालने के साथ किए अहम फाइलों पर हस्ताक्षर

कि 'भारत प्रथम' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। चीन के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि उस देश की सीमा पर कुछ मुद्दे बने हुए हैं और उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कामकाज संभाल लिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाल लिया। इसी मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी कार्यभार संभालने के बाद नड्डा से मुलाकात की। अश्विनी वैष्णव ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण किया। उनके पास रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब से गरीब लोगों की सेवा को अपने जीवन का ध्येय और सरकार का मुख्य उद्देश्य बना लिया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हरदीप सिंह पुरी ने भी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाला। मनसुख मांडविया ने श्रम एवं रोजगार मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी पदभार ग्रहण किया। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र और भारतीय डाक विभाग दोनों को वैश्विक और स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वह संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे। नई महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया।

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

एक नजर

हत्या के मामले में कन्नड़ अभिनेता हिरासत में

बेंगलुरु। प्रमुख कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को कथित हत्या के एक मामले में हिरासत में लिया गया है और पूछताछ जारी है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दर्शन और 13 अन्य लोगों को भी पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है और उनसे रेणुकास्वामी नामक एक व्यक्ति की कथित हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है जिसका शव नौ जून को यहां मिला था। आरोप है कि एक फार्मा कंपनी में काम करने वाले रेणुकास्वामी ने सोशल मीडिया पोस्ट में फिल्म अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा के खिलाफ कुछ अश्लील टिप्पणी की थी।

बंदूक की दुकान पर विस्फोट में दो व्यक्तियों की मौत

उदयपुर। राजस्थान में उदयपुर शहर के सविना थाना क्षेत्र में बंदूक की एक दुकान पर मंगलवार दोपहर में विस्फोट होने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि क्षेत्र में सविना सबसिटी सेंटर में आर्म्स एनिमेशन की दुकान राजेन्द्र देवपुरा एंड कंपनी पर अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट में दुकान का मालिक राजेन्द्र देवपुरा एवं दुकान में काम करने वाला कारीगर की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दुकान के खिडकी एवं दरवाजे टूट गए।

आठ किग्रा हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर सीमा पार से मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और उनके कब्जे से आठ किलोग्राम हेरोइन, एक .30 बोर की पिस्तौल, .30 बोर के 26 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के गांव झंजोटी निवासी गुरसाहिब सिंह, अमृतसर के गांव भकना कलां निवासी साजन सिंह और अमृतसर के कोट खालसा निवासी सतनाम सिंह के रूप में हुई है।

राज्य में नई तबादला नीति को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में 41 प्रस्तावों को दी स्वीकृति

कर्मचारियों को मिलेगा मनचाहा तबादला, रिक्त पदों को भरने की प्राथमिकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, अधिकारियों को दोहरा लाभ दिया है। लोकभवन में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दी गई। सभी मनचाहे स्थानांतरण 30 जून तक हो जाएंगे। नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं, समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का पहले ट्रांसफर किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले लाखों सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ देने का भी फैसला लिया। स्थानांतरण के क्रम में समूह क और ख के अधिकारियों के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। मंगलवार को योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 को मंजूरी दी गई।

प्रयागराज कुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। महाकुंभ की तैयारियों को देखते हुए 2019 की तुलना में 2025 में 3200 हेक्टेयर की जगह 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में मेले का विस्तार किया गया है। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब छह करोड़ लोग स्नान के लिए प्रयागराज आएंगे।

बरेली व गाजियाबाद में निजी विवि को हरी झंडी, पांच के नाम बदले

राज्य सरकार ने पांच विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया है। इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। इनमें महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़, मां शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय बलरामपुर शामिल हैं जिनमें विश्वविद्यालय से पहले राज्य शब्द लगा था। वहीं, उप्र. राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद को अब गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के नाम से जाना जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित होने की जानकारी साझा की। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। दोनों ने सभी मानक पूरे कर लिए हैं।

एक दिन पूर्व भी रिटायर हुए तो वेतन वृद्धि

मंत्रिमंडल ने लाखों सरकारी कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए साफ कर दिया कि 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वालों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। लेकिन अब उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा।

बुंदेलखंड के 26 प्रोजेक्ट को मंजूरी

कैबिनेट ने बुंदेलखंड क्षेत्र की 26 परियोजनाओं को भी स्वीकृति दी। इनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है। इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि दो महीने में सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। आईआईटी कानपुर में स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नालॉजी बनाया जाएगा। राज्य सरकार इसके लिए हर साल 10 करोड़ रुपये देगी। शेष मदद केंद्र से आएगी। नोएडा में भी 500 बेड के अस्पताल को मंजूरी मिली, जिसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट से पारित स्थानांतरण नीति के तहत अगर समूह ग और घ के लिए 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं, समूह क और ख में 20 प्रतिशत से अधिक स्थानांतरण करने की आवश्यकता होगी तो उसकी अनुमति मुख्यमंत्री से लेना जरूरी होगा। बताया कि 8 आकांक्षी जिलों और 34 जिलों के 100 आकांक्षी विकासखंडों में रिक्त पड़े पदों को भरने की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

ओडिशा के नए सीएम होंगे मोहन माझी

भुवनेश्वर, एजेंसी

- केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री का पद

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे तथा केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भाजपा विधायक दल की करीब एक घंटे तक चली बैठक के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के नामों की घोषणा की।

राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में यहां पार्टी विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में माझी के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि माझी के नाम का प्रस्ताव सुरमा पाढ़ी और पृथ्वीराज हरिचंदन ने रखा, जिसका बैठक में मौजूद सभी पार्टी विधायकों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी ने सिंगदेव और परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को यहां जनता मैदान में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

चंद्रबाबू आज लेंगे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ

अमरावती। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू बुधवार को चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और बंडी संजय कुमार के साथ-साथ कई अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। राजग नेताओं के अनुरोध के बाद राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने मंगलवार को नायडू को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

लोस सदस्य बनने के बाद राज्यसभा में 10 सीटें रिक्त

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों के बाद राज्यसभा में 10 सीटें खाली हो गई हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इन्हें अधिसूचित किया है। असम, बिहार और महाराष्ट्र में दो-दो, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में एक-एक रिक्तियां हैं। ये रिक्तियां कामाख्या तासा (असम), सर्बानंद सोनोवाल (असम), मीसा भारती (बिहार), विवेक ठाकुर (बिहार), दीपेंद्र सिंह हुड्डा (हरियाणा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (मप्र), उदयनराजे भोंसले (महाराष्ट्र), पीयूष गोयल (महाराष्ट्र), केसी वेणुगोपाल (राजस्थान) और बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) से जुड़ी हैं।

प्रदेश में बिजली की खपत 29,500 मेगावाट पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भीषण गर्मी में प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग का पिछला रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,500 मेगावाट पर पहुंच गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने भारी मांग को देखते हुए जल्द ही मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना जताई है।

कॉरपोरेशन सूत्रों के अनुसार बीते चार जून को बिजली की अधिकतम मांग 29,344 मेगावाट दर्ज हुई थी, पर मंगलवार को यह रिकॉर्ड टूट गया। मंगलवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,500 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 22,779 मेगावाट रही। सूत्रों का कहना कि गर्मी के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, क्योंकि गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशनर का इस्तेमाल बढ़ गया है। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू करने का प्रयास किया जा रहा है।

फिर टूटा रिकार्ड

- ऐसे ही रहा तो जल्द ही 30 हजार मेगावाट पर पहुंच सकती है मांग

ज्योति विज बनीं फिक्की की महानिदेशक

नई दिल्ली। उद्योग संगठन फिक्की ने आज ज्योति विज को फिक्की के महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की क्योंकि इस पद पर कार्यरत शैलेश पाठक ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। फिक्की ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि विज 1993 में फिक्की में शामिल हुईं, विभिन्न पदों पर काम कर चुकी हैं और वर्तमान में फिक्की की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। फिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह ने कहा कि विज की नई भूमिका में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

'सरकारी परिवार' को मोदी बांट रहे सत्ता की वसीयत

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर किया मोदी पर पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जोरदार जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि उनका परिवारवाद संघर्ष और बलिदान की परंपरा का है लेकिन मोदी सत्ता सुख की वसीयत बांट कर सरकारी परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी का सरकारी परिवारवाद है जहां सत्ता के करीबियों के बच्चों को वह सत्ता की वसीयत का सुख बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे।

कांग्रेस नेता ने राजग के 20 नेताओं के नाम गिनाए जिनमें एचडी कुमार स्वामी, जयंत चौधरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, चिराग पासवान, राम मोहन नायडू, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू, जेपी नड्डा, जितिन प्रसाद, कीर्ति वर्धन सिंह और अनुप्रिया पटेल शामिल हैं।

विवि में दो बार प्रवेश देने की अनुमति होगी : यूजीसी

नई दिल्ली। देश के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिल जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है। यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुमार ने कहा कि ऐसे छात्रों को लाभ होगा, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक जाते हैं।

नीट काउंसलिंग पर रोक से इंकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है, एनटीए दे जवाब : सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र और एनटीए के अलावा बिहार सरकार को भी नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। हालांकि कोर्ट ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह इतना आसान नहीं है कि आपने जो किया है वह सब पाक साफ है। शुचिता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए। पीठ ने हालांकि सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। केंद्र और एनटीए के अलावा पीठ ने बिहार सरकार को भी नोटिस जारी किया। राज्य में परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं।

पीठ ने कहा कि आपको कितना समय चाहिए? अदालत खुलने के तुरंत बाद? नहीं तो काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दाखिल याचिका को लंबित याचिका के साथ संलग्न कर एनटीए को जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत की पीठ में गर्मियों के अवकाश के बाद आठ जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होगी। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी आयोजित करता है।

एनएसजी व आईटीबीपी को वीआईपी सुरक्षा से हटाया जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी

बड़े बदलाव की उम्मीद : महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बलों को सौंपने की तैयारी

नए मंत्रियों के प्रभार संभालने और अत्यधिक जोखिम का सामना कर रहे एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी एवं आईटीबीपी से अन्य अर्द्धसैनिक बलों को हस्तांतरित किए जाने के साथ, केंद्र सरकार की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ा और आमूलचूल बदलाव नजर आने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इस महत्वपूर्ण विषय की समीक्षा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है और विभिन्न राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों तथा कुछ अन्य लोगों को दिया गया सुरक्षा कवर या तो वापस ले लिया जाएगा, घटाया जाएगा या बढ़ा दिया जाएगा।

2012 से बन रही एनएसजी को दायित्व मुक्त करने की योजना

एनएसजी को वीआईपी सुरक्षा कार्यों से मुक्त करने की योजना 2012 से ही बनाई जा रही है, जब एनएसजी कमांडरों ने एक ऐसी स्थिति का अनुमान लगाया था जिसमें देश के विभिन्न स्थानों पर एक ही समय पर आतंकी हमले हो सकते हैं और कमांडो को विभिन्न दिशाओं में भेजना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने एनएसजी को नया रूप देने और इसके कर्मियों का उपयोग अयोध्या में राम मंदिर के निकट और देश के दक्षिणी भाग में स्थित महत्वपूर्ण संपदा के आसपास कुछ अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में कमांडो की 'हमलावर टीम' को तैनात करने का निर्णय लिया है। वीआईपी सुरक्षा से एनएसजी को हटाए जाने पर, दो दशक से अधिक समय बाद 'ब्लैक कैट' कमांडो को इस दायित्व से मुक्त किया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया है कि अति विशिष्टि व्यक्तियों (वीआईपी) की सुरक्षा ड्यूटी से 'ब्लैक कैट' कमांडो को पूरी तरह से हटाने के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को अब लागू किया जाएगा और सभी नौ व्यक्तियों की 'जेड-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा इकाई को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मियों द्वारा कुछ वीआईपी को दी जा रही सुरक्षा सीआरपीएफ या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) को सौंपी जा सकती है। एनएसजी कमांडो के निकट सुरक्षा बल द्वारा सुरक्षा पाने वालों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा सुप्रीमो मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शामिल हैं।

शहर की सीमाओं पर ई बसों के डिपो बनेंगे, 150 और बसें आएंगी

विकास की राह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मंधना में 0.7 एकड़ जमीन मिल गई, रनिया समेत कई जगह तैयारी
- फजलगंज सिटी बस डिपो को भी ई बस डिपो बनाने की कवायद शुरु हुई

अमृत विचार। सीएनजी सिटी बसों के फेल होने के बाद परिवहन अधिकारियों ने पूरा ध्यान ई बसों पर केंद्रित कर दिया है। अब शहर की सीमाओं पर ई बसों के लिए डिपो बनाने की कवायद तेज हो गई है। मंधना में करीब 0.7 एकड़ भूमि ई बसों के लिए मिल चुकी है।

महानगर में अभी 100 ई बसें दौड़ रही हैं, ये बसें एसी हैं, किराया भी बहुत अधिक नहीं है जिससे ज्यादातर ये बसें फुल चल रही हैं। ऐसे में परिवहन अधिकारियों ने ई बसों की संख्या और बढ़ाने की ओर कदम बढ़ा दिया है। मंधना में 0.7 एकड़ जमीन मिल चुकी है जबकि रनिया, घाटमपुर समेत शहर के कई आउट एरिया में ई बसों के डिपो खोलने की योजना तैयार हो चुकी है। ई बसों के एमडी अनिल कुमार, निदेशक डीवी सिंह समेत कई अधिकारी शहर की सीमाओं का सर्वे करके ये देख चुके हैं कि कहां कहां डिपो स्थापित किया जा सकता है। दरअसल ई बसों के लिए शहर की सीमाओं पर डिपो और चार्जिंग प्वाइंट इसलिए जरूरी है क्योंकि यदि बसों को 50 किमी तक दौड़ाया जाएगा तो बसें चार्ज कहां होंगी।

> शहर की सीमाओं पर ई बसों के लिए डिपो और चार्जिंग प्वाइंट बनाने की तैयारी है, क्योंकि जल्द ही 150 ई बसें शहर को और मिलने वाली हैं, मंधना में भूमि मिल गई है जबकि रनिया समेत कई स्थानों पर जमीन का सर्वे हो चुका है या चल रहा है।
>
> **–अनिल कुमार, आरएम कानपुर परिक्षेत्र**

अगले माह से खत्म होने लगेगा सिटी बसों का डिपो

फजलगंज स्थित सीएनजी सिटी बसों का डिपो अगले माह से खत्म होने लगेगा क्योंकि सीएनजी सिटी बसें अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं और अब उनके नीलामी का वक्त आ गया है। सबसे पहले लो फ्लोर बसों की नीलामी होगी, उसके बाद साधारण बसों की। ये प्रक्रिया अप्रैल 2025 तक चलेगी।

फजलगंज डिपो ही बनता बलि का बकरा

जब कभी किसी डिपो या बसों के शिफटिंग का मामला आता है तो फजलगंज डिपो ही बलि का बकरा बनाया जाता है। दो दशक पूर्व फजलगंज बाकायदा रोडवेज का डिपो था, जब सीएनजी चालित सिटी बसें आईं तो रोडवेज का डिपो खत्म कर दिया गया और सीएनजी सिटी बसों के हवाले कर दिया गया। अब जब सीएनजी सिटी बसें अंतिम सांसें गिन रही हैं तो इस डिपो को ई बसों के हवाले किया जा रहा है।

घंटों नहाते रहने से कान के संक्रमण का खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हैलट के ईएनटी विभाग में दर्जनों की संख्या में आ रहे बच्चे और युवा

अमृत विचार। भीषण गर्मी के चलते इस समय बड़ी संख्या में लोग राहत पाने के लिए स्वीमिंग पूल और वॉटर पार्क का रुख कर रहे हैं। लेकिन पूल में मस्ती करना तमाम लोगों को भारी भी पड़ रहा है। स्वीमिंग पूल, वॉटर पार्क या नदी के पानी से कान में संक्रमण की शिकायत बढ़ रही है। इनमें बच्चों और युवाओं की संख्या अधिक है। हैलट अस्पताल के नाक, कान व गला विभाग की ओपीडी में पिछले कुछ समय से वॉटर पार्क या स्वीमिंग पूल में नहाने के बाद कान में संक्रमण या पानी जाने की समस्या लेकर पहुंचने वाले मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। इनमें से अधिकतर लोग कम सुनाई देने की शिकायत कर रहे हैं।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नाक, कान व गला विभाग के प्रो.हरेंद्र कुमार ने बताया कि स्वीमिंग पूल, वॉटर पार्क व नदी में घंटों तक नहाने से पानी नाक, मुंह व कान के माध्यम से शरीर के अंदर प्रवेश करता है। इस कारण कान व नाक की नली में दबाव पड़ता है, जिससे कान संबंधित समस्या होती है। यह नली कान के हवा के दबाव को ठीक रखती है, पानी जाने से यह क्रिया प्रभावित हो जाती है। तब कान में भारीपन, कान बहना, कम सुनाई देना जैसी समस्या होती है। पानी भीतर पहुंचने से कान में पपड़ी यानी फंगल इंफेक्शन जमा हो जाता है, जिससे कम सुनाई देना, खुजली जैसी समस्या होती है। पानी जाने से कान में मौजूद गंदगी फूल जाती है। कान के बाहरी हिस्से में भी इंफेक्शन हो जाता है, इसकी वजह से कान में दर्द या फिर कई बार कान बहने की शिकायत समस्या होती है। ऐसे तमाम मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आ रहे हैं।

मुख्य लक्षण

- कम सुनाई देना
- भारीपन महसूस होना
- दर्द या चक्कर आना
- कान का बहना
- पपड़ी जमना व खुजली होना

इन बातों का रखें ध्यान

- तलाब व नदी में नहाते समय कान में कॉटन लगाए।
- स्वीमिंग करते समय ईयर प्लग का इस्तेमाल करें।
- कान में पानी जाने पर तुरंत सफाई करें।
- बिना डॉक्टर की सलाह कोई भी ड्रॉप न ले।
- दो से तीन दिन दर्द होने पर डॉक्टर से संपर्क करें।

कान की बीमारी से पीड़ित बरतें सावधानी

जिन रोगियों को कान की पुरानी बीमारी है। उनको खास तौर पर स्वीमिंग पूल, वॉटर पार्क या नदी में घंटों नहाने से बचना चाहिए। पानी कान में जाने की वजह से समस्या दोबारा से बढ़कर गंभीर बन सकती है। ऐसा करने से कान के पर्दे के पीछे व आगे दोनों तरफ पानी से संक्रमण हो सकता है।

–प्रो .हरेंद्र कुमार, मेडिकल कॉलेज

अब नहीं जाना पड़ेगा थाने घर बैठे कराएं एफआईआर

प्रथम चरण में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को दी जाएगी यह सुविधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शासन के निर्देश पर कानपुर पुलिस कमिश्नरेट ने एक सर्कुलर जारी किया है जिसमें प्रथम चरण में वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन घर बैठे एफआईआर दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उनको अब थाने के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। शासन ने इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अभी बीट पुलिस ऑफिसर और डॉयल 112 के पुलिस कर्मियों को सौंपी है, वही जांच कर एफआईआर दर्ज करेंगे। कमिश्नरेट के अफसरों के अनुसार अभी प्रथम चरण में वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांजनों को सुविधा मिलेगी इसके बाद धीरे-धीरे सभी लोग इसका लाभ उठा पाएंगे। ये प्रक्रिया 7 जून से शुरू होनी थी, लेकिन कुछ तकनीकी के कारण रुक गई थी। अब दो चार दिन में शुरू कर दी जाएगी।

घटनास्थल पर ही जांच कर पीड़ित को दे दी जाएगी एफआईआर

- कमिश्नरेट के किसी भी थानाक्षेत्र में कोई भी घटना होने के बाद सूचना पर सबसे पहले घटनास्थल पर बीट पुलिस अधिकारी या फिर डायल 112 के सिपाही पहुंचेंगे। वह मौके पर पहुंचकर वहां की स्थिति को संबंधित अधिकारी को जानकारी देंगे। अगर घटना में कोई घायल है तो एंबुलेंस से उसे अस्पताल भेजा जाएगा। इसके बाद बीपीओ या फिर डायल 112 के पुलिसकर्मी दोनों पक्षों और आसपास के लोगों से घटना की जानकारी लेंगे। मौके पर बयान दर्ज होने के बाद पक्षों से दी गई तहरीर को थाना प्रभारी को भेजेंगे। जहां से उनके मोबाइल पर ऑनलाइन फार्मेट मिल जाएगा। इस ऑनलाइन फार्मेट में थाने से ही धाराएं लिखकर आएंगी। कुछ ही मिनटों में ही पीड़ित को एफआईआर उनके मोबाइल पर दे दी जाएगी।

सिस्टम की मॉनीटरिंग होगी, विवेचक बयान दर्ज करेगा

- घटना की एफआईआर दर्ज होने के बाद इसकी मॉनीटरिंग भी की जाएगी। बयान देने के लिए वरिष्ठ नागरिक पक्ष और दिव्यांग पक्ष के लोगों को थाने चौकी या विवेचक के पास नहीं जाना पड़ेगा। विवेचक उनसे फोन पर बात कर उनके बताए समयानुसार ही बयान दर्ज करने आएगा। शुरुआत में लड़ाई, झगड़ा, मारपीट, गालीगलौज, लाठी–डंडे से मारपीट, गुमशुदगी, वाहन चोरी समेत दो दर्जन से ज्यादा धाराएं इस फार्मेट में फीड की गई हैं। अधिकारियों के अनुसार बड़े अपराध जैसे– हत्या, डकैती, दुष्कर्म, हत्या का प्रयास, लूट, टप्पेबाजी और फ्रॉड अभी इस सिस्टम में शामिल नहीं किए गए हैं। बताया कि इन बड़े अपराधों की एफआईआर दर्ज होने पर थाने जाना पड़ेगा।

> शासन के निर्देश पर घर बैठे वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए एफआईआर दर्ज की जाएगी। ये जिम्मेदारी बीपीओ और डायल 112 के पुलिसकर्मियों को सौंपी गई है। जल्द इसका लाभ सभी को मिलने लगेगा।
>
> **–अखिल कुमार, पुलिस कमिश्नर**

मंशा के अनुरूप चला तो पुलिस को मिलेगी मदद

- शासन के निर्देश पर कमिश्नरेट ने ये व्यवस्था शुरू की है। यदि ये सफल रहा तो पुलिस का चार्जशीट और फाइनल रिपोर्ट में काफी समय बच जाएगा। दरअसल घटनास्थल पर पहले पहुंचने वाले बीपीओ या पीआरवी कर्मियों की जानकारी में घटना की असलियत की जानकारी होगी।

बस्तियों में नहीं हो रही सफाई, रोग की आशंका

कानपुर। नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में मंगलवार को बोर्ड समिति के सदस्यों व मलिन बस्तियों के प्रभारियों की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि जिले में 425 घोषित व अघोषित मलिन बस्तियों की स्थिति भयावह होती जा रही है, चिकित्सा स्वास्थ्य का भीषण अभाव है।

डूड़ा द्वारा संचालित स्वास्थ्य केंद्र बंद होने से मलिन बस्तियों में महिलाएं व बच्चे टीकाकरण से वंचित हैं। 144 मलिन बस्तियों में नियमित सफाई नहीं हो रही है, जिसकी वजह से संक्रामक रोगों का खतरा फैलने की प्रबल आशंका है। गंदगी, पेयजल का अभाव और मलिन बस्तियों के सुखे हैंडपंपों का आकलन कर लिया गया है। इसकी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजी जाएगी। इस मौके पर सपा वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह मिंटू यादव, प्रदेश सचिव केके शुक्ला, जिला महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जायसवाल, हाजी अयूब आलम, इशरत इराकी, आकाश यादव, आसिफ कादरी, वरुण जायसवाल आदि मौजूद रहे।

महापौर योद्धा गैंग खत्म किया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। महापौर योद्धा गैंग को तत्काल रूप से समाप्त कर दिया गया है। योद्धा गैंग में शामिल 110 सफाई कर्मचारी अब जोन की सफाई में हांथ बटाएंगे। महापौर प्रमिला पांडेय के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों को जोनलों से संबद्ध करने संबंधी पत्र जारी कर दिया है। वहीं, मंगलवार को महापौर ने जलकल मुख्यालय में लीकेज, पेयजल कनेक्शन, खुले मेनहोल के समंध में अधिकारियों के साथ बैठक की, और समस्याओं को तत्काल दूर करने के निर्देश जारी कर दिये।

बेनाझाबर में हुई बैठक में महापौर ने क्षतिग्रस्त मेनहोलों के सम्बन्ध में सवाल पूछा तो महाप्रबन्धक जलकल ने आनन्द कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य मार्गों पर कोई मेनहोल खुला हुआ नहीं है। दो माह में एक हजार मेनहोल के ढक्कन मरम्मत कराये गये हैं। महापौर ने लाल इमली के पास 2 मेनहोल के ढक्कन खुले होने के बारे पूछा तो महाप्रबन्धक ने कहा कि बीएसएनएल एवं कई प्राईवेट कम्पनियों के भी ढक्कन लगे हैं, 70 किलोमीटर मुख्य मार्गों की बड़ी सीवर लाइन का सुपर शॉकर मशीन से सफाई के लिए निविदा जारी कर दी गयी है।

जलकल मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय।

- महापौर ने सीवर चैंबर सफाई को लेकर जलकल विभाग के साथ की बैठक
- लीकेज, पेयजल कनेक्शन समेत कई समस्याओं को दूर करने के दिये निर्देश

मेट्रो के कार्य के बाद जनता झेलती है दर्द

- महापौर ने कहा कि मेट्रो कॉरिडोर दो के तहत सीवर व पेयजल लाइनें स्थानांतरित की गई उन्हें चेक करा लें। महाप्रबन्धकने बताया कि 36 स्थानों पर लीकेज ठीक कराया गया है, जिसकी डिजीटल सूची बनी हुई है। अधिशाषी अभियन्ता जोन–1 फरहत हुसैन ने बताया कि जोन–1 में 6 स्थानों पर सीवर लाइन मरम्मत कराया गया है।

अकेले मोटर साइकिल से जाएं और धुलाई सेंटर देखें

- महापौर ने कहा किरा वाहन धुलाई सेन्टरों को पूर्ण रूप से बंद कराया जाये। महाप्रबन्धक ने कहा कि बाहर लगे सबमर्सिबलों को बन्द कराया गया है, कई लोग घर के अन्दर लगे पम्पों से धुलाई करा रहे हैं। महापौर ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु तक कोई सेंटर न चले। अभियंता अकेले मोटर साइकिल से जाएं और धुलाई सेंटर देखें।

ई-रिक्शा सवार शातिर ने बुजुर्ग से 30 हजार लूटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बैंक से पैसे निकाल कर लौट रहे थे बुजुर्ग, आरोपी को पकड़ने के दौरान गिरे

अमृत विचार। ई-रिक्शा सवार लुटेरे ने बर्रा थानाक्षेत्र में बैंक से पैसे निकाल कर घर जा रहे रिटायर्ड जल संस्थानकर्मी के 30 हजार रुपये छीन लिए। बुजुर्ग ने लुटेरे को पकड़ने का प्रयास किया तो धक्का देकर बाइक सावर साथी संग फरार हो गया। पीड़ित ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

बर्रा विश्वबैंक के ब्लॉक निवासी ईश्वरदीन पाल (61) जल संस्थान में ऑपरेटर के पद से रिटायर हैं। उन्होंने बताया कि बीते सोमवार को वह बेनाझाबर स्थित पंजाब नेशनल बैंक से 30 हजार रुपये निकालने गए थे। बताया कि घर वापसी के दौरान वह बर्रा बाईपास से ई-रिक्शे में बैठे, इसी दौरान पीछे से एक युवक आकर उनके बगल में बैठ गया। ई-रिक्शा कर्रही स्थित लुधियाना गारमेंटस के पास पहुंचा ही था, तभी शातिर ने उनकी जेब काट कर पैसे पार कर लिए। घटना को अंजाम देने के बाद वह ई-रिक्शे से उतरने लगा तभी ईश्वरदीन ने जेब कटी देख शातिर को रोकने का प्रयास किया तो लुटेरे ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया।

परशुराम वाटिका का कूड़ाघर बनाया गया पीटीसीएस

कानपुर। नगर आयुक्त ने जोन-4 परशुराम वाटिका के बगल में स्थित कूड़ेघर का निरीक्षण किया। डिपो इंचार्ज रहमान ने बताया कि यह कूड़ाघर काफी पुराना था, जिसे हटाकर पीटीसीएस (पोर्टेबुल काम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन) का निर्माण किया गया है। अब यहां पर कूड़ा हाथ गाड़ी से सीधे काम्पैक्टर से अटैच डस्टबिन में गिरेगा। जिसके बाद डस्टबिन से कूड़ा सीधे काम्पैक्टर गाड़ी के अन्दर चला जायेगा। कूड़ा किसी भी दशा में सड़क पर नही गिरेगा। नगर आयुक्त ने निर्देश दिये कि यहां बने पुराने कूड़ाघर को सुदृढ करते हुए वार्ड कार्यालय बनायें। बाउण्ड्रीवाल पर चित्रकारी की जाये।

भाई ने पार किया लाखों का माल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक दिन पहले ही घर आया था मुंहबोला भाई
- वरुण विहार थानाक्षेत्र का मामला, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार। गुजैनी थानाक्षेत्र में डॉक्टर को दिखाने गए दंपति के घर से मुंहबोले भाई ने नकदी समेत लाखों के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित ने गुजैनी थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

मूलरूप से मुथरा, खैंचरी गांव निवासी लोडर चालक मथुरा यादव पत्नी कमलेश व बेटी रंजना के साथ वरुण विहार में रहते हैं। बेटा नरेंद्र व बहू मुस्कान गांव में ही रहते हैं। कमलेश के मुताबिक बीते 8 जून को उनकी देवरानी सावित्री का भाई आगरा के गहरा कलां गांव निवासी अर्जुन चौधरी घर आकर रुका था। 9 जून को वह अर्जुन के लिए खीर पूड़ी बना कर डॉक्टर के पास जाने के लिए पति के साथ घर से निकली थीं। बेटी रंजना को बर्रा आठ निवासी उसकी दादी के घर छोड़ दिया था। शाम करीब 4 बजे घर लौटीं तो देखा कि घर का सामान पूरी तरह से अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। अलमारी में उनका व बहू का करीब 3 लाख रुपये का जेवरात व 1.5 लाख नकदी रखी हुई थी, जो गायब मिली। काफी देर तक तलाश करने के बाद भी अर्जुन का कोई पता नहीं चला। सूचना पर मौके पर पहुंची गुजैनी पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

अलमारी से चोरी की जानकारी देती कमलेश। अमृत विचार

घायल बेटे से बात कर मां के आये आंसू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर प्रमिला पांडेय पहुंची घायल युवक के घर
- आतंकवादी हमले में घायल है शहर का युवक

अमृत विचार। रविवार को जम्मू के रियासी में हुए आतंकवादी हमले में घायल जवाहर नगर के युवक की घर पर मौजूद बूढ़ी मां और भाई से बात हुई। बात करके मां के आंखों में आंसू आ गए। देर शाम महापौर प्रमिला पांडेय घर पहुंची और ढांढस बंधाया।

जवाहर नगर शांति निकेतन टूटी रेलवे लाइन निवासी दिनेश कुमार गुप्ता 4 जून को बहन-बहनोई व उनके बच्चों संग वैष्णों देवी के दर्शन को गया था। रविवार को वह शिवखोड़ी के दर्शन कर बस से वापस लौट रहा था। इसी दौरान रियासी में आतंकवादियों ने बस पर गोली बार कर दी थी। जिसमें दिनेश घायल है। जम्मू के जिस अस्पताल में दिनेश भर्ती है वहां से दिनेश के घर फोन आया था। बातचीत में दिनेश ने बताया कि एक गोली उसके पैर में धंस गई। पत्थर से सिर लड़ने से गंभीर चोट आई है। उसकी आंख भी नहीं खुल रही है। वहां उसे बेहतर इलाज के साथ दवा और भोजन भी मिल रहा है। युवक ने बताया कि उसका सोमवार को पैर का ऑपरेशन किया गया है। उसकी तबीयत ठीक है। घायल दिनेश की बूढ़ी मां निर्मला देवी बेटे के पास जाने की जिद लगाए हैं।

हमारी सुनो सपा एमएलए अमिताभ बाजपेयी और हसन रूमी ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

बहुत काम कराने हैं, समस्याओं को दूर कीजिए बस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विधायकों ने पेयजल समस्या पर उठाए सवाल, जलकल जीएम को गिनाईं समस्याएं

अमृत विचार। आज जनता की समस्याओं की सूची लेकर आपके पास आए हैं। पेयजल संकट से लोग परेशान हैं। टंकी तक पानी नहीं पहुंचता है। लीकेज की वजह से क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहती है। लीकेज के डर से कई लाइनों को शुरू नहीं किया गया। ऐसे में जो लाइनें पड़ीं उनका कोई काम नहीं बचा है। बहुत काम कराने हैं, समस्याओं को दूर करिये बस। यह बात मंगलवार को नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन से मिलने पहुंचे सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी और मो. हसन रूमी ने कही। दोनों ही विधायकों ने अपनी-अपनी विधानसभाओं की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को अलग-अलग ज्ञापन दिया और समस्याओं को दूर करने के लिये कहा।

विधायक अमिताभ बाजपेयी कैंट से सपा विधायक हसन रूमी और सपा के कई पार्षद दोपहर ढाई बजे पहुंचे। सबसे पहले जलकल जीएम एके त्रिपाठी से कहा कि गर्मी का समय है और क्षेत्रों में पानी की समस्या है। हसन रूमी ने कहा कि कैंट क्षेत्र में भी कई जगह समस्या है। अमिताभ ने धनकुट्टी अस्पताल की एनओसी, सामुदायिक केंद्र बारात शाला हरबंस मोहाल को शुरू कराने, महोत्सव पंडाल को शुरू कराने, झकरकटी पानी की टंकी, फीलखाना पानी की टंकी एवं गंगा बैराज से जोड़ने, मालवीय पार्क के लीकेज को बनाने, कलक्टरगंज बाजार का मुद्दा, नाला सफाई की समीक्षा, आवारा जानवर और कुत्तों की समस्या, नानाराव पार्क में गार्डों द्वारा मॉर्निंग वाकर एवं महिलाओं से हो रही अभद्रता, स्विमिंग पूल की दर में अवैधानिक बढ़ोत्तरी, गोल चौराहे पर अतिक्रमण मुक्ति के बाद स्थायी कब्जे को लेकर ज्ञापन दिया। कैंट विधायक ने भी समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया।

नगर आयुक्त कार्यालय में विधायक अमिताभ, हसन रूमी और कार्यकर्ता।

केस्को, जलकल, जलनिगम की होगी बैठक

अमिताभ बाजपेयी ने कहा कि डीएम से बातचीत कर केस्को, जलकल, जलनिगम की संयुक्त बैठक बुलाने की मांग करेंगे। ताकि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सके। इस दौरान नीरज सिंह एवं पार्षद मो. सारिया, सुशील तिवारी, रजत बाजपेई, फैजान रहमान, मो. अली, पार्षद लियाकत अली, इशरत अली, आलोक यादव, फकर इकबाल, मो मेराज, आकाश यादव आदि रहे।

चकेरी में युवक से मोबाइल लूट

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में लुटेरे ने एक युवक से झपट्टा मारकर मोबाइल लूटा और भाग निकला। पीड़ित ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अहिरवां निवासी रामधनी के अनुसार 15 मई को वह भोपाल से ट्रेन से कानपुर सेंट्रल आए। फिर वहां से रामादेवी चौराहे जाने के लिए टेंपों में बैठे।

चौराहे पर उतरने के बाद अहिरवां जाने के लिए वे ई रिक्शे में बैठे। तभी पटेल नगर के पास बाइक सवार एक युवक उनके हाथ से झपट्टा मारकर मोबाइल लूटकर भाग निकला। इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी अनिल पांडेय ने बताया कि लूट का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मेरे बैंक आफ बडौदा खाते में मेरा नाम वीरेन्द्र कुमार दर्ज है। जबकि मेरे पैनकार्ड, आधार कार्ड में बीरेन्द्र कुमार राजपूत दर्ज है। जो दोनों नाम मेरे ही है अन्य किसी भी व्यक्ति के नहीं हैं। मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है।
– बीरेन्द्र कुमार राजपूत पुत्र जसीराम, निवासी–सिकंदरपुरा, राठ (हमीरपुर) उप्र

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पिता साहित्य भूषण सिंह पुत्र स्वर्गीय गिरजा कुमार सिंह, निवासी– ग्राम सिकटिया, पोस्ट–लंगडी कुशीनगर के निवासी थे, उनकी मृत्यु दिनांक 22– 01–2016 को हो गयी है तथा मेरी माता सारदा देवी पत्नी साहित्य भूषण सिंह की भी मृत्यु 02–06– 2016 को हो गयी है यदि इस मृत्यु तिथि पर किसी को आपत्ति है तो 15 दिन के अंदर रजिस्टार जन्ममृत्यु सिकटिया के यहां आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मृत्यु को सही मानते हुए अग्रिम कार्रवाई करें। – अनिल सिंह पुत्र साहित्यभूषण सिंह, ग्राम सिकटिया, मोतीचक, कुशीनगर

आवश्यकता है

सरस्वती इण्टर कालेज मोतीझील इटावा में

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान कानपुर प्रान्त से सम्बद्ध

1– प्रशिक्षित प्रवक्ता भौतिक विज्ञान– (योग्यता– B-Tech/M.Sc/B.ed)

2– प्रशिक्षित स्नातक (योग्यता– किसी एक वर्ग से स्नातक साथ में Computer / संगीत में दक्ष को वरीयता) आवेदन करने की अन्तिम तिथि– 29 जून 2024, साक्षात्कार–––01 जुलाई 2024 सुबह 09: 00 बजे से C.B.S.E बोर्ड से शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियो के लिए वरीयता

प्रधानाचार्य
मोबा–9305446767
प्रबन्धक
सरस्वती इण्टर कालेज
मोतीझील इटावा,
पिन–कोड–206001

आज का मौसम

तेज धूप रहेगी उमस के बीच हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं।

44.0° अधिकतम तापमान | 32.4° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 : 02

शहर में आज

- **प्रदर्शन :** जरीब चौकी महाराणा प्रताप चौक में बजरंग दल का विरोध प्रदर्शन शाम चार बजे।
- **पुतला दहन :** विश्व हिंदू परिषद द्वारा आतंकवाद का पुतल दहन और प्रदर्शन शाम चार बजे।
- **ज्ञापन :** झंडे वाला चौराहा परमपुरवा पुलिस चौकी के पास प्रदर्शन व ज्ञापन शाम साढ़े चार बजे।
- **पुतला दहन :** व्यापार मंडल व वैश्य महासंगठन द्वारा आरबीआई के सामने पुतला दहन शाम चार बजे।

आईआईटी में खुलेगा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आईआईटी कानपुर प्रशासन ने परिसर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल एवं स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलोजी सेंटर खोलने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा था। मंगलवार को यूपी कैबिनेट में आईआईटी में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गई। अब आईआईटी न सिर्फ मेडिकल स्कूल की मेजबानी करने वाला पहला प्रौद्योगिकी संस्थान बनेगा बल्कि चिकित्सा अनुसंधान में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। संस्थान में साल 2026 तक 500 बिस्तर वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी (एसएमआरटी) की स्थापना करने की कवायद चल रही है। आईआईटी परिसर में स्थापित होने वाले एसएमआरटी में आंकोलॉजी, कार्डियोलॉजी, काडियोवस्कुलर व थोरेसिक सर्जरी, न्यूरोसर्जरी गैस्ट्रोएंट्रोलाजी, नेफ्रोलाजी यूरोलाजी व न्यूरोलाजी के सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। इसकी मदद से मेडिकल क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कर नई तकनीक की खोज से चिकित्सकों को उपचार करने में मदद मिलेगी। इससे लोगों को बेहतर इलाज की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी और मेडिकल क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। तकनीकी के बेहतर प्रयोग से जटिल बीमारियों का उपचार आसानी से किया जा सकेगा। बेहतर तकनीक की मदद से इलाज भी सस्ता होगा। प्रदेश सरकार इस मद में 750 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

41 लाख रुपये पूर्व छात्र ने दिए

500 बिस्तर का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

- संस्थान के भेजे गए प्रस्ताव को यूपी कैबिनेट ने प्रदान की मंजूरी
- दो साल में तैयार होगा स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर
- 2026 तक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना होगी
- चिकित्सा शोध व अनुसंधान में तकनीकी नवाचार को मिलेगा बढ़ावा

02 साल में बन जाएगा अस्पताल

750 करोड़ रुपये खर्च करेगी सरकार

पूर्व छात्रों ने दिया है सहयोग

- संस्थान में 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल व एसएमआरटी के संचालन के लिए आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्रों ने धनराशि दी है। कानपुर से जुड़े एक पूर्व छात्र ने 41 लाख रुपये की राशि दान की है। संस्थान परिसर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल व एचएमआरटी की आधारशिला तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थिति में रखी गई थी।

"आईआईटी में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी (एसएमआरटी) खोलने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा गया था। जिसे यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। सरकार के साथ मिलकर आगे भी कई प्रोजेक्ट पर काम किया जाएगा।

– प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल, निदेशक आईआईटी कानपुर

पारा 44 पर पहुंचा तप रहा शहर

कानपुर । मंगलवार को लू के थपेड़ों एवं तपिश के चलते पारा 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। आने वाले दिनों में हाई क्लाउड्स के बाद भी तापमान में कोई कमी होने के आसार नहीं है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि लू के थपेड़े औसतन 6.7 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चले हैं। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 4.3 डिग्री ऊपर चढ़कर 32.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं। दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

रिंग रोड-लखनऊ एक्सप्रेस वे के आसपास बसेगा नया शहर

मास्टर प्लान-2031 से बदलेगी तस्वीर, आएंगी आवासीय और व्यावसायिक योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मास्टर प्लान-2031 से शहर की तस्वीर बदल जाएगी। कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) ने आउटर रिंग रोड और कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के आसपास ने नया शहर बसाने की तैयारी की है। यहां आवासीय और व्यावसायिक योजनाएं लांच की जाएंगी, जिनका लाभ लोगों को मिलेगा। सीमा क्षेत्र विस्तार के तहत केडीए 386 गांवों को पहले ही अपनी सीमा में शामिल कर चुका है। अब इन गांवों में नया शहर बसाने के लिए लैंड बैंक तैयार करने की खातिर सर्वे किया जा रहा है। माना जा रहा है कि शुक्रवार को होने वाली केडीए की 140वीं बोर्ड बैठक में मास्टर प्लान -2031 को अंतिम रूप देने के संबंध में चर्चा होगी।

मास्टर प्लान-2031 को शहर में 55 लाख आबादी की आवश्यकताओं को देखकर बनाया गया है। पहली बार मास्टर प्लान तैयार करने में सभी संबंधित विभागों की मदद ली गई है। केडीए उपाध्यक्ष और अधिकारी अब इसे अंतिम रूप देने की तैयारी में लगे हैं। मास्टर प्लान -2031 में कुल 58,078 हेक्टेयर जमीन समाहित होगी। इसमें 386 गांव शामिल होंगे। रुद्र अभिषेक इंटरप्राइजेज ने मास्टर प्लान तैयार किया है। इस प्लान को लेकर आई आपत्तियां भी सुलझा ली गई हैं। अधिकारियों के अनुसार मास्टर प्लान पूरी तरह ऑनलाइन होगा, जिसे आसानी से लोग समझ सकेंगे। केडीए न्यू कानपुर सिटी और बिनगवां आवासीय योजना के लिए भूमि-अधिग्रहण कर रहा है। काश्तकारों को सर्किल रेट से चार गुना पैसा देकर भूमि अधिग्रहीत की जा रही है।

386 गांवों को केडीए अपनी सीमा में पहले ही कर चुका शामिल, अब हो रहा लैंड बैंक का सर्वे

मास्टर प्लान में भू-उपयोग (हेक्टेयर में)

आवासीय	21269.37
व्यावसायिक	1686.52
औघोगिक क्षेत्र	5145.20
ट्रैफिक व ट्रांसपोर्ट	7406.59
कार्यालय के लिए	277.40
कम्युनिटी फैसिलिटी	4762.85
पार्क व खुले मैदान	10970.92
अन्य कार्य	6559.53
कुल भूमि	58078.38

इन कामों पर रहेगा फोकस

- पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुधार
- सुगम यातायात
- प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण
- पार्किंग और वेंडिंग जोन
- ग्रीन क्षेत्र का विकास
- पार्कों का सौंदर्यीकरण

केडीए बोर्ड की शुक्रवार को होने वाली 140 वीं बैठक में लिए जा सकते कई महत्वपूर्ण निर्णय

नक्शा स्वीकृत कराने के नियम बनाए जाएंगे कड़े

कानपुर। केडीए बोर्ड की 140वीं बैठक में नक्शा, बजट, 25 फीसदी भुगतान पर कब्जा, रेट फ्रीज संबधी प्रस्तावों पर भी चर्चा होगी। केडीए अधिकारियों के अनुसार नक्शा स्वीकृत कराने के लिए किए गए आवेदन में किसी भी प्रकार के दस्तावेज की मांग को 15 दिन में पूरा करना होगा। ऐसा नहीं करने पर आवेदन स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा। इसके अलावा मानचित्र स्वीकृति के बाद डिमांड शुल्क के लिए भी 30 दिन की अवधि तय की गई है। तय समय पर शुल्क जमा नहीं करने पर नक्शा निरस्त कर दिया जाएगा।

इन कामों के लिए बढ़ेंगे कदम

गंगा बैराज पर थीम लाइटिंग, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग थीम पार्क शुरू करना, भौंती हाई वे पर होटल एवं कामर्शियल प्लाजा, न्यू कानपुर सिटी में नॉलेज सिटी पार्क की स्थापना, चकेरी में न्यू बिजनेस सिटी, रूमा में इंडस्ट्रियल हब, बिठूर में पर्यटन संबंधी योजनाएं।

डीआईओएस आफिस में छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

डीआईओएस दफ्तर पर छापा, बाबू गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में अब तक आठ की गिरफ्तारी

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षक भर्ती घोटाले में शामिल दो बाबुओं की तलाश में मंगलवार को कर्नलगंज पुलिस ने डीआईओएस दफ्तर में छापेमारी की। इस दौरान एक बाबू को गिरफ्तार कर लिया गया है। लेकिन पुलिस ने कुछ भी बताने से साफ इन्कार कर दिया। पुलिस इस घोटाले में मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले में डीआईओएस दफ्तर में तैनात कर्मचारियों की भी भूमिका अहम थी। डीआईओएस दफ्तर में तैनात दो लिपिकों के खिलाफ पुलिस को पर्याप्त सबूत मिले हैं। जिसके बाद उसमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस प्रकरण में अब तक पुलिस आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

ये है मामला

- अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) की फर्जी ईमेल बनाकर डीआईओएस कानपुर को फर्जी शिक्षकों की भर्ती के लिए नाम का पैनल भेजा गया था। इसी ई-मेल को आधार बनाकर डीआईओएस दफ्तर ने अलग-अलग इंटर कॉलेजों में 9 शिक्षकों की नियुक्ति करा दी थी। इसी पैनल में गोविंद नगर स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज में रिक्षा पांडेय की नियुक्ति की गई थी। तत्कालीन प्रिंसिपल और रिक्षा पांडेय एक ही विषय की थीं। मैनेजमेंट ने नियुक्ति करा दी, लेकिन प्रिंसिपल ने संदेह होने पर मामले का वेरिफिकेशन करने को भेज दिया तो मामला खुलकर सामने आ गया था।

एक नजर

तीसरी मंजिल से गिरा युवक, मौत

कानपुर। नौबस्ता थानाक्षेत्र के यशोदा नगर के रहने वाला 35 वर्षीय मुकेश शटरिंग का काम करता था। वह फतेहपुर में काम कर रहा था, इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह तीसरी मंजिल से गिर गया। अन्य कर्मचारियों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

समिति अध्यक्ष ने रक्त देकर बचाई जान

कानपुर। संकल्प सेवा समिति समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करती है। समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने बताया कि एक अनजान नंबर से कॉल आयी और बताया कि ग्लोबस हॉस्पिटल में भर्ती मरीज का ऑपरेशन होना है, लेकिन जो ब्लड ग्रुप मरीज को चाहिए वह नहीं मिल रहा है। इत्तेफाक से अध्यक्ष संतोष सिंह का ब्लड ग्रुप भी वही था जो मरीज को चाहिए था। संतोष ब्लड बैंक पहुंचे और उन्होंने रक्तदान किया। संतोष सिंह चौहान ने बताया कि रक्तदान बहुत कम होता है।

पनकी पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र में शांतिभंग के आरोपी पीयूष शर्मा, वैभव गुप्ता, नीरज कुमार कन्नौजिया व रावेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

लैब अधूरी, आईटीआई ने नहीं ली मान्यता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। टाटा टेक्नोलॉजी आईटीआई को अपग्रेड करने के लिए सहयोग कर रही है। इसी कड़ी में कानपुर आईटीआई में अत्याधुनिक पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण 15 जून से प्रस्तावित था। लेकिन यह प्रवेश प्रक्रिया लटक गई है। क्योंकि संस्थान ने पाठ्यक्रमों की मान्यता ही नहीं ली है। अब अगले माह ही प्रशिक्षण सत्र शुरू होना संभव हो सकेगा।

टाटा के सहयोग से आईटीआई में अत्याधुनिक लैब तैयार हो रही है। लैब का निरीक्षण कर कार्यवाहक प्रधानाचार्य मयंक मिश्रा ने बताया कि लैब अभी संस्थान को हैंडओवर नहीं हो पाई है। बिजली की लाइन डाली जानी है। लैब जैसे ही हैंडओवर हो जाएगी, संस्थान में शुरू होने वाले अल्पकालिक पाठ्यक्रमों की मान्यता लेने के साथ ही एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। सूत्रों की माने तो कानपुर मंडल में पांडुनगर, घाटमपुर, अकबरपुर एवं रसूलाबाद ही नहीं अजीतमल, बिधूना, इटावा, जसवंत नगर, फर्रुखाबाद, अमृतपुर, कन्नौज, छिबरामऊ स्थित आईटीआई की भी यही स्थिति है। आईटीआई कानपुर में दो अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित होने हैं। आवेदन जमा होने की अंतिम तिथि 29 फरवरी थी। तमाम आवेदन भी आ चुके हैं। इस संबंध में कौशल विकास अल्पकालिक पाठ्यक्रम के प्रभारी हिमांशु तिवारी ने बताया कि पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर सीटें फुल की जाएंगी। एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद जुलाई में पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

आईटीआई में लैब का निरीक्षण करते कार्यवाहक प्रधानाचार्य मयंक मिश्रा।

धोखाधड़ी से आहत रिटा. शिक्षक ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेटे ने बुआ और फुफेरे भाई पर धोखाधड़ी का लगाया आरोप

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में मेजर के सेवानिवृत्त शिक्षक पिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटे ने बुआ और फुफेरे भाई पर रुपयों की धोखाधड़ी और टार्चर करने का आरोप लगाया।

कोयला नगर निवासी रामप्रकाश द्विवेदी (62) केंद्रीय विद्यालय छावनी में शिक्षक थे और फिर उड़ीसा से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका बड़ा बेटा संकल्प द्विवेदी सेना में मेजर के पद पर सागर में तैनात है। छोटा बेटा उत्कर्ष द्विवेदी बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। बेटे उत्कर्ष ने बताया कि पिता ने मां केतकी को वर्ष 2013 में छोड़ दिया था। इसके बाद पिता को उनकी बहन और उनका बेटा अपने साथ घर श्याम नगर ले गए थे। आरोप लगाया कि यहां साथ में रखकर पिता का धीरे-धीरे विश्वास जीतकर खाते से दोनों रुपये निकालते रहे। उन दोनों ने बाबा के निधन के बाद मामा का विश्वास जीतकर उनके भी खाते से रुपये निकाले।

हाल ही में पिता ने खाते चेक किए तो पता चला कि डेढ़ करोड़ रुपये गायब हैं। इसके बाद वह दादी के पास चले गए थे।

यहां परेशान पिता ने सोमवार रात फांसी लगा ली। बेटे ने बुआ और उनके बेटे को पिता की मौत का जिम्मेदार ठहराया है। इस संबंध में कोयला नगर चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

कमरे में कुर्सी पर मिला वृद्धा का शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नवाबगंज थानाक्षेत्र में एक बंद मकान में वृद्धा का चार दिन पुराना शव मिलने से सनसनी फैल गई। वृद्धा के घर के सामने रहने वाले रिश्तेदारों ने उन्हें कई दिन से नहीं देखा तो शक हुआ। जिसके बाद परिवार का एक व्यक्ति वहां गया। जहां से कमरे के अंदर से दुर्गंध आ रही थी। पुलिस और फोरेंसिक ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर कुर्सी पर वृद्ध का शव मिला।

विष्णुपुरी निवासी 65 वर्षीय कामिनी गुप्ता उर्फ रानी घर पर अकेले रहती थीं। पड़ोसी तनुजा जायसवाल ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि रानी गुप्ता का दरवाजा कई दिनों से नहीं खुला है। मंगलवार को वहां गईं तो कमरे के अंदर से बदबू आ रही थी। इससे अनहोनी की आशंका है। सूचना पर पहुंची नवाबगंज पुलिस दरवाजे को तोड़कर अंदर पहुंची तो देखा कि कमरे के अंदर मंदिर के सामने कुर्सी पर रानी गुप्ता मृत पड़ी थीं। इस पर पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए।

इस दौरान मृतका के भतीजे काकादेव निवासी मनीष गुप्ता पहुंचे और पुलिस को बताया कि बुआ की शादी नहीं हुई थी, वह यहां पर अकेले रहती थीं। प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि शव लगभग तीन दिन पुराना लग रहा है। दरवाजा अंदर से बंद था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

घर पर मृत मिला युवक

कानपुर। सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में यशोदा नगर का रहने वाला 40 वर्ष नागेंद्र सिंह घर पर मृत मिला। छोटे भाई वीर सिंह ने बताया कि वह घर से अलग रहता था। बताया कि शराब का लत थी। जिसके बाद तबियत बिगड़ी और दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच की।

- विष्णुपुरी में 65 वर्षीय वृद्धा घर में अकेले रहती थीं
- चार दिन से वृद्धा के न दिखने पर पड़ोसियों को हुआ शक

सड़क पर पड़ा मिला वृद्ध हैलट में मौत

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र में शास्त्री नगर का रहने वाला 60 वर्षीय दिलीप का शव घर के पास पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह इलेक्ट्रिक वायरिंग का काम करते थे।

अमृत विचार प्रभाव | मंडलायुक्त ने डीएम, नगर आयुक्त, यूपीपीसीबी और जलनिगम के अधिकारियों को किया तलब

सीसामऊ सीवेज पम्पिंग स्टेशन पर लगाए जाएंगे दो नये पंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीसामऊ नाले समेत अन्य अनटैप्ड नालों से गंगा में सीवेज जाने की अमृत विचार की खबर पर मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने संज्ञान लिया है। मंगलवार को मंडलायुक्त ने डीएम, नगर आयुक्त, यूपीपीसीबी क्षेत्रीय अधिकारी, जलनिगम के अधिकारियों को तलब किया। शिविर कार्यालय में बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने सीसामऊ सीवेज पम्पिंग स्टेशन पर तत्काल दो नये पंप लगाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्था केआरएमपीएल के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही कठोर दंडात्मक कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

मण्डलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर हुई बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, क्षेत्रीय अधिकारी उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अमित मिश्रा सहित गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई उप्र जल निगम (ग्रामीण) के मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, परियोजना प्रबन्धक और जलकल महाप्रबन्धक के साथ कानपुर रिवर मैनेजमेंट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, प्रोजेक्ट इंजीनियर उपस्थित रहे। क्षेत्रीय अधिकारी यूपीपीसीबी ने गंगा में सीधे गिर रहे नालों व संचालित सीवेज शोधन सयंत्रों तथा सीवेज पम्पिंग स्टेशनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। मंडलायुक्त ने अनटैप्ड और ओवरफ्लो नालों व नालों से सम्बद्ध पम्पिंग स्टेशनों आईपीएस, एसटीपी के संचालन की समीक्षा के बाद कार्यदायी संस्था मैसर्स केआरएमपीएल को सीसामऊ सीवेज पम्पिंग स्टेशन पर 02 नए पंप तत्काल स्थापित करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने यूपीपीसीबी को नियमित रूप से टैप्ड व अनटैप्ड नालों व नालों से सम्बद्ध इण्टरमीडिएट पम्पिंग स्टेशनों के संचालन की निगरानी करने के लिए कहा। मंडलायुक्त ने मैसर्स केआरएमपीएल पर कार्रवाई करने के लिये मुख्य अभियन्ता, गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई, और जल निगम (ग्रामीण) से शासन को पत्र लिखने के लिए कहा।

सीवेज एवं घरेलू नालियों को अलग करने के लिए होगा सर्वे: मंडलायुक्त ने अनटैप्ड नालों में उत्प्रवाह की मात्रा नियंत्रित करने के लिए सीवेज एवं घरेलू नालियों को अलग-अगल करने की खातिर जलकल को सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। राखीमण्डी इण्टरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन (आईपीएस) पर स्थापित पंपों का मरम्मत कार्य पूरा करने एवं आकस्मिक परिस्थितियों में डीजी सेटों के संचालन हेतु पर्याप्त क्षमता में डीजल भंडारण का प्रबन्धन करने के लिए कार्यदायी संस्था केआरएमपीएल को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पम्पिंग स्टेशन का संचालन नियमित रूप से नहीं किए जाने से आसपास के क्षेत्र में जलभराव होता है, इससे यदि कोई दुर्घटना हुई तो उसका उत्तरदायित्व केआरएमपीएल का होगा।

मण्डलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में सीसामऊ नाले के संबंध में हुई बैठक। अमृत विचार

स्वरूप नगर गोपाला तिराहा पर आज से वन- वे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक सप्ताह का ट्रायल सफल रहने पर लागू होगी स्थायी व्यवस्था

अमृत विचार। स्वरूप नगर स्थित गोपाला तिराहा पर वाहनों के मुड़ने से लगने वाले जाम की समस्या के समाधान के लिए ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार से रूट डायवर्जन कर वन-वे व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था एक सप्ताह के लिए ट्रायल पर होगी और सफल रहने पर पूरी तरह से लागू कर दी जाएगी।

इस तरह आएंगे और जाएंगे वाहन

- कंपनी बाग से गोपाला तिराहा की तरफ जाने वाले वाहन इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप से आगे नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन पेट्रोल पंप से बाएं मुड़कर ईश्वरचंद्र गुप्ता मार्ग होते हुए दाहिने मुड़कर राजीव पेट्रोल पंप से जाएंगे।
- गेस्ट्रो लीवर, लिटिल फॉक्स स्कूल की तरफ से राजीव पेट्रोल पंप की ओर जाने वाले वाहन, गोपाला तिराहा से बाएं मुड़कर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप से दाहिने मुड़कर ईश्वर चंद्र गुप्ता मार्ग होकर जाएंगे।
- रानीघाट व इनकम टैक्स कालोनी रोड से आने वाले वाहन जिन्हें ईश्वरचंद्र गुप्ता मार्ग होकर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप जाना है, ऐसे वाहन राजीव पेट्रोल पंप होकर जाएंगे।

धन्यवाद यात्रा में हाथ जोड़कर निकले कांग्रेसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कांग्रेस ने धन्यवाद यात्रा निकाली। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर कांग्रेस कमेटी ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा के साथ आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र में धन्यवाद यात्रा निकाल कर लोकसभा चुनाव में मिले जनसमर्थन के लिए मतदाताओं का आभार जताया। तिलक हाल मुख्यालय से मंगलवार को निकली धन्यवाद यात्रा में शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी और लोकसभा प्रत्याशी के साथ सभी कांग्रेस जन हाथ जोड़कर लोगों को धन्यवाद अर्पित करते रहे। जगह-जगह व्यापारियों, राहगीरों, ई रिक्शा चालकों ने उत्साह के साथ धन्यवाद यात्रा का हौसला बढ़ाया तो कई जगह लोग अपने वाहन रोककर यात्रा का हिस्सा बने तो अनेक स्थानों पर फूलमालाओं से स्वागत हुआ।

यात्रा में प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने कहा कि हम लोग चुनाव नहीं हारे हैं। आंकड़े और गिनती में पीछे रह गए हैं। 4 लाख 22 हजार मतदाताओं के दिल में कांग्रेस ने अपनी जगह बनाई है। कानपुर की धरती पर 8 लाख से ऊपर मतदाताओं के दिलों में जगह बनानी है। राहुल गांधी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाकर महात्मा गांधी, अंबेडकर, पं. नेहरू और अबुल कलाम आजाद के सपनों का मजबूत भारत बनाएंगे।

देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कार्यकर्ता हर आहुति देने को तैयार हैं। आलोक मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह हर समय उनकी सेवा में तत्पर और सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे। धन्यवाद यात्रा में पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, अतहर नईम, निजामुद्दीन खां, राजेंद्र मिश्रा बब्बू, लल्लन अवस्थी, सतीश वाल्मीकि, मनीष बाजपेई, नीलांबुज अवस्थी, पदम मोहन मिश्रा ,नरेश त्रिपाठी, जावेद जमील उस्मानी ,नरेंद्र सेंगर पिंटू, मिंटू बाजपेई, तनवीर आलम मंटू, दिलशाद, शकील मंसूरी,आतिफ रहमान, गुफरान अहमद चांद, रमाकांत मिश्रा, अफजाल अहमद चांद, डॉ संतोष त्रिपाठी, राजलक्ष्मी सिंह, क्षमा पांडे, रूपा,संजय बाथम, सुरेश अग्रहरि, मनु पांडे, आसिफ इकबाल, राधेश्याम कश्यप, इस्लाम सिद्दीकी, आशुतोष शुक्ला, रवि वर्मा, पदम श्रीवास्तव, राजेंद्र वाल्मीकि, विमल गुप्ता आदि शामिल रहे।

- प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने 4.22 लाख मत मिलने के लिए जताया आभार

युवक के क्रेडिट कार्ड से पार किए 51 हजार

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने एक युवक के क्रेडिट कार्ड से कई बार में 51 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने बैंक के किसी कर्मचारी पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। चकेरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

हरजिंदर नगर बंगाली कॉलोनी निवासी सैयद मुनीर ने पुलिस को बताया कि उनके पास आरबीएल बैंक का क्रेडिट कार्ड है। इस कार्ड से सिर्फ तीन हजार रुपये का इस्तेमाल किया है। जब पीड़ित ने अपना खाता चेक किया तो जानकारी हुई की उनके साथ धोखाधड़ी हुई है।

पता चला कि लगभग 51,598 रुपये का भुगतान मुंबई के एक कंपनी के नाम पर किया गया है। जबकि न ही उनके मोबाइल में किसी तरह का मैसेज आया और न ही कोई जानकारी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कुख्यात अपराधी पप्पू स्मार्ट आगरा से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिंटू सेंगर हत्याकांड का मुख्य आरोपी है

पप्पू स्मार्ट।

अमृत विचार। जाजमऊ पुलिस ने कुख्यात अपराधी मो. आसिम उर्फ पप्पू स्मार्ट निवासी गज्जूपुरवा गल्ला गोदाम को आखिरकार सर्विलांस टीम की मदद से आगरा से गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि वह 25 हजार का इनामिया है। बुधवार को आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

डीसीपी ने बताया कि सूचना मिली कि पप्पू स्मार्ट हर्षित यादव निवासी रामादेवी के आगरा आवास में संरक्षण में रह रहा था। सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर कुख्यात को आगरा के ज्योति कुंज कांलिद्री बिहार थाना ट्रांस यमुना से मंगलवार को दबोच लिया गया। उन्होंने बताया कि शातिर अपराधी के खिलाफ शहर के थाने में कुल 18 मुकदमे पंजीकृत हैं। चिन्हित माफिया गैंग नंबर में 123 डी का सक्रिय सदस्य है। बताया कि वर्ष 2020 में पिंटू सेंगर की हत्या का मुख्य आरोपी है। जाजमऊ का हिस्ट्रीशीटर नंबर 1376 ए है। वर्ष 2022 गैंगस्टर एक्ट के तहत एक करोड़ रुपये कीमत की अवैध संपत्ति को जब्त किया गया था। वर्ष 2023 में उस पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि चकेरी थाने में वर्ष 2022 में दर्ज धोखाधड़ी, षडयंत्र रचने और धमकाने जैसे मामले में फरार चल रहा था। जिस पर इनाम घोषित किया गया था।

एक नजर

ट्रेन में पैर लटकाए बैठे थे पंजा कटा

कानपुर। दिल्ली से कामाख्या जा रहे यात्री शहजाद खान का पैर ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच फंस जाने से पंजा कट गया। आसपास के लोगों ने उसे खींचकर जान बचा ली। त्रिपुरा निवासी शाहजाद खान मंगलवार को दिल्ली से कामाख्या जा रहे थे। वह ट्रेन के दरवाजे पर पैर लटकाकर बैठे थे। प्लेटफार्म छह पर ट्रेन पहुंचने पर पैर ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच में फंस गया। यह देख आसपास मौजूद यात्रियों ने खींच लिया, लेकिन पैर का पंजा कट चुका था। डॉ. उर्वशी यादव ने यात्री का प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रेफर किया है।

67 पदों पर भर्ती के लिए करें आवेदन

कानपुर। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/एकाउंटेंट कम डाटा इंट्री आपरेटर के 67 पदों पर नियुक्ति होनी है। जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक / एकाउंटेंट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर चयन एवं नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पदों का विवरण एवं आवेदनपत्र का प्रारूप पंचायतीराज विभाग की वेबसाइट http://panchayatiraj.up.nic.in पर देखा जा सकता है। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय विकास भवन में आवेदन पत्र जमा करने की तिथि 15 जून से 30 जून तक है।

दुष्कर्म के आरोप में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

कानपुर। रायपुरवा निवासी युवती ने फतेहपुर निवासी लवलेश उर्फ राहुल के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पीड़िता का आरोप है, कि वर्ष 2018 में आरोपी ने उसे नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म किया था। पुलिस से शिकायत की लेकिन रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि आरोपी लोडर चालक है। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

रेलवे लाइन किनारे झाड़ियों में लगी आग

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में कृष्णा नगर इलाके में रेलवे लाइन किनारे झाड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग 50 मीटर तक फैल गई। सूचना पर दमकल की चार गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

नकली पेंट फैक्ट्री पकड़ी दो कर्मचारी हिरासत में

नकली स्टीकर, प्राइज टैग समेत अन्य सामग्री मिली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

पकड़ा गया नकली माल पुलिस ने जब्त कर लिया। अमृत विचार

120 भरी बाल्टियां व 67 खाली बरामद हुईं

अमृत विचार। हनुमंत विहार थानाक्षेत्र स्थित प्लॉट पर पुलिस ने छापेमारी कर नकली पेंट बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से प्रतिष्ठित पेंट फैक्ट्री के नकली स्टिकर्स, ढक्कन समेत अन्य सामग्री बरामद की। छापेमारी के दौरान संचालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दो कर्मचारियों को हिरासत में लेकर लाखों का माल बरामद किया।

दिल्ली मयूर विहार निवासी अभिषेक वशिष्ठ एशियन पेंट्स में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से अर्रा क्षेत्र में कंपनी का नकली पेंट बना कर बेचने की सूचनाएं मिल रही थीं। जिसकी शिकायत कंपनी के कर्मचारी अनुज कुमार सिंह ने हनुमंत विहार पुलिस से की थी। मंगलवार दोपहर हनुमंत विहार पुलिस ने बंशी विहार अर्रा रोड स्थित सिंह द्वार के पास वैद्यनाथ इंडस्ट्री में छापेमारी कर नकली पेंट फैक्ट्री का खुलासा किया। छापेमारी से फैक्ट्री में हड़कंप मच गया, इस दौरान फैक्ट्री संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अभिनव श्रीवास्तव व अमन कुमार सहगल को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिन्होंने खुद को कर्मचारी बताया। बताया कि उन्नाव गुलरिया निवासी ऋषभ बाजपेई फैक्ट्री संचालक है। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में नकली पेंट भरी बाल्टियां, कंपनी के नकली स्टीकर्स, ढक्कन, फर्जी प्राइज स्टीकर्स व हैंडल बरामद किए। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि फैक्ट्री से नकली पेंट भरी 120 व 67 खाली बाल्टियां बरामद की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वर्ष 2022 में बिधनू थानाक्षेत्र में नकली पेंट बनाने पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

इमरान शेख हत्याकांड में चार्जशीट दाखिल

कानपुर। रेलबाजार के रहने वाले सौहार्द कमेटी के सदस्य इमरान शेख हत्याकांड में शामिल सभी हत्यारोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस जेल में बंद आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करने की तैयारी में है।

28 फरवरी को जन्मदिन पार्टी में नशेबाजी में हुए विवाद के बाद इमरान शेख उर्फ नेता जी की ईंट पत्थरों से सिर कूचकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। तड़के उसका रक्तरंजिश शव आर्य कन्या जूनियर हाईस्कूल के पास बाथम रोड पर पड़ा मिला था। मामले में पुलिस ने पिंटू सेंगर हत्याकांड में जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर फैसल के भाई मोहम्मद अफ्फान, पेशे से वेटर मोहम्मद शोएब उर्फ सिजारो, अंश सोनकर व ई रिक्शा चालक शुभम जायसवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या की बात कबूल की थी।

रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन ने बताया कि जेल में बंद सभी आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। हत्या और साजिश का आरोपी बनाया गया है। उनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

अल्ट्रासाउंड व डिजिटल एक्सरे मशीनें मांगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उर्सला निदेशक ने महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को पत्र लिखकर बताई समस्या
- अभी मरीजों को लगानी पड़ती लाइन, संख्या अधिक होने पर अगले दिन हो पाती है जांच

> अस्पताल में डीएनबी कोर्स की सुविधा है। ओपीडी व इमरजेंसी में भी कई मरीज जांच के लिए आते हैं। इसलिए महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से एक अल्ट्रासाउंड मशीन और दो डिजिटल एक्सरे मशीन की मांग की है।
>
> -डॉ.एचडी अग्रवाल, निदेशक, उर्सला अस्पताल

अमृत विचार। उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को पत्र लिखकर एक अल्ट्रासाउंड मशीन, एक पोर्टेबल डिजिटिल एक्सरे और एक 800 एमएम डिजिटल एक्सरे मशीन की मांग की है, ताकि मरीजों को जांच में होने वाली परेशानी से राहत दिलाई जा सके।

उर्सला में अभी पेट संबंधित बीमारियों की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड की दो मशीनें हैं। एक्सरे के लिए एक मैनुअल और एक डिजिटल एक्सरे मशीन है। प्रतिदिन करीब 100 मरीज अल्ट्रासाउंड और औसतन 200 मरीज एक्सरे कराने पहुंचते हैं। मरीजों को लंबी लाइन लगानी पड़ती है।

अल्ट्रासाउंड कराने के लिए वेटिंग रहती है। मरीजों को नंबर देकर अगले दिन बुलाया जाता है। इसके मद्देनजर अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से एक अल्ट्रासाउंड मशीन, एक पोर्टेबल डिजिटिल एक्सरे और एक 800 एमएम डिजिटल एक्सरे मशीन की मांग की है। उर्सला के प्रबंधक डॉ.फैसल नफीस ने बताया कि मशीनें मिलने से इमरजेंसी में मरीजों को रात में भी अल्ट्रासाउंड और एक्सरे की सुविधा मिलेगी।

वादों का निस्तारण सुलह समझौते से

कानपुर। उद्यमियों के विलंबित भुगतान से संबंधित वादों का निस्तारण मंगलवार को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुआ। कइ मामलों में सुलह-समझौते से भुगतान दिलाए गए। 14 वादों में आदेश व आगामी सुनवाई के अवसर प्रदान किए गए।

मंडलायुक्त अमित कुमार की अध्यक्षता में उद्यमियों के विलंबित भुगतान के वादों का निस्तारण मंडलीय सूक्ष्म एवं लघु उद्यम फैसिलिटेशन काउंसिल की ओर से आपसी सुहल-समझौते से सुनवाई की गई। सुनवाई में संयुक्त आयुक्त उद्योग सुनील कुमार, डीआरएम आरसी सचान व सदस्य हरेंद्र मूरजानी मौजूद रहे। काउंसिल के समक्ष पहुंचे कुल 19 वादों में एक वाद में दोनों पक्षों के बीच 3,84,000 रुपये का समझौता कराया गया। दो विचाराधीन वादों में वादी को 31,53,931 रुपये का भुगतान दिलाया गया। एक वाद में प्रतिवादी से सुलह-समझौता होने पर 1,48,204 रुपये का भुगतान मिला। इस पर वादी के अनुरोध पर प्रकरण को समाप्त किया गया। एक वाद में वादी के विड्रा करने पर प्रकरण की कार्रवाई समाप्त की गई। इसके अलावा 14 वादों में आदेश व आगामी सुनवाई के लिए अवसर देने का निर्णय लिया गया।

आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। नौबस्ता पुलिस ने मंगलवार को न्यू आजाद नगर निवासी सचिन वर्मा को गिरफ्तार किया है। नौबस्ता थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को देहली सुजानपुर में कुबेर हास्पिटल के पास पकड़ा है।

सचिन पर थानाक्षेत्र निवासी युवती संग मारपीट करने और शारीरिक शोषण के आरोप थे। युवती ने दिसंबर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। लड़की के पिता ने आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जुर्माना भर छह बंदियों को कराया रिहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

रिहा कैदी संस्था के पदाधिकारियों के साथ। अमृत विचार

अमृत विचार। जिला कारागार में निरुद्ध छह सिद्धदोष बंदी जिनकी मूल सजा अवधि पूरी हो चुकी थी, उनके अर्थदंड की धनराशि समाजसेवी संस्था ने जमा करके जेल से उन लोगों को रिहा करा दिया।

जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय ने बताया कि बंदी दीपक राजपूत निवासी बगाही, वसीम बेग उर्फ सेल निवासी चौक मूलगंज, रितिक दीक्षित निवासी रतनपुर कालोनी, विशाल मिश्रा निवासी गौरी सलेमपुर, हसनगंज उन्नाव, राकेश निवासी रेलबाजार और जितेन्द्र मिश्रा निवासी साकेत नगर को स्वयंसेवी संस्था यूथ सोशल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन ने जुर्माना भरकर रिहा करवाया। इस मौके पर डॉ गियासुद्दीन मोहम्मद, डॉ मुबारक अली, डॉ हलीम, मो तारिक हाशमी, अधिवक्ता फरान जावेद, सैयद नजमुस्साकिब तथा जेलर अनिल कुमार पांडेय, राजेश कुमार, डिप्टी जेलर अनिल कुमार उपस्थित रहे।

ससुरालियों पर लगाया मारपीट का आरोप

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में एक युवक ने ससुरालियों पर घर आकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। परिजनों से भी आरोपियों ने मारपीट की। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी ससुरालियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामादेवी सफीपुर निवासी राम औतार निषाद ने बताया कि रविवार रात को नवाबगंज बड़ी करबला निवासी सास गुड्डन, ससुर रामबाबू, साला आकाश व कुछ अज्ञात लोग उनके घर पर आये थे। बातचीत के दौरान आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी।

70 से ज्यादा फुटेज देखे 10 पुराने चोरों से पूछताछ

फालोअप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीपीएन मार्केट में बैजनाथ ज्वैलर्स समेत तीन दुकानों में हुई थी चोरी

अमृत विचार। कर्नलगंज थानाक्षेत्र में स्थित पीपीएन मार्केट में बैजनाथ ज्वैलर्स शोरूम समेत तीन दुकानों में चोरी के मामले में पुलिस चोर तक नहीं पहुंच सकी है। इस मामले में पुलिस ने 70 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं और 8-10 पुराने संदिग्ध चोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और पहचान करने की कोशिश की है। लेकिन उनसे भी पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है।

परेड स्थित पीपीएन मार्केट में बैजनाथ ज्वैलर्स, जे गफ टेलर और टेलीकाम एंड आइसक्रीम शॉप में एक चोर ने चोरी की थी। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि मार्केट, चौराहे व मार्केट के पीछे के आसपास कुल 70 के आसपास सीसीटीवी फुटेज को देखा गया है। चोर का हुलिया दिखाकर कई पुराने चोरों को उठाया गया और मिलान किया गया। लेकिन अभी तक और कुछ नहीं पता चल पाया है। मामले में सर्विलांस समेत पुलिस की छह टीमें लगी हैं। पुलिस को पीपीएन कॉलेज की छत पर एक कैमरा लगा मिला जिसमें इतना जाला लगा हुआ था कि फुटेज से कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका है।चोर न मिलने के कारण कारोबारियों और व्यापारियों में आक्रोश लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

लापरवाही एक गैंग में शामिल होते हैं तीन सदस्य, शहर में कुल 94 हैं सबस्टेशन

सबस्टेशनों में दो गैंग, फिर भी लेट बनते फॉल्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी में लोगों को दिन और रात दोनों समय बिजली का सितम झेलना पड़ रहा है। गुल हुई बिजली आने में चार से पांच घंटे या इससे भी अधिक समय लग रहा है। ऐसा तब है जब केस्को अपने 60 फीसदी सबस्टेशनों में दो गैंग होने का दावा कर रहा है। गैंग में शामिल कुछ लाइनमैन समय पर फॉल्ट न ढूंढ़ पा रहे हैं और न ही उनको निर्धारित समय पर बना पा रहे हैं, जिस कारण लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है।

सोमवार रात को ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण दबौली, गुजैनी व तात्या टोपे नगर में बिजली गुल रही। इसके अलावा बारादेवी क्षेत्र, अशोक नगर व गंगागंज समेत आधा दर्जन क्षेत्रों में बिजली संकट रहा। मंगलवार को दर्शनपुरवा, गुमटी, जरौली, श्याम नगर, जरीब चौकी, पीरोड, रविंद्र नगर, यशोदा नगर, आंबेडकरपुरम, आवास-विकास तीन, बर्रा चार, हितकारी नगर समेत करीब 58 क्षेत्रों में दिनभर बिजली की समस्या रही। इसके अलावा सीसामऊ मार्केट, सैनिक नगर, पोखरपुर, परदेमनपुर, गोपाल नगर, यूनाइटेड नगर, केशव वाटिका, पराग डेयरी-यू ब्लॉक, कृष्णा विहार व महाबालीपुरम में सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली का संकट रहा।

समय पर फाल्ट न बनाने पर होगी कार्रवाई

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक शहर में 94 सबस्टेशन हैं, इन सभी सबस्टेशनों में गैंग तैनात है। 60 फीसदी सबस्टेशनों में तो दो गैंग हैं। एक गैंग में तीन सदस्य हैं एक लाइनमैन व दो हेल्पर। सभी गैंग के सदस्यों व सबस्टेशन के प्रभारियों को जल्द से जल्द फॉल्ट ढूंढ़कर उन्हें निर्धारित समय में दुरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, जो भी निर्धारित समय पर समस्या का समाधान नहीं करेगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। बताया कि ट्रांसफार्मर का एचटी फ्यूज क्षतिग्रस्त होने से दादा नगर के ईस्ट फीडर की आपूर्ति व स्विच वायरिंग जल जाने से चकेरी मोड फीडर की आपूर्ति कुछ देर के लिए प्रभावित हो गई थी। कार्य पूरा होने के बाद सप्लाई चालू की गई।

बिजली चोरी न रोक पाने में अभियंता निलंबित

कानपुर। बिजली चोरी न रोक पाने, झटपट पोर्टल पर प्राप्त नए मीटरों के आवेदनों का समय से निस्तारण न करने और उच्चाधिकारियों के निर्देश का पालन न करने पर चमनगंज के अवर अभियंता अवनीश कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक विजिलेंस टीम में शामिल जेई अभिनव कुमार, जेई विक्रम व ऐई सुधीर कुमार ने टीम के साथ कर्नलगंज में चेकिंग की। चेकिंग के दौरान कामिनी, अंजुम बानो, शमशाद बेगम व मोहम्मद इरशाद चोरी से बिजली उपयोग करते पकड़े गए।


बिजली के तारों का मकड़जाल : वीआईपी रोड के किनारे ग्वालटोली क्षेत्र में घने मकानों के आगे कटिया का मकड़जाल फैला है। यहां से मात्र आधा से एक किलोमीटर के दायरे में केस्को का मुख्य कार्यालय तथा केस्को के महाप्रबंधक का निवास है। इन मकानों के सामने से वीआईपी रोड से सभी उच्च प्रशासनिक अधिकारियों का आवागमन रहता है। फिर भी कोई रोक-टोक नहीं। फोटो-मनोज तिवारी

सार-संक्षेप

सचेंडी और पनकी में लगी आग

कानपुर। मंगलवार को सचेंडी और पनकी थानाक्षेत्रों में झाड़ियों में भीषण आग लग गई। जब तक आसपास के लोग आग बुझाने के प्रबंध करते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। लोगों की सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

इंटरसिटी में मिला अधेड़ का शव

कानपुर। सेंट्रल स्टेशन पर प्लेटफार्म 10 पर 14109 सेंट्रल इंटरसिटी में 9 जून को एक अधेड़ का शव मिला। जिसकी शिनाख्त उनके बेटे आदर्श सिंह ने गुलाब सिंह (53) निवासी ग्राम धमना थाना माधवगढ़ जिला जालौन के रूप में की है। जीआरपी ने गर्मी से मौत की आशंका जताई।

शातिर अपराधी शानू लफ्फाज पर एफआईआर

कानपुर। नई सड़क हिंसा का आरोपी शातिर अपराधी शानू लफ्फाज पर अनवरगंज पुलिस ने एक और एफआईआर दर्ज की है। शातिर पर पार्षद के भांजे को धमकाने का आरोप लगा है। फीलखाना पटकापुर लारी पार्क निवासी मुजम्मिल खान वार्ड 94 से पार्षद सय्यद अनवर के भांजे हैं। वह बांसमंडी स्थित निर्माणाधीन मकान में बिल्डिंग मेटेरियल की सप्लाई कर रहे हैं। मुजम्मिल के अनुसार 7 जून को बिल्डर प्यारे को फोन किया था। इसी बीच शानू लफ्फाज ने फोन छीन लिया और फोन से गंभीर मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया धमकाने संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज की है।

एक नजर

बाल श्रम उन्मूलन पर चर्चा 12 को

कानपुर। श्रम प्रवर्तन अधिकारी कानपुर क्षेत्र आरबी लाल ने बताया कि 12 जून को बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जागरूकता लाने, बाल श्रम उन्मूलन पर चर्चा, श्रम विभाग की ओर से संचालित योजनाओं का प्रचार व प्रसार करने के लिए कार्यालय अपर श्रमायुक्त सभागार में अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर नगर के सभी सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में बाल श्रम के खिलाफ व बाल श्रम नियोजित न किए जाने पर शपथ लेने का आग्रह किया है।

जेएमडी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 14 से

कानपुर। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सहयोग से जेएमडी इंटरनेशनल स्कूल मैनावती मार्ग में 14 से 16 जून तक तीन दिवसीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट होगा। प्रथम जेएमडी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में एंट्री 12 जून शाम 4 बजे तक होगी। प्रतियोगिता में अंडर-9, 11, 13, 15, 17 व अंडर-19 वर्ग में बालक व बालिका में एकल और युगल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतिभाग के इच्छुक बालक या बालिका आयोजन सचिव आशीष कुमार गौर के मोबाइल नंबर 09889105448 पर संपर्क कर सकते हैं।

ग्रीनबेल्ट से हटाया अतिक्रमण, दी तहरीर

कानपुर। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर एच ब्लाक किदवई नगर स्थित न्यू एंजेल अस्पताल के मालिक द्वारा सरकरी ग्रीनबेल्ट को तोड़कर हरे-भरे पेड़ों को क्षति पहुंचाकर कब्जा करने पर कार्रवाई की। मंगलवार को नगर निगम के अमले ने न्यू एंजल हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर के सामने अवैध अतिक्रमण को हटा दिया। नगर आयुक्त ने थाना किदवई नगर को तहरीर दी है। नगर आयुक्त ने कहा कि ग्रीनबेल्ट पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाये अन्यथा रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

मन से होती है शरणागति डॉ. कुंजेश्वरी

कानपुर। डॉ. कुंजेश्वरी देवी ने मंगलवार को चौथे दिन इंदिरानगर स्थित त्रिभुवन में श्रीराधा-कृष्ण व रसमय संकीर्तन में शरणागति के बारे में बताया। उन्होंने सवाल किया कि शरणागति किसे करनी है और जवाब दिया कि शरणागति मन को करनी है। मन से हरि को अपना मानकर उनका आज्ञा पालन ही शरणागति है। बताया कि शरणागति कठिन नहीं है।

यूपी कैटेट: सरल सवालों से हाई मेरिट के आसार

6 केंद्रों पर परीक्षा देने पहुंचे 3144 परीक्षार्थी, 186 रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

परीक्षा देकर निकलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा 2024) का आयोजन मंगलवार को कानपुर नगर में 6 परीक्षा केन्द्रों पर किया गया। अभ्यर्थी सरल सवालों से मेरिट हाई रहने की संभावना जता रहे हैं।

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के तत्वावधान में हुई यूपी कैटेट में पर्चा सरल आने से मेरिट हाई होने की संभावना अभ्यर्थी जता रहे हैं। आजमगढ़ की मुस्कान सिंह, सुल्तानपुर की अंकिता विश्वकर्मा, अंबेडकर नगर के प्रशांत एवं जौनपुर के आयुष यादव ने बताया कि पर्चा सरल रहा है। इससे कटआफ और मेरिट दोनों ही हाई रहेंगे। बताया कि 60 सवाल कृषि से संबंधित थे। माइनस मार्किंग के चलते सवाल का सही उत्तर ही लिखा है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि यूपी कैटेट 2024 की कृषि स्नातक प्रवेश परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। कुलसचिव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा कानपुर शहर के 6 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। जिसमें 3330 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3144 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी।

कानपुर के परीक्षा केंद्रों पर कुल 186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वीएसएसडी कालेज समेत अन्य परीक्षा केंद्रों में सीएसए के कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय एवं उनकी टीम ने संयुक्त रूप से केंद्रों का निरीक्षण किया।

मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि दिनांक 12 जून 2024 को पीजी, पीएचडी के 902 परीक्षार्थी शहर के दो परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देंगे।

कानपुर मे जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर, कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्णा विहार पनकी रोड कल्याणपुर कानपुर में (902) परीक्षार्थी प्रातः 9:00 से 12:00 तक परीक्षा देंगे। जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर में ही द्वितीय पाली में 3:00 से 5:00 बजे तक (103) एमबीए के परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा देंगे।

पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा 11 केंद्रों में होगी

पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा शहर में 11 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य मुकेश आनंद ने बताया कि यह परीक्षा 13 से 18 जून के बीच आयोजित होगी। परीक्षा के लिए 19 व 20 को आरक्षित दिन रखा गया है। परीक्षा के दौरान 34,279 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा तीन चरण में आयोजित की जाएगी। सुबह 8 बजे से शाम 6:30 बजे तक परीक्षा चलेगी। एक दिन में परीक्षा के तीन चरण होंगे। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ ही आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देते आप पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

नीट पेपर मामले में आप का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मामले में उच्च स्तरीय जांच व कार्रवाई की मांग

अमृत विचार। नीट का पेपर लीक होने पर मंगलवार को बड़ा चौराहा पर आम आदमी पार्टी (आप) ने विरोध प्रदर्शन किया। आप के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि परीक्षा को रद्द कर उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। दोषियों को जेल भेजा जाए।

बड़ा चौराहा पर आप ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर आप के जिला प्रभारी आशुतोष सेंगर ने कहा कि नीट परीक्षा प्रतिष्ठित व बड़ी परीक्षाओं में हैं। उसका भी पेपर लीक हो जाना सीधा भ्रष्टाचार को उजागर करता है। पेपर लीक ने युवाओं को और तोड़ दिया है। इससे नौजवानों को अपने भविष्य का कोई मार्ग नहीं दिख रहा है। सांकेतिक विरोध प्रदर्शन के बाद पदाधिकारियों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनुज शुक्ला, जिला महासचिव मुशीर सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, कृष्ण कुमार सिंह, मो. शाहिद, योगेश दीक्षित, मुकेश झा, सरिता द्विवेदी, कृष्णा प्रजापति रहीं।

सत्कर्म करके कर्ज से मुक्ति पाना संभव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

प्रेमभूषण महाराज।

अमृत विचार। कर्ज से मुक्ति चाहिए तो रोज सत्कर्म करना होगा। मनुष्य सुबह से शाम कुछ न कुछ काम करता है। वह काम चाहे किसी के लिए भी किया गया हो सिर्फ कर्ज अदायगी है। उस काम का फल कोई भी फल मनुष्य को अपने हित में नहीं मिलता है। यह बात मोतीझील स्थित गंगा समग्र के गंगा महोत्सव में प्रेमभूषण महाराज ने कही।

श्रीराम कथा में महाराज ने श्रीराम जन्मोत्सव और उनकी बाल लीलाओं का गायन कर कहा कि मनुष्य का शरीर धारण करने का उद्देश्य सत्कर्म करना ही है। यहां से जाने के बाद केवल सतकर्म ही साथ जाता है। लोक कवि विद्यापति से जुड़े एक प्रसंग की चर्चा करते हुए बताया कि विद्यापति की इच्छा का सम्मान रखने के लिए मां गंगा की एक धारा एक मील दूर चलकर उनके पास पहुंची थी। उसी स्थान पर विद्यापति नगर है। आगे कहा कि शहरवासी भाग्यशाली हैं, क्योंकि गंगा तट पर निवास करते हैं। इस मौके पर यजमान छोटेलाल दीक्षित, नीलम दीक्षित, सचिन दीक्षित,विपिन दीक्षित, प्रांत संघ चालक भवानी भीख, अंकुर, गंगा समग्र के राष्ट्रीय मंत्री रामाशंकर सिन्हा, पार्षद पवन गुप्ता, राजेश कुमार आदि रहे।

लीगल 'क्लीनिक' में मुफ्त पाएं कानूनी समस्याओं का 'उपचार'

सुविधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू में एक घंटा विशेषज्ञ देंगे मुफ्त सलाह, कोर्ट में भी करेंगे सहयोग

अमृत विचार। छत्रपति शआहू जी महाराज (सीएसजेएमयू) प्रशासन ने जरूरतमंदों को लीगल कंसलटेंसी की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है।

विश्वविद्यालय की यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी। विश्वविद्यालय में बने अटल बिहारी वाजपेई स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में लीगल ऐड क्लीनिक है।

यहां जाकर कोई भी व्यक्ति न्यायिक सहायता ले सकता है। इस क्लीनिक में सिविल, क्रिमिनल, घरेलू सभी प्रकार के वाद-विवाद में हर प्रकार की कानूनी सलाह लोगों को मिलेगी। निदेशक डा. शशिकांत ने बताया कि लीगल सलाह के साथ अगर जरूरत पड़ती है तो कोर्ट में भी क्लीनिक के एक्सपर्ट जरूरतमंद की मदद करेंगे। कानूनी सहायता की सुविधा शाम 4.00 से 5.00 बजे के बीच उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज का उद्देश्य सिर्फ़ वकील तैयार करना नहीं, बल्कि मानवीय और संवेदनशील नागरिक तैयार करना भी है। कानूनी शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज की स्थापना साल 2017 में हुई थी। स्कूल में 5-वर्षीय एकीकृत स्नातक कार्यक्रम जैसे बैचलर ऑफ आर्ट्स और बैचलर ऑफ लॉज बीए-एलएलबी (ऑनर्स), बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और बैचलर ऑफ लॉज़ बीबीए-एलएलबी (ऑनर्स) और बिजनेस लॉ, आपराधिक कानून और संवैधानिक कानून में विशेषज्ञता के साथ दो वर्षीय एलएलएम कार्यक्रम की शिक्षा प्रदान की जाती है।

सार-संक्षेप

गेल उत्कर्ष के सफल विद्यार्थी। अमृत विचार

जेईई एडवांस में 72 छात्रों ने पाई सफलता

कानपुर। गेल उत्कर्ष कानपुर केंद्र के 100 छात्रों ने जेईई मेंस में जहां प्रतिभा दिखाई वहीं जेईई एडवांस में 72 छात्रों ने सफलता पाई है। यह दावा संस्थान की ओर से किया गया है। बताया कि 11 महीने तक निशुल्क आवासीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 2009 में गेल उत्कर्ष सुपर 100 कानपुर से शुरू किया और सफलता के बाद गेल ने उत्तराखंड के बाद हाल ही में बनारस में भी सेंटर चलाया है। परियोजना में हर साल 100 बच्चों को यूपी और एमपी से लिखित परीक्षा के आधार पर चुनता है।

सेवायोजन कार्यालय में नियुक्ति पत्र देते अधिकारी। अमृत विचार

मेले में दिखाई प्रतिभा, पाया रोजगार

कानपुर। प्रादेशिक सेवायोजन कार्यालय में आयोजित रोजगार मेला में युवाओं ने प्रतिभा दिखा रोजगार हासिल किया। बता दें मंगलवार को सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 06 कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने 193 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें 62 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को सहायक निदेशक उज्जवल कुमार सिंह ने नियुक्ति पत्र प्रदान किये। रोजगार मेले में सहायक निदेशक (सेवायोजन) उज्जवल कुमार सिंह, जिला रोजगार सहायता अधिकारी निधि वर्मा, सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी प्रिया गौतम आदि उपस्थित रहे।

विजेता खिलाड़ी कोच और रेफरी के साथ। अमृत विचार

कराटे में शहर के खिलाड़ियों ने जीते 12 पदक

कानपुर। कोटा में आयोजित कराटे चैंपियनशिप में शहर के खिलाड़ियों ने चार गोल्ड समेत 12 पदक जीते। खिलाड़ियों का कानपुर शितो-रियो कराटे एसोसिएशन ने स्वागत कर बधाई दी। चैंपियनशिप सात से 10 जून तक हुई। 12 राज्यों ने प्रतिभाग किया। यूपी कराटे टीम को प्रथम स्थान मिला। शहर की आनंशी ने 2 गोल्ड, दक्ष ने 1 गोल्ड व 1 सिल्वर पदक जीता। जीतू तलरेजा ने 2 ब्रांज, सात्विक प्रजापति ने 1 गोल्ड व 1 ब्रांज, विवेक त्रिवेदी ने 1 सिल्वर व 1 ब्रांज और मेघा कुशवाहा ने 1 सिल्वर व 1 ब्रांज पदक जीता। कानपुर शितो-रियो कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने रेफरी की भूमिका निभाई।

मायावती पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

ज्ञापन सौंपते विभिन्न दलों के नेता। अमृत विचार

- पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार। सोशल मीडिया एक्स पर बसपा प्रमुख के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को कई संगठनों ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। ट्वीट करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए डीएम राकेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा।

डॉ. अंबेडकर अधिवक्ता समिति के नेतृत्व में मंगलवार को कई संगठन के अध्यक्ष व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। गेट के पास नारेबाजी व प्रदर्शन करने के बाद डीएम को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। संगठन के अध्यक्षों ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों से मारपीट व जातीय उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी हैं। पांच जून को सोशल मीडिया एक्स पर कमाल आर खान ने बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के बारे में जातिसूचक व अभद्र टिप्पणी पोस्ट की है। जिससे बहुजनों में आक्रोश है। कमाल आर खान पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। डीएम को ज्ञापन देने के साथ पदधिकारियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री, अनुसूचित जाति जनजाति आयोग, महिला आयोग अध्यक्ष को भी ज्ञापन भेजा है। इस मौके पर भीम आर्मी जय भीम के मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बहुजन, लार्ड बुद्धा एजूकेशन की अध्यक्ष विजय लक्ष्मी, बहुजन अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष अधिवक्ता नवीन गौतम, संत रविदास जन्मोत्सव नव युवक कमेटी के अध्यक्ष अजय गौतम, भारतीय दलित पैधर के अध्यक्ष पैंथर धनीराम बौद्ध, संदीप कुरील, जय कठेरिया, बलवीर सिंह, राधेश्याम भारती आदि रहे।

एक्सप्रेस वे पर तेज होगा काम: अवस्थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सांसद रमेश अवस्थी मिले नितिन गडकरी से, कई कामों पर हुई चर्चा

अमृत विचार। सांसद रमेश अवस्थी ने दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। लगातार तीसरी बार कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। रमेश अवस्थी ने कहा कि कानपुर से लखनऊ के बीच निर्माणाधीन लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे समेत कानपुर शहर में यातायात जाम से निजात के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं पर चर्चा की। परिवहन मंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस वे का काम और तेज किया जाएगा। साथ ही कानपुर शहर में यातायात प्रबंधन और विकास के कार्यों को गति दी जाएगी। अवस्थी ने बताया कि नितिन गडकरी ने कानपुर में परिवहन व्यवस्था को विकसित बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठाने की बात कही है। सड़क परिवहन समेत अन्य विकास योजनाओं को गति देने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया है।

पहल देशभर के मुस्लिम बुद्धिजीवी बुधवार को अलीगढ़ में बैठक करने जा रहे

आपसी सौहार्द्र मजबूत करने को मंथन करेंगे मुस्लिम बुद्धिजीवी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लोकसभा चुनाव में जुड़े आपसी भाईचारा को अब बिगड़ने नहीं देंगे मुसलमान
- बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के संस्थापक अबुल बरकात नजमी भी आमंत्रित



सैयद अबुल बरकात नजमी।

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार आपसी भाईचारा कायम हुआ है, मुसलमान अब उस भाईचारे को बिगड़ने नहीं देंगे। कैसे हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई के बीच आपसी सौहार्द और बढ़ाया जाए, इसपर मंथन करने के लिए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के रिटायर प्रोफेसर, देशभर के बुद्धिजीवी बुधवार को अलीगढ़ में बैठक करने जा रहे हैं। इस बैठक में बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के संस्थापक सदस्य एवं खानकाह हजरत दादा मियां के नायब सज्जादानशीन सैयद अबुल बरकात नजमी भी शिरकत करेंगे।

बेकनगंज दादा मियां चौराहा पर स्थित मजार शरीफ के नायब सज्जादानशीन ने बताया कि अलीगढ़ में बुधवार को बुद्धिजीवियों की एक मीटिंग होगी। उन्होंने अमृत विचार संवाददाता से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव में बड़ी मुश्किल से नफरत की दीवार ढही है, ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन नफरत की दीवार को दुबारा कोई नहीं चुन सके। उन्होंने कहा कि हमारा मुल्क एक ऐसा गुलदस्ता है जिसमें तरह तरह के फूल खिलते हैं। ऐसे गुलदस्ते को किसी की नजर लग गई थी लेकिन अब इस गुलदस्ते को सींचने के लिए मुसलमानों की भी जिम्मेदारी है कि वह आपसी भाईचारे को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि ये अच्छा मौका है, अपने गैर मुस्लिम भाइयों के दुख-सुख में शामिल हों। जब कभी मुसलमानों पर कोई आफत या मुसीबत आई है तो हमारे हिंदू भाई, सिख भाई और ईसाई समुदाय के लोग कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते हैं।

खुले में कुर्बानी न करें सौहार्द्र न बिगड़ने पाए

कानपुर। थाना चमनगंज की ओर से बकरीद पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पाकीजा मैरिज हाल में क्षेत्र के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता एसीपी सीसामऊ श्वेता कुमारी ने की। एसीपी ने कहा कि बकरीद पर खुले में कुर्बानी नहीं करें। जहां नगर निगम कंटनेर रखेगा, सारी गंदगी उसी में डालें। बकरीद पर पानी की समुचित व्यवस्था रहेगी और बिजली भी 24 घंटे उपलब्ध कराई जाएगी। एसीपी ने कहा कि कोई ऐसा कार्य नहीं करें जिससे आपसी सौहार्द खराब हो। थाना प्रभारी चमनगंज हामिद सिद्दीकी ने कहा कि शरारतीतत्वों पर नजर रखें।

माहे जिलहिज्जा का पहला अशरा बरकतों वाला

कानपुर। मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर के उस्ताद मौलाना इफ्तेखार अहसन कासमी ने जिलहिज्जा की फजीलत और इस महीने में की जाने वाले विशेष इबादतों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि माहे जिलहिज्जा का पहला अशरा बड़ी अजमतों और बरकतों वाला है। मंगलवार को मस्जिद निमरा संजय नगर जाजमऊ में जलसा आयोजित हुआ। मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद के जेरे एहतमाम मोहतमिम मुहीउद्दीन खुसरू ताज की सरपरस्ती में आयोजित नौ दिवसीय प्रोग्राम के तीसरे दिन फज़ायल, मसायल व कुर्बानी के इतिहास को विस्तार से बताया गया। मौलाना इफ्तिखार अहसन की दुआ पर जलसा समाप्त हुआ। मौलाना वसीमुद्दीन जामई, मौलाना अब्दुल वकील जामई, हाफिज मुहम्मद मुश्ताक़, वली मुहम्मद, मुश्ताक अहमद के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय अवाम मौजूद रहे।

हज आजमीन ने बांधा एहराम, जद्दा पहुंचे

कानपुर। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट अमौसी लखनऊ से हज आजमीन की आखिरी फ्लाइट मंगलवार को जद्दा के लिए शाम 5 बजे रवाना हुई और रात 8.45 बजे जद्दा एयरपोर्ट पर खैरियत से लैंड कर गई। लखनऊ में जब इन हज आजमीन ने एहराम बांधा तो उनकी आंखें छलक उठीं और फफक पड़े। परिजनों ने उन्हें संभाला और गले से लगाया।

मंगलवार को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुबह से ही चहल पहल दिखाई दी क्योंकि आखिरी फ्लाइट के हज पर जाने वालों की दुआएं लेने के लिए दूर दराज से लोग पहुंचे थे। हज कमेटी के मास्टर ट्रेनर हाजी शारिक अलवी भी सुबह से ही एयरपोर्ट पर आजमीन की मदद करते रहे। शाम तीन बजे आजमीन को एहराम बांधने को कहा गया तो लोग फफक पड़े। वहीं प्राइवेट टूअर्स से हज पर जाने वाले जद्दा एयरपोर्ट पर उतरे क्योंकि हज आजमीन मक्का की सीमा में बिना एहराम पहने दाखिल नहीं हो सकते हैं इसलिये लखनऊ में ही सभी आजमीन को एहराम बंधवा दिया गया। हज कमेटी के माध्यम से हज पर जाने वालों को मदीना एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। हज कमेटी के माध्यम से करीब 35 हजार आजमीन वहां पहुंच चुके हैं।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, ककवन, कानपुर नगर

नीलामी सूचना

जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर के कार्यालय पत्र संख्या 390/विकास/लेखाकार/ आवास निष्प्रयो0/2024–25 दिनांक 06.06.2024 अनुपालन में ग्राम्य विकास की विकास खण्ड ककवन, की आवासीय/अनावासीय निष्प्रयोज्य घोषित किये गये भवनो में लगी सामग्री/मलबे की नीलामी दिनांक 28.06.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे कार्यालय सभागार विकास खण्ड ककवन, कानपुर नगर में होगी। जिसका विवरण एवं शर्ते निम्न प्रकार है:– 1. नीलामी उक्त तिथि को निर्धारित समय पर उपरोक्त स्थल पर गठित समिति के सदस्यों के सम्मुख होगी। 2. नीलामी अधिकारी का अधिकार होगा कि किसी भी बोली को बिना कारण बताये अस्विकार कर दे। अन्तिम बोली की स्वीकृति गठित समिति द्वारा की जायेगी। 3. प्रत्येक बोली बोलने वाले को नीलामी मे भाग लेने से पूर्व रू0 10000/– (दस हजार मात्र) की धनराशि को विकास खण्ड के खाता संख्या 12520100020120 बैक आफ बडौदा ककवन में जमाकर जमा रसीद की मूल प्रति कार्यालय मेंनीलामी से 03 दिन पूर्व जमा करना होगा। जो नीलामी समाप्त होने पर बोली न स्वीकृत होने पर वापस कर दी जायेगी। 4. नीलाम हेतु सामग्री/मलबा नीलामी के पूर्व स्थित स्थल पर देखा जा सकता है। 5.सामग्री/मलबा जहाँ पर है जैसा है कि शर्त के साथ नीलाम किया जायेगा। बोली बोलने वाले की जिम्मेदारी होगी कि वह बोली बोलने से पूर्व सामग्री/मलबे के स्थल का भली–भांति निरीक्षण कर लें। 6. नीलामी अधिकारी को किसी भी सामग्री/मलबे को बिना कारण बताये नीलामी से पृथक करने का अधिकार होगा। 7. जिसकी बोली अस्थाई रूप से स्वीकार की जायेगी उसे तत्काल बोली की आधी धनराशि को विकास खण्ड के खाता संख्या 12520100020120 बैक आफ बडौदा ककवन में जमा करनी होगी तथा जमा रसीद की मूल प्रति कार्यालय जमा करना होगा, अन्यथा उसकी बोली रद्द कर दी जाएगी तथा आवासीय/अनावासीय सामग्री/मलबे की नीलामी दोबारा की जायेगी एवं नीलामी से पूर्व जमा धनराशि रू0 10000/– (दस हजार मात्र) कोअस्थायी रूप से स्वीकार किये गये नीलामीकर्ता की जब्त कर ली जायेगी। 8. गठित समिति द्वारा अन्तिम बोली स्वीकृत होने के तीन दिन के अन्दर अधिक बोली बोलने वाले को शेष आधी धनराशि जमा करनी होगी उसके उपरान्त सामग्री/मलबा ले जाने की अनुमति पत्र दिया जायेगा। 9.अनुमति पत्र जारी कर दिये जाने के 15 दिन के अन्दर सामग्री/मलबा को नीलामी स्थल से हटाने की जिम्मेदारी बोली बोलने वाले की होगी अन्यथा बोली बोलने वाले के दिन से मु0 250.00 प्रतिदिन की दर से संरक्षण शुल्क लिया जायेगा। नीलामी की स्वीकृति के पश्चात उस सामग्री/मलबे की देखभाल की पूरी जिम्मेदारी बोली बोलने वाले की होगी। 10. यदि नीलामी या शर्तो के सम्बन्ध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो गठित समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम व मान्य होगा। 11. नीलामी के सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई कार्यवाही जनपद–कानपुर नगर में ही सक्षम न्यायालय में ही की जायेगीं। 12. नीलामी के सम्बन्ध में अन्य जानकारी खण्ड विकास अधिकारी, ककवन, कानपुर नगर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस की जा सकती है।

(शिव नरेश)
खण्ड विकास अधिकारी, ककवन, कानपुर नगर।

ईंट निकालने में ढही दीवार, मजदूर की मौत

गुस्साए परिजनों ने घाटमपुर-भोगनीपुर रोड पर लगाया जाम, मुआवजे की उठाई मांग, चार थानों की फोर्स मुस्तैद रही

संवाददाता, घाटमपुर

- मूसानगर रोड पर स्थित बाबा ईंट भट्ठे में हुआ हादसा
- चार लाख मुआवजा मिलने के बाद शांत हुए परिवार वाले

अमृत विचार: मूसानगर रोड स्थित बाबा ईंट भट्ठे में ईंट निकालते समय दीवार भरभराकर ढह जाने से मलबे में दबकर मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत होने से परिवार वालों का गुस्सा भड़क गया। ईंट भट्ठे के सामने भोगनीपुर रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। मुआवजे की मांग पूरी होने के बाद परिवार वाले सड़क से हटे और तब जाम खुल सका।

घाटमपुर क्षेत्र के अयोध्यापुर गांव निवासी सेवालाल का पुत्र शिवम (30) मूसानगर रोड स्थित बाबा भट्ठे में ईट निकालने का काम करता था। सोमवार को ईंट निकलते समय भट्ठा की निकासी दीवार उसके ऊपर गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई। भट्ठा मजदूर की मौत होने से परिवार वालों का गुस्सा भड़ गया। परिवार के लोग हैलट अस्पताल से शव लेकर सीधे घाटमपुर घाटमपुर पहुंचे और भोगनीपुर रोड पर ईंट भट्ठा के ठीक सामने शव रखकर जाम लगा दिया। परिवार वाले मुवावजा की मांग करने लगे।

शिवम।

मूसानगर रोड पर जाम लगाकर बैठे परिवार वाले और ग्रामीण। अमृत विचार

जाम के दौरान भोगनीपुर रोड पर वाहनों की कतार लगी रही। अमृत विचार

चार साल पहले हुई थी शादी

शिवम की शादी चार साल पहले दौलतपुर नंदना गांव की रहने वाली सुषमा के साथ हुई थी। उसके परिवार में बच्चों के अलावा मां श्यामवती और पिता सेवालाल थे, जिनका गुजारा शिवम की मजदूरी से ही होता था। शिवम की मौत के बाद पूरा परिवार टूट गया। यह वजह थी कि शिवम की मौत से जहां एक ओर कोहराम मचा रहा, वहीं मुआवजे को लेकर गुस्सा दिख रहा था।

जाम की सूचना पर घाटमपुर के साथ सजेती, रेउना और साढ़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन परिवार वाले मुआवजा की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद भट्ठा मालिक और परिजनों के बीच बातचीत का दौर शुरू हुआ। आखिर चार लाख रुपये मुआवजा देने पर समझौता हुआ, तब जाकर परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार हुए।

तीन घंटे थमे रहे वाहनों के पहिये

मुगल रोड पर शव रखकर जाम लगाए जाने से पूरे तीन घंटे तक वाहनों के पहिये थमे रहे। इस दौरान भोगनीपुर रोड पर मूसानगर और घाटमपुर की ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस कतार में भारी वाहनों के साथ रोडवेज बसें और चार पहिया वाहन भी फंसे रहे। रोडवेज बसों में सवार यात्री गर्मी से खासे परेशान रहे। तीन घंटे बाद जब जाम खुला तो यातायात सामान्य होने में भी काफी वक्त लग गया।

रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन से टकराने से युवक की मौत

संवाददाता, घाटमपुर

हादसा

- जीआरपी के साथ स्थानीय पुलिस, फोरेंसिक टीम पहुंची

अमृत विचार: भीतरगांव रोड स्थित रेलवे क्रासिंग के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। युवक के सिर में गम्भीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। घाटमपुर पुलिस की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम और फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के भदरस गांव निवासी सौरभ कुमार पुत्र रामबाबू (24) की भीतरगांव रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन से टकरा जाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। गैंगमैन मोहित कुमार ने जीआरपी चौकी इंचार्ज एसबी सिंह को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे जीआरपी चौकी इंचार्ज ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे एसआई धवल किशोर ने फोरेंसिक टीम व फील्ड यूनिट को बुलाया। टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सौरभ कुमार के भाई पंकज, शीबू, नीरज और मां का रो-रो कर बुरा हाल था।

हादसे के बाद लगी भीड़। अमृत विचार

सौरभ कुमार।

एक नजर

ककवन में अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बिल्हौर। ककवन क्षेत्र के लोधन पुरवा में मंगलवार को एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह नशे की हालत में शिवकुमार (49) ने गांव के पास एक झोपड़ी में गमछे से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे कार्यवाहक थाना प्रभारी अबरार खान ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि अधेड़ मूकबधिर और नशे का आदी था।

दुकान जा रहे युवक के साथ मारपीट, लूट का आरोप

शिवराजपुर। राधन निवासी रामगोपाल अग्निहोत्री ने तहरीर में बताया कि मंगलवार दोपहर पुत्र शिवम उत्तरीपुरा स्थित जन सेवा केंद्र जा रहा था। रास्ते में गांव के ही चार लोगों ने शिवम को घेर कर मारपीट की और नकदी व चेन लूट ली। इस मामले में थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पानी के लिए बाल्टी लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के भीतरगांव में एक ओर जहां भीषण गर्मी की तपिश से पशु-पक्षी बेहाल हैं, वहीं एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति न होने से त्राहि-त्राहि मची है। भीतरगांव सहित करीब आधा दर्जन गांवों में एक सप्ताह से जलापूर्ति बाधित होने से जल संकट का सामना कर रहे ग्रामीणों का मंगलवार को गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीण हाथों में बाल्टी और भगौना लेकर भीतरगांव पानी की टंकी पहुंचे और जल्द आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया कि पानी टंकी को भरने के लिए तीन सरकारी नलकूप थे, लेकिन कई वर्षो से दो नलकूप बंद पड़े हैं। बीआरसी स्थित नलकूप से टंकी में पानी इकट्ठा कर कस्बा भीतरगांव सहित पसेमा, कुम्हऊपुर, बारीगांव, तिवारीपुर, कंधरा, खदरी आदि गांवों में आपूर्ति की जाती है, लेकिन करीब दस दिनों से जलापूर्ति बाधित होने से मंगलवार सुबह लोगो का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने हाथों में बाल्टी, भगौना आदि लेकर ब्लॉक मुख्यालय स्थित पानी की टंकी पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और जल्द जलापूर्ति चालू करने के लिए जिम्मेदारों को आगाह किया।

इस दौरान नागेंद्र मिश्रा, मुकेश सैनी, पवनजीत सविता, अंकित कुशवाहा, बीनू मिश्रा, नवनीत सविता, कामता दिवाकर, प्रांजुल गुप्ता, प्रतीक, कृष्ण कुमार कुरील, निखिल गुप्ता आदि ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन खराबी से नलकूप बंद रहता है, जिससे पानी की आपूर्ति बाधित रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में बिना पानी के पशु-पक्षियों सहित आम लोगों का जीना दुश्वार है।

भीतरगांव में जल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों का धैर्य टूटा। अमृत विचार

लोडर में यात्री ढोने पर दो चालकों पर मुकदमा

संवाददाता ,चौबेपुर

- चेकिंग के दौरान डेढ़ दर्जन वाहनों का हुआ चालान

अमृत विचार। क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस के बाइक दस्ते ने वाहनों की चेकिंग अभियान के दौरान मालवाहक वाहनों में सवारियां बिठाकर जा रहे दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किए जाने के साथ डेढ़ दर्जन वाहनों का चालान किया।

पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार अपराधों व अपराधियों पर लगाम कसने के लिए थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में जगह-जगह वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस ने कस्बे के बिठूर रोड तिराहा व तातियागंज तिराहा पर चेकिंग के दौरान माल वाहक वाहनों में सवारियां बिठाकर ले जा रहे शंभू सिंह पुत्र रविंद्र सिंह निवासी ग्राम ककराला ,थाना अतलागंज ,शाहजहांपुर व बंटू पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम छछैना, थाना मलावन ,जनपद एटा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इसके अलावा तेरह वाहनों का एम वी एक्ट के तहत चालान कर 23 हजार रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया।

मालवाहक वाहनों से उतारे गए यात्री।

सार-संक्षेप

अवैध खनन में दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त, आठ पर रिपोर्ट

सरसौल। महाराजपुर थाना क्षेत्र के उमरना में पुलिस ने सोमवार को अवैध खनन की सूचना पर दो ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर दिया और खनन में लगे आठ लोगों के खिलाफ खनिज विनियमन कानून के तहत मुकदमा भी दर्ज कर लिया। महाराजपुर क्षेत्र के कई गांवों में मिट्टी का अवैध खनन चल रहा है, लेकिन कठोर कार्रवाई न होने से इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अभी हाल में ही तिलसहरी गांव में एक दंपति की मिट्टी लदे डंपर ने जान ले ली थी। इसके बाद खूब हो हल्ला हुआ था, लेकिन अवैध खनन बंद नहीं हुआ।

पकड़े गए ट्रैक्टर और ट्रॉली। अमृत विचार

विद्यार्थी परिषद ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। अमृत विचार

गांव-गांव हम जाएंगे, भारत भव्य बनाएंगे

घाटमपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मंगलवार को बदन सिंह कन्या महाविद्यालय में बैठक हुई, जिसमें डॉ. आदित्य सिंह ने कहा कि गांव-गांव जाकर लोगों को सामाजिक अनुभूति कराई जाएगी। कार्यकर्ताओं से अभियान में शामिल होने की अपील की गई। इस दौरान विभाग प्रमुख डॉ. आदित्य प्रताप, विभाग संगठन मंत्री विद्यासागर, राज्य विश्वविद्याल कार्य प्रांत सह संयोजक आदित्य सिंह उपस्थित रहे। जिला संयोजक अभिषेक, जिला सह संयोजक देवांग, जिला संगठन मंत्री अंकुश सिंह गौर, नगर मंत्री कृष्णा बाजपेई, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अरुण शर्मा, पूर्व तहसील संयोजक अयान शर्मा, पूर्व तहसील सहसंयोजक पुनीत शर्मा, अभय तिवारी, बसु ठाकुर, धर्मेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

शिव हरि धाम में लोगों को पिलाया गया शर्बत

घाटमपुर। तहसील क्षेत्र के शिव हरि धाम आश्रम में सोमवार को भंडारे के बाद भीषण गर्मी को देखते हुए ट्रस्टी शिवकुमार द्विवेदी की ओर से मंगलवार को बाजार वाले दिन राहगीरों को शर्बत वितरित कराया गया। राहगीरों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली। शिव हरी धाम में मंगलवार को शर्बत वितरण किया गया। मंगलवार को शर्बत वितरण में राह चलते लोगों को प्रेम से पिलाया गया। राहगीरों ने शरबत पीकर राहत की सांस ली। इस मौके पर मंदिर के महंत अभय दास जी महाराज, मंदिर के ट्रस्टी शिवकुमार द्विवेदी, समाज सेविका शशि द्विवेदी, कुन्नू तिवारी, भोलू पांडे, राजेश अवस्थी पूर्व प्रधान, रवि अवस्थी, गुड्डू भैया, ओम बाबा, संजय सचान, शिवम द्विवेदी, रजत द्विवेदी, बाबूजी द्विवेदी आदि रहे।

राहगीरों को शर्बत पिलाते लोग।

मघई मंडी समिति से किसान की उर्द चोरी

संवाददाता, शिवराजपुर

- बाजार वाले दिन बुधवार को उर्द की होनी थी तौल
- आढ़त से गायब दो बोरी धनिया बाउंड्री के बाहर मिली

अमृत विचार: शिवराजपुर थाना क्षेत्र के मघई निवादा स्थित मंडी समिति में एक बार फिर चोरी हुई है, जहां किसान द्वारा लाई गई 25 बोरी उर्द आढ़ती की दुकान से चोरों ने पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

क्षेत्र के मघई निवादा में सरकारी मंडी समिति है, जहां किसान अपने अनाज की बिक्री करते हैं। सबलपुर के रहने वाले किसान संजय ने बिक्री के लिए 25 बोरी उर्द मुन्ना गुप्ता की आढ़त पर उतारी थी, जिसे सोमवार की देर रात चोरों ने टट्टर काटकर पार कर दिया। आढ़ती मुन्ना गुप्ता ने मंगलवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी।

उन्होंने तहरीर में बताया कि मंडी समिति में उनकी आढ़त है। सबलपुर निवासी संजय की उर्द ब्रिकी के लिए आई थी, जिसकी बुधवार को बाजार वाले दिन तौल होनी थी, लेकिन सोमवार की देर रात ही चोरों ने 25 बोरी उर्द पार कर दी। उर्द का वजन लगभग 13 क्विंटल था। धनिया की दो बोरी मंडी समिति की बाउंड्री के बाहर पड़ी मिली हैं। एसओ सुबोध कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मौके पर जाकर जांच की गई है, जल्दी घटना का खुलासा किया जाएगा।

समिति में टट्टर काटकर चोरी की गई।

एसओ की सीएम पोर्टल में शिकायत

घाटमपुर। पूर्व ग्राम प्रधान एवं जिला पंचायत सदस्य के पति ने मुख्यमंत्री पोर्टल में रेउना थाना प्रभारी की शिकायत की है।

रेउना निवासी ध्रुव नारायण द्विवेदी उर्फ धीरज ने बताया है कि थाने के सामने से लेकर लगभग एक किलोमीटर तक उनकी जमीन व मार्केट है। रेउना थाने में जगह न होने से चालान की गई जेसीबी, ट्रैक्टर, ट्रक आदि उनकी जमीन पर खड़े किए गए हैं। सोमवार को वह कस्बे के ही एक पीड़ित की सिफारिश करने थाने पहुंचे तो थाना अध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने उनसे गलत बर्ताव किया। इसके बाद उन्होंने अपनी जमीन से जेसीबी, ट्रैक्टर, ट्रक आदि हटाने के लिए कहा तो अभद्रता की गई। इसकी शिकायत ध्रुव नारायण द्विवेदी ने मुख्यमंत्री पोर्टल में की है। रेवना थानाध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी जगह में गाड़ियां खड़ी हैं, उन्हें आपत्ति है तो जल्द हटवा दिया जाएगा।

शिविर में जांची आंख की रोशनी

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार। क्षेत्र के तातियागंज स्थित यशराज कॉलेज में मंगलवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आरके देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट कानपुर के चिकित्सकों की ओर से छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक सुझाव दिए गए।

यशराज कॉलेज में आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में आरके देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट से आए डॉ. हर्षित सिंह, रामचरन, अनूप कुमार की टीम ने फार्मेसी व नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों समेत 120 लोगों की आंखों का परीक्षण किया। इस दौरान कुछ लोगों में धूप की एलर्जी और धूल मिट्टी से संक्रमण पाया गया। वहीं लैपटॉप और मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से भी छात्र-छात्राओं की आंखों में समस्याएं पाई गईं।

इसी तरह मौसम में हो रहे बदलाव के चलते कुछ लोगों की आंखों में खुजली अथवा लालिमा आदि सीजनल एलर्जी भी मिली। चिकित्सकों ने सभी लोगों को संक्रमण से बचाव के सुझाव दिए जाने के साथ दृष्टि दोष के लोगों को चश्मे का आवश्यक रूप से इस्तेमाल किए जाने की सलाह दी। फार्मेसी कॉलेज की निदेशक डॉ सोनिया पांडे व नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या सारा एडमिन ने चिकित्सीय टीम का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। आंखों की जांच कराने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

मंगलवार को शिविर में आंखों की जांच करते नेत्र चिकित्सक। अमृत विचार

सुझाव दिए

- यशराज कॉलेज में आयोजित हुआ निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर
- छात्रों-शिक्षकों के साथ लोगों को दिए गए सुझाव

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

आयोजन

बिल्हौर बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण में पहुंचे उप्र बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष

बार के नए पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: मंगलवार को तहसील सभागार में आयोजित बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने शपथ दिलाई और कहा कि वह सदैव अधिवक्ता हित में साथ खड़े हैं। जब भी अधिवक्ताओं को उनकी जरूरत होगी, वह कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग देंगे।

बार एसोसिएशन के चुनाव में आलोक मिश्रा अध्यक्ष और महेंद्र कुशवाहा महामंत्री चुने गए थे। मंगलवार को समारोह में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने पूरी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कानपुर की महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि अधिवक्ता सदैव ईमानदारी से लोगों की मदद करें और अपने अधिकारों को सुरक्षित रखें।

क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने भी अधिवक्ताओं को हमेशा साथ देने की बात कही। इस मौके पर कानपुर देहात बार एसोसिएशन के महामंत्री अमर सिंह भदौरिया, जिला पंचायत सदस्य अवकाश सिंह, उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा, तहसीलदार तिमराज सिंह, एसोसिएशन के अमित श्रीवास्तव, अजीत सिंह, राजकुमार सिंह भदौरिया, विकास गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, आशीष सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यकारिणी में सुनील कुमार, शिवाकांत तिवारी, प्रदुम कटियार, शिवकुमार गुप्ता, पंकज राठौर, नंदकिशोर, नवीन कुमार, भास्कर द्विवेदी, बीरेन्द्र प्रताप सिंह, रवि कुमार ने शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह में कानपुर महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक राहुल बच्चा सोनकर शामिल हुए। अमृत विचार

अब गर्म पछुआ हवा के झोकों ने किया बेहाल

संवाददाता, चौबेपुर

- बादलों की वजह से सूरज की तल्खी कुछ कम रही

अमृत विचार। दो दिनों से मौसम में कुछ बदलाव के बावजूद क्षेत्र में गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। मंगलवार की सुबह आसमान में छाई बदली से थोड़ी राहत रही, लेकिन दिन चढ़ने के साथ गर्म पछुआ हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। यही वजह रही कि दोपहर में जीटी रोड समेत प्रमुख मार्गों पर सन्नाटा पसरा नजर आया। डॉक्टरों का कहना है कि इस समय गर्म हवाएं स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं, सावधानी जरूरी है।

करीब एक माह से लगातार बढ़े चले तापमान के कारण गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। इधर दो दिनों से मौसम में हुए कुछ बदलाव ने थोड़ी सी राहत पहुंचाई। मंगलवार सुबह आसमान में छाई बदली से तापमान में कुछ गिरावट तो हुई,लेकिन 12 बजते बजते आसमान पूरी तरह से साफ हो गया और इसके पश्चात निकली कड़क धूप व इस दौरान चली तेज गर्म पछुआ हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। लू के थपेडों से राहगीर परेशान नजर आए।

वहीं मौसम के इस मिजाज को देखते हुए सी एच सी अधीक्षक डॉ यशोवर्धन सिंह ने बताया कि इस समय चल रही गर्म हवाएं सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक हैं। कार्यवश घरों से बाहर निकल रहे लोगों को चाहिए कि धूप से बचाव के लिए छाते का इस्तेमाल किए जाने के साथ लू से बचाव करना भी बेहद आवश्यक है। जिसके लिए सिर व कानों को अंगौछे अथवा दुपट्टे से अच्छी तरह से ढककर रखें।

एक नजर

कार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज

पुखरायां। एक युवक ने उसकी कार चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। भोगनीपुर कोतवाली पहुंचे जयदीप यादव निवासी सिलोदर थाना केसुद जनपद जूनागढ़ ने पुलिस को बताया कि भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के चेक पोस्ट के समीप उसकी कार खड़ी थी। जिसे चोरों ने चोरी कर ली है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

रूरा। चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रूरा कस्बे के बाजार वार्ड के रहने वाले अरविंद कौशल ने बताया कि बीती रविवार की रात को पड़ोस का रहने वाला रंजीत उनके घर में घुस आया और जेब में पड़े 5900 चोरी कर भाग रहा था। जिसको पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया की मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

झांसी जा रहे टैंकर चालक की बिगड़ी हालत, मौत

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के झांसी-कानपुर हाईवे पर टैंकर चालक की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी लाया गया। जहां ईएमओ ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। मध्य प्रदेश के जनपद देवास के चौबरा गांव निवासी भाय्यू मानकर (35) मंगलवार को टैंकर लेकर झांसी-कानपुर हाईवे से झांसी की ओर जा रहा था। तभी भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव के पास अचानक टैंकर चालक की हालत बिगड़ गई। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को सूचना मिलने पर टैंकर चालक को सीएचसी भेजा। जहां ड्यूटी में तैनात डॉ. रेनू जयसवाल ने जांच के बाद चालक को मृत घोषित कर दिया गया। सीएचसी से मेमो भेजकर सूचना पुलिस को दी गई। संभावना जताई जा रही कि गर्मी के चलते चालक की हालत बिगड़ी थी।

एक्सईएन को नोटिस

कानपुर देहात। ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल समस्या के निस्तारण में लापरवाही करना जलनिगम एक्सईएन को भारी पड़ गया। सीडीओ ने अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जनपद में गर्मी से आम जनजीवन के साथ पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। हालत यह है कि कई ग्राम पंचायतों में बन रही पानी की टंकियों का निर्माण समयावधि पूरा होने के बावजूद शुरू नहीं हो सका।

248 अमृत सरोवर व तालाबों में होगा काम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- सर्वे के बाद जनपद के 145 तालाबों की खोदाई के साथ अन्य काम हुए शुरू

अमृत विचार। सर्वे के बाद जनपद के 487 अमृत सरोवर व सामान्य तालाबों में बारिश से पूर्व खुदाई, साफ-सफाई समेत अन्य कार्य होंगे। इनमें से 145 तालाबों में काम शुरू करा दिया गया है, जिससे बारिश के पानी का संचयन होने के साथ ही पशु-पक्षियों के पेयजल की समस्या भी दूर होगी।

उपायुक्त मनरेगा प्रेमप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि बीडीओ द्वारा तालाबों का सर्वे कराया गया था, जिसमें पूर्व में चयनित 287 अमृत सरोवरों के अतिरिक्त प्रत्येक ब्लाक के 20-20 तालाबों का चयन कर प्राकलन तैयार किया गया है। 145 तालाबों पर कार्य प्रारंभ है। तालाबों के किनारे पौधरोपण की कार्ययोजना तैयार की गई है। बरसात के पूर्व ही मनरेगा से इसकी खुदाई का कार्य पूर्ण कराने की कार्ययोजना बनाकर कार्य शुरू करा दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अमृत सरोवरों के अतिरिक्त सामान्य तालाबों की भी खुदाई की जा रही है। जिसमें मनरेगा योजनाउ अंतर्गत वर्तमान में लगभग 15 हजार मजदूर कार्य कर रहे हैं। इनमे से 4200 महिलाएं, 9200 पुरूष व 1600 अनुसूचित जाति/जनजाति 1600 के मजदूर कार्यरत है। इन तालाबों की खुदाई से जनपद का भू-गर्भ जलस्तर बढेगा।

मनरेगा से पांडु नदी की जल्द संवरेगी तस्वीर

तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

पांडु नदी के जल्द ही दिन बहुरने वाले हैं। अमृत विचार

- बारिश से पहले होगी सफाई नदी के दोनों तरफ किया जाएगा पौधरोपण

अमृत विचार। जनपद से निकली पांडु नदी की 70 किलोमीटर की जल धारा को अविरल बनाने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके तहत नदी के दोनों तरफ पौधरोपण, बरसात के पूर्व सफाई आदि कार्य कराए जाएंगे।

पांडु नदी गंगा की सहायक नदी है और जनपद औरैया के तहसील बिधूना के ग्राम शबहद से एक झील से निकली है। इस नदी की कुल लंबाई 232 किमी है। पांडु नदी जनपद औरैया, कन्नौज से होते हुए कानपुर देहात में प्रवेश करती है और कानपुर नगर होते हुए जनपद फतेहपुर में गंगा नदी में गिरती है। जनपद में इसकी कुल अनुमानित लंबाई 70 किमी है। जिसपर कार्य किया जाना है। उपायुक्त मनरेगा प्रेमप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पांडु नदी के उत्तरी भाग में कानपुर शाखा एवं दक्षिणी भाग में पश्चिमी इलाहाबाद शाखा नहर स्थित है।

इस नदी में स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे नाले भी मिलते हैं। नदी में सिवार, जलकुंभी, जमा मिट्टी के टीले व डेल्टा होने के कारण जल प्रवाह में अवरोध उत्पन्न होता है। पांडु नदी रसूलाबाद ब्लाक की कुल 10 ग्राम पंचायतों एवं विकास खंड मैथा की 12 ग्राम पंचायतों से होकर गुजरती है। उन्होंने बताया कि बारिश के समय नदी के आसपास के खेतों में बाढ़ आने के कारण फसलों का भी नुकसान होता है। साथ ही आसपास के गांवों में बाढ़ से लोगों का जनजीवन प्रभावित होता है।

मनरेगा उपायुक्त ने बताया कि डीएम आलोक सिंह व सीडीओ लक्ष्मी नागप्पन के मार्गदर्शन में संबंधित ब्लाक के खंड विकास अधिकारियों से पिछले दिनों सर्वे कराया गया था। जिसके तहत पांडु नदी की धारा को अविरल बनाने के लिए मनरेगा अंतर्गत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। जल्द ही नदी के दोनों तरफ पौधरोपण, साफ-सफाई आदि कार्य प्रारंभ करा दिए जाएंगे।

22 ग्राम पंचायतों में होंगे 25 तरह के काम

उपायुक्त मनरेगा ने बताया कि पांडु नदी जीर्णोद्धार के तहत विकासखंड रसूलाबाद की ग्राम पंचायत मिर्जापुर लकोठिया, रेवरी, मैजू समस्तपुर, घाघू, अंता, पलिया बांसखेडा, खेड़ाकुर्सी, औरंगपुर गहदेवा, थान हमीरपुर व भीतर गांव तथा विकासखंड मैथा की ग्राम पंचायत सिंहपुर शिवली, करोम, मवैया, कैलई, हीरामन शिवली, ढाकन शिवली, असई, शोभन, जुगराजपुर बिढूर, बाघपुर, टोडरपुर, मलिकपुर समेत कुल 22 पंचायतों में कुल 25 कार्यों की कार्ययोजना तैयार की गई है।

नहीं आई बारात, दुल्हन ने निगला जहर

सिकंदरा क्षेत्र के जमुआ गांव का मामला, दुल्हन जिला अस्पताल में भर्ती, घर में खुशियों की जगह गम

संवाददाता, राजपुर

- दूल्हा पक्ष के लोगों को फोन मिलाते रहे कन्या पक्ष के लोग
- धरी रह गईं शादी की तैयारियां रात भर सूना पड़ा रहा मंडप

अमृत विचार। बेटी को हंसी-खुशी विदा करने के लिए पिता ने शादी के भरपूर इंतजाम किए। बारातियों के स्वागत से लेकर जनातियों के सत्कार के लिए पांडाल लगाकर तैयारियां की गईं, लेकिन ऐन वक्त पर बारात नहीं आई। दूल्हा पक्ष के लोगों के फोन मिलाए जाते रहे, लेकिन सबके सब नंबर स्विच ऑफ रहे। शादी की आस टूटने से आहत होकर दुल्हन ने जहर निगल लिया। इसकी जानकारी होते ही शादी वाले घर में हड़कंप मच गया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का कहना है कि दहेज की डिमांड बढ़ने पर बारात नहीं आई।

भर्ती खुशबू।

मामला सिकंदरा थाना क्षेत्र के जमुआ गांव का है। यहां के भारत सिह ने अपनी बेटी खुशबू की शादी इटावा जनपद के सुनवराशा गांव निवासी लल्लन बाबू दोहरे के बेटे अंकुश के साथ तय की थी। सोमवार को बारात आनी थी। बारात को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। शादी में शामिल होने के लिए नाते-रिश्तेदारों के साथ गांव के लोग एकत्र हो गए थे। बारातियों का स्वागत करने के लिए कन्या पक्ष के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन देर शाम तक बारात ही नहीं आई। समय ज्यादा होने और इंतजार का सब्र टूटने के बाद लड़की के पिता भारत सिंह ने लड़के वालों को फोन किया तो सभी के फोन बंद मिले। यह बात पूरे गांव में फैल गई और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

शादी के लिए घर में गड़ा मंडप सूना पड़ा रहा। अमृत विचार

लड़के वालों ने दहेज की बढ़ाई डिमांड

दुल्हन के पिता भारत सिंह का कहना है कि वह दहेज के एक लाख 80 हजार रुपये पहले ही वर पक्ष को दे चुके थे। शादी में देने के लिए काफी सामान रखा है। उनका आरोप है कि वर पक्ष के लोग अचानक से दहेज की अतिरिक्त मांग करने लगे थे, जिसे पूरा करने में उन्होंने असमर्थता जताई थी। इसी वजह से लड़के वाले बारात लेकर नहीं आए और न ही इसकी कोई सूचना दी।

इस बीच शादी के हसीन ख्वाब संजोए दुल्हन खुशबू घर के कमरे में तैयार हो रही थी। जब उसे बारात नहीं आने की भनक लगी तो उसने भी दूल्हे को फोन मिलाया, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ होने से संपर्क नहीं हो सका। देर रात तक इंतजार करने के बाद भी जब बारात नहीं आई तो आहत होकर दुल्हन खुशबू ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन फौरन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है।

खाना हुआ बर्बाद, बिना खाए लौट गए नातेदार

लड़की के पिता भारत सिंह ने बताया कि उन्होंने बेटी की शादी में 1500 लोगों के लिए खाने की व्यवस्था कराई थी। धूमधाम से बेटी की शादी करने के लिए टेंट भी लगवाया था। लड़के वालों की डिमांड पर खुद ही बैंडबाजा तय किया था। आगवानी के लिए बैंडवाले आ चुके थे, लेकिन ऐन वक्त पर बारात नहीं आने से सब कुछ धरा का धरा रह गया। पूरा खाना बर्बाद हो गया। नाते-रिश्तेदार बिना खाना खाए ही लौट गए। नाते-रिश्तेदारों को कोई जवाब भी नहीं दे सके। शादी की तैयारी में उनका बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने इस मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग करने की बात कही है।

सार-संक्षेप

कॅरियर काउंसिलिंग कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

आईटीआई में छात्रों की कॅरियर काउंसिलिंग कार्यशाला

कानपुर देहात। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रसूलाबाद में छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें काउंसलर भावना सैनी ने तकनीकी विषयों पर विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में सेवायोजन निदेशालय द्वारा जनपद की सभी आईटीआई में ऑनलाइन कैरियर काउंसलिंग की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई। जिसमें सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अभ्यर्थियों को जोड़ा गया और उनका मार्गदर्शन किया गया। इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी शशि तिवारी, नोडल आईटीआई प्राधानाचार्य राजकुमार, सुनील कुमार मौर्या, अनुज यादव, राम किशोर सोनकर कनिष्ठ सहायक व संस्थान के शिक्षक उपस्थित रहे।

जमीन विवाद में चले लाठी-डंडे, आठ घायल

रूरा। क्षेत्र के तिगाई गांव में दो लोगों के बीच जमीनी विवाद को लेकर जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमे दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए हैं। एक पक्ष के बबलू सिंह ने बताया कि गांव के रानू, राघवेंद्र, जितेंद्र व आदर्श ने जमीन के विवाद में घर पर आकर हमला बोल दिया। जिससे उनके घर के लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष की प्रतिभा ने बताया कि जितेंद्र, विनय व पीयूष ने घर पर हमला बोल दिया। जिससे उसके घर वाले घायल हो गए है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, युवक गंभीर

डेरापुर। क्षेत्र के फत्तेपुर गांव के पास वाहन की टक्कर से मोपेड सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर छानबीन की है। डेरापुर थाना क्षेत्र के मंगलपुर तिराहा व फत्तेपुर गांव के बीच आईटीआई के सामने एक मोपेड में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोपेड सवार आशापुरवा निवासी कुंवरलाल (60) व छोटे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए डेरापुर सीएचसी भेजा। जहां उपचार के दौरान कुंवरलाल की मौत हो गई। छोटे का प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां से उसे कानपुर हैलट भेज दिया गया। हादसे की सूचना पर परिजन बदहवास हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

पति समेत नौ ससुरालियों पर केस दर्ज

पुखरायां। चांदापुर गांव निवासी एक महिला ने ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के चांदापुर गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी पिछले साल 30 जून को राहुल पुत्र महेश निवासी ग्राम चिकारा थाना महोबा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुरालीजनों के द्वारा दहेज में दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने के चलते उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसके जेठ व जीजा ने उसके साथ छेड़खानी करना भी शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति राहुल, ससुर महेश, सास शिया प्यारी, जेठ राजेंद्र, जेठानी रितु, नंद प्रीति, आरती, बहनोई लाखन, दोस्त रवि निवासी राठ हमीरपुर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व छेड़छाड़ की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

बनीपारा महाराज के तालाब में अवैध कब्जे पर रिपोर्ट दर्ज

रूरा। क्षेत्र के बनीपारा महाराज गांव के तालाब पर अवैध निर्माण की शिकायत पर लेखपाल ने जांच कर पुलिस को तहरीर दी है। बनीपारा महाराज ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 97 तालाब के नाम पर दर्ज है। जिसमे गांव का राजू उर्फ लाखन बीस वर्ग मीटर में कब्जा कर नया निर्माण कार्य करा रहे थे। जबकि अजयपुर बनीपारा के रहने वाले शिवश्याम अग्निहोत्री का वहीं खेत होने के चलते पीछे तरफ कुछ कब्जा किया जा रहा था। इसकी शिकायत पर लेखपाल ज्ञानेंद्र सिंह ने मौके पर जाकर जांच की तो अवैध कब्जा पाया गया। जिसपर उन्होंने थाने में तहरीर दी। रूरा थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

चेन स्नेचिंग पीड़िता को तीन दिन बाद आया होश

फालोअप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गंभीर हालत में हैलट अस्पताल में चल रहा है इलाज

अमृत विचार। यूनिवर्सिटी के पास अपाचे सवार लुटेरों ने स्कूटी में पीछे बैठी महिला सबिया खान के गले में पड़ी चेन और हाथ में पर्स को झपट्टा मारकर लूट लिया था। चलती गाड़ी में संतुलन बिगड़ने से वह सिर के बल सड़क पर गिर गई थी। जिसके बाद भागने के चक्कर में लुटेरों ने उन्हें 20 मीटर तक घसीट दिया था। हैलट में तीन दिन बाद मंगलवार दोपहर उन्हें होश आया लेकिन आवाज बहुत लड़खड़ा रही है। पति के अनुसार कल्याणपुर पुलिस अस्पताल आई थी। पुलिस का कहना है कि महिला के पूरी तरह से होश में आने के बाद ही बयान दर्ज किए जाएंगे।

आवास विकास कल्याणपुर निवासी सज्जन खान उर्फ जीतू ने बताया था कि शनिवार रात करीब 11.30 के आसपास वह बाबूपुरवा स्थित ससुराल से पत्नी सबीया खान,बेटी जेबा वारसी और हदिया को लेकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। यूनिवर्सिटी पेट्रोल टंकी के पास पीछे से अपाचे से आए लुटेरों ने पत्नी की चेन लूटने के लिए झपट्टा मारा। इससे स्कूटी पलट गई थी। लुटेरों ने पत्नी को करीब 20 मीटर तक दुपट्टे से सड़क पर घसीट दिया था। सबिया हैलट में भर्ती हैं। अब तक लुटेरों का कुछ पता नहीं चला है।

जिला स्तरीय ट्रायल के लिए संपर्क करें फुटबाल खिलाड़ी

कानपुर देहात। जिला क्रीड़ाधिकारी नीलम सिद्दीकी ने बताया कि प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता 19 से 26 जून तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय सहारनपुर में आयोजित की जा रही है। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता से पूर्व जिला स्तरीय ट्रायल्स/चयन जिला खेल कार्यालय कानपुर देहात में व मंडल स्तरीय ट्रायल्स/चयन ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में आयोजित किए जाएंगे। जूनियर बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल्स की तिथि 13 जून को शाम तीन बजे व मंडल स्तरीय ट्रायल की तिथि 14 जून की शाम तीन बजे है। इच्छुक खिलाड़ी जिला स्तरीय ट्रायल्स तिथि व समय पर जिला खेल कार्यालय में संपर्क करे। आधार व उसकी प्रमाणित छायाप्रति लाना अनिवार्य है।

पंजीकरण कराते युवा खिलाड़ी। अमृत विचार

स्पोर्ट्स हब में बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अल्प आय वर्ग (ईडब्लूएस) के बच्चे भी अब विश्वस्तरीय सुविधा के साथ खेलों का बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। होनहार खिलाड़ियों को द स्पोर्ट्स हब में 10 प्रकार के खेलों में निःशुल्क प्रशिक्षण मिलेगा। इसके लिए आर्यनगर स्थित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में 15 जून तक रजिस्ट्रेशन होंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए फार्म का वितरण किया जा रहा है।

नगर निगम, खेलो इंडिया और फिट इंडिया के सहयोग से द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में जूडो, कराटे, ताइक्वांडो, बाक्सिंग, कबड्डी, शूटिंग, स्विमिंग, बास्केटबाल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन आदि में प्रवेश के लिए 15 जून तक रजिस्ट्रेशन होने हैं। खिलाड़ियों को तय मानकों के अनुसार परीक्षण के बाद प्रवेश दिया जाएगा। खिलाड़ियों का प्रशिक्षण एक जुलाई को शुरू होने वाले नए बैच से प्रारंभ होगा। इच्छुक खिलाड़ी सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आधार कार्ड दिखाकर प्रवेश फार्म ले सकते हैं। रजिस्ट्रेशन होने के बाद 20 जून से सभी खेलों के लिए ट्रायल शुरू होंगे। द स्पोर्ट्स हब में सभी प्रकार के खेल एक ही छत के नीचे होंगे। एनआइएस क्वालीफाई कोच खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। द स्पोर्ट्स हब में सभी खेलों के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर विश्वस्तरीय मानकों और आधुनिक सुविधाओं के साथुपलब्ध है। ईडब्लूएस बच्चों को सभी खेलों में प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

विकास कार्य | पीडब्ल्यूडी ने पत्र राजस्व विभाग को लिखा पत्र, शुरू हुआ सर्वे

चकेरी-पाली मार्ग का एलायनमेंट शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी-पाली ग्रीन फील्ड फोरलेन का होना है निर्माण
- 118 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा फोरलेन

अमृत विचार। आचार संहिता खत्म होते ही चकेरी-पाली ग्रीन फील्ड फोरलेन निर्माण में पीडब्ल्यूडी एक कदम और आगे बढ़ गया है। फोरलेन निर्माण के लिए एलायनमेंट का काम शुरू हो गया, जिसमें खेत और मार्ग के कुछ हिस्से में मकान बाधक बन कर सामने आए हैं। फोरलेन निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने राजस्व विभाग को पत्र लिख कर सर्वे का काम शुरू कराया है, जल्द ही अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का चिन्हांकन कर लिया जाएगा।

चकेरी-प्रयागराज हाईवे से छतमरा होते हुए पाली, सजारी तक सड़क जाती है। छतमरा तक यह सड़क टू लेन है, लेकिन उसके आगे काफी संकरी हो गई है। औद्योगिक क्षेत्र के पास से इसे पाली, सजारी तक टू लेन किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने औद्योगिक इकाईयों को बढ़ावा देने के लिए ग्रीनफील्ड फोरलेन निर्माण की कवायद शुरू की थी। पीडब्ल्यूडी ने सर्वे के बाद डीपीआर तैयार कर मुख्यालय मंजूरी को भेजा था, जो स्वीकृति हो गया था।

दो किलोमीटर लंबा यह मार्ग 18 करोड़ की लागत से तैयार किया जाना है, जबकि 100 करोड़ रुपये से इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। आचार संहिता खत्म होते ही फोरलेन निर्माण के कार्य में तेजी आई है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने फोरलेन का सर्वे कर एलायनमेंट का काम शुरू कर दिया है। जेई आरके शर्मा ने बताया कि सर्वे में चकेरी क्रासिंग के आगे कुछ स्थानों पर खेत व सड़क निर्माण के शुरूआत वाले स्थान पर कुछ जगहों पर मकान बाधक बन रहे है। राजस्व विभाग को पत्राचार किया गया था, जिसके बाद लेखपाल ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है, लेखपाल जगह का चिन्हांकन कर रिपोर्ट सप्ताह भर में पीडब्ल्यूडी को सौंपेगा।

60 करोड़ से बनेगा फोरलेन ओवरब्रिज

- चकेरी क्रासिंग पर सेतु निगम ओवरब्रिज की डीपीआर तैयार कर रहा है, जिसकी लागत करीब 60 करोड़ आंकी गई है। ओवरब्रिज निर्माण के लिए सेतु निगम ने केस्को, बीएसएनएल समेत अन्य विभागों से शिफ्टिंग एस्टीमेट की मांग की है। शिफ्टिंग एस्टीमेट मिलते ही रिपोर्ट सेतु निगम एमडी को भेजी जाएगी।

समाज कल्याण- बैंक के पेच में पिस रहे बुजुर्ग

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- एक के बाद एक कमियां निकालकर बुजुर्गों को परेशान किया जा रहा
- पेंशनधारियों के बैंक एकाउंट से आधार कार्ड लिंक कराने का मामला

अमृत विचार। इतनी भीषण गर्मी में जहां लोग घर से निकलने की कोशिश भी नहीं कर रहे हैं, वहीं बुजुर्ग पेंशनधारी अपनी पेंशन बहाल कराने के लिए कई कई वर्षों से बैंक और समाज कल्याण विभाग का चक्कर लगा रहे हैं।

समाज कल्याण विभाग में प्रतिदिन दर्जनों बुजुर्ग आपको गिड़गिड़ाते मिल जाएंगे, किसी की पेंशन चार साल से बंद है तो किसी की दो साल से, सबसे ज्यादा करोना काल के लॉक लाउन से बंद है। पीड़ितों ने बताया कि जब समाज कल्याण विभाग आते हैं तो कहा जाता है कि बैंक से आधार कार्ड लिंक कराकर आइए, बैंक जाते हैं तो बताया जाता है कि आपका एकाउंट आधार कार्ड से लिंक है। कानपुर के 72 हजार वृद्धावस्था पेंशनधारी हैं 18 हजार नए पेंशनधारी हैं।

> समाज कल्याण की ओर से कोई दिक्कत नहीं है, बैंक से ही आधार कार्ड लिंक कराने की दिक्कत है, पेंशनधारियों की दिक्कतों को जल्द ही दूर कर लिया जाएगा। सवा लाख लोगों को पेंशन देने का लक्ष्य है।
>
> -त्रिनेत्र सिंह, समाज कल्याण अधिकारी

वीयर हब ने जीती एनपीएल डे-नाइट टूर्नामेंट की ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। एनपीएल डे-नाइट मुकाबले में सोमवार को खिताबी भिड़ंत हुई। वीयर हब और मायरास मार्वल्स के बीच फाइलन मैच खेला गया। जिसमें वीयर हब टीम ने 33 रन से यह मुकाबला जीत लिया।

एनआरआई सिटी में चल रहे एनपीएल डे-नाइट मुकाबले में सोमवार को फाइनल मैच खेला गया। वीयर हब और मायरास मार्वल्स के बीच खिलाबी भिड़ंत हुई। वीयर हब टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 12 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 214 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मैदान पर उतरी मायरास मार्वल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। धीमे गति से रन बने। छह विकेट के नुकसान पर टीम 181 रन ही बना सकी। इस तरह वीयर हब ने 33 रन से एनपीएल डे-नाइट मुकाबला जीत लिया। नवाबगंज थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

विजेता टीम को ट्राफी देते नवाबगंज थाना प्रभारी। अमृत विचार

मुकाबले में मैन ऑफ द सीरीज सीनियर्स प्रेम पटवा को चुना गया, मैन ऑफ द सीरीज व मैन ऑफ द मैच रोहन रहे। एनआरआई सिटी के मनीष अग्रवाल और आरजी फैब्रिकेटर की ओर से सभी टीम के खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नवीन भारद्वाज, मनीष महेश्वरी, गौरव रावत, नीरज शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि एसके पालीवाल के एमडी विनायक, चेयरमैन इस्कॉन मंदिर के साथ श्रीप्रकाश भरतीया रहे।

एक नजर

बकरीद को लेकर थाने में हुई शांति समिति की बैठक

फतेहपुर चौरासी। थाना परिसर में बकरीद पर्व को देखते हुए मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान नायब तहसीलदार राम आसरे ने जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों से बकरीद पर्व शांतिपूर्ण व भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। वहीं एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी जारी रहेगी। अपराध निरीक्षक जेपी यादव ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। ऐसे में कहीं भी कोई अफवाह फैलाए तो इसकी तुरंत सूचना पुलिस को दें।

10 दिन से लापता युवक अनहोनी की आशंका

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के आर्य नगर निवासी एक युवक दस दिनों से लापता है। जिस पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। वहीं परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर की है। आर्य नगर निवासी श्याम सुंदर के बेटे सौरभ यादव ने बताया कि उनका 26 वर्षीय भाई गौरव यादव उन्नाव के करोवन मोड़ स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। 2 जून को रात के समय काम कर बाहर निकला। जिसके बाद से वह लापता हो गया। उसने रिश्तेदारों के यहां से लेकर दोस्तों से उसका पता लगाया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। जिस पर परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुये गुमशुदगी दर्ज कराई है।

अधिक से अधिक पात्रों को ऋण योजनाओं का मिले लाभ : डीएम

ऋण जमानुपात बढ़ाने के लिए उद्यमी संगठनों से सहयोग लेने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। डीएम गौरांग राठी ने कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल में ऋण योजनाओं का क्रियान्वयन करने वाले विभागाध्यक्षों व बैंकर्स के साथ ऋण जमानुपात को लेकर बैठक करते हुए खरीफ उत्पादकता की समीक्षा की। उन्होंने विभागाध्यक्षों व बैंकर्स का परस्पर सामंजस्य से लाभार्थियों का चयन कर लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक आवेदकों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा किसानों को आर्थिक संकट से उबारते हुए मांग पर कृषि ऋण दिया जाए।

बैठक में डीएम द्वारा ऋण जमानुपात, वार्षिक ऋण योजना के सापेक्ष कृषि, एमएसएमई व अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, फसली ऋण व किसान/पशुपालक/मत्स्य पालक क्रेडिट कार्ड, ओडीओपी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सीसीएल, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना, डीएम ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व केसीसी के माध्यम से दिए जा रहे ऋण की समीक्षा की। बैंकर्स को निर्देशित किया कि जिले में ऋण जमानुपात 32.18 प्रतिशत है, जो शासन के निर्धारित सीडी रेशियों 40 प्रतिशत से कम है। इसमे वृद्धि लाने के लिए उद्योग बंधु के सहयोग से उद्यमी संगठनों से जुड़ा किया जाए। ऋण जमानुपात बढ़ाने के साथ ही बेरोजागारों को उद्यम स्थापना के लिए योजनाओं के माध्यम से लाभांवित भी किया जाए। सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराते हुए उन्हें ऋण योजना (केसीसी) से लाभांवित किया जाए, जिससे धनाभाव से कृषि उत्पादकता प्रभावित न हो सके। उन्होंने खरीफ अभियान 2024 की फसला उत्पादन संबंधी रणनीत की भी समीक्षा की। अधिकारियों से किसानों की आय बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों सहित प्रगतिशील किसानों से सुझाव प्राप्त लिए। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्षों को किसानों से संवाद स्थापित कर कृषि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देकर लाभांवित होने के लिए जागरूक करना चाहिए। बैठक में सीडीओ प्रेमप्रकाश मीणा, उप निदेशक कृषि प्रसार डा. मुकुल तिवारी, सीवीओ डॉ. एसएम प्रसाद, डीएओ कुलदीप कुमार मिश्रा, डीएचओ सुरेंद्र राम भास्कर, विद्युत निगम के एक्सियन हेमेंद्र सिंह, शारदा नहर शैलेश कुमार सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुनील वर्मा सहित बैंकर्स व प्रगतशील किसान आदि मौजूद रहे।

ऋण जमानुपात की समीक्षा करते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

किसानों को उचित मूल्य पर प्राप्त हो खाद-बीज

बैठक में शामिल किसानों ने निजी दुकानों पर उर्वरक व बीज के मनमाने दाम वसूलने की शिकायत की। साथ ही आरोप लगाया कि गुणवत्ता की गारंटी भी नहीं रहती है। डीएम ने डीएओ को दुकानदारों की मनमानी रोकने के निर्देश दिए। कहा कि किसानों का शोषण किसी सूरत में नहीं होना चाहिए। मनमानी रोकने के लिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों को अधिक उत्पादकता वाले उन्नतशील बीज उपलब्ध होने चाहिए। इसके अलावा वैज्ञानिक ढंग से जैविक खेती करते हुए नैनो यूरिया के इस्तेमाल पर जोर दिया। कहा कि अनुदान व बीमा योजना से भी लाभांवित कराने में कोताही न बरती जाए।

अब कन्या सुमंगला में 15 की जगह 25 हजार रुपये मिलेंगे

उन्नाव। प्रदेश सरकार अब मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 15 के बजाए 25 हजार रुपये उपलब्ध करा रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने योजना में शामिल सभी छह वर्गों को वृद्धि का लाभ दिए जाने की जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि पहली किस्त के तौर पर बालिका के जन्म पर पांच हजार, टीकाकरण पर दूसरी किस्त में दो हजार, तीसरी किस्त बालिका का कक्षा एक में प्रवेश होने पर तीन हजार, चौथी किस्त बालिका का कक्षा में प्रवेश होने पर तीन हजार, पांचवी किस्त कक्षा नौ में प्रवेश पर पांच हजार और 10वीं, 12वीं या डिग्री व डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेते समय सात हजार रुपये की सहायता एकमुश्त उपलब्ध कराया जाता है।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ एक परिवार को अधिकतम दो बालिकाओं को दिए जाना तय है। परिवार में दो से आधिक बच्चे होने की स्थिति में योजना का लाभ नहीं दिया जा सकता है। दूसरे प्रसव में जुड़वा बच्चे होने पर तीसरी संतान के रूप में जन्म लेने वाली बालिका को लाभांवित किया जाता है। योजाना के अंतर्गत तीन लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले परिवारों लाभांवित नहीं किया जा सकता है।

हैंगिंग से मौत की पुष्टि नहीं मिली तहरीर

फालोअप

- मात्र तीन महीने पहले ही हुई थी शादी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अचलगंज थानांतर्गत वसैना ललऊ खेड़ा में तीन माह की विवाहिता ने सोमवार रात घर में लगे जाल में फंदे से लटककर जान दे दी थी। मंगलवार को डाक्टरों के पैनल से हुए पोस्टमार्टम में उसकी मौत हैंगिंग से होने की पुष्टि हुई। लेकिन, मायके पक्ष का अभी कोई आरोप नहीं है और न ही कोई तहरीर दी गई है। बता दें कि इसी गांव में रविवार को भी एक अन्य विवाहिता ने फंदे से लटककर जान दे दी थी।

अचलगंज थानाक्षेत्र के शोभा खेड़ा गांव निवासी रामेश्वर लोधी ने अपनी बेटी सोनाली (22) की शादी बीती 7 मार्च को वसैना ललऊ खेड़ा निवासी महेंद्र के बेटे प्रमोद उर्फ मनोज से की थी। सोमवार रात सोनाली घर में आगंन के जाल में साड़ी का फंदा बनाकर लटक गई। घटना के समय वह घर में अकेली थी।

परिजनों को लौटने पर इसकी जानकारी हुई। जानकारी पर मायके पक्ष के लोग और अचलगंज एसओ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर जांच कर एसडीएम को इसकी सूचना दी। मायके पक्ष द्वारा अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है। वहीं पति व अन्य ससुरालीजन भी आत्महत्या की वजह नहीं बता पाए। मंगलवार को पैनल में शामिल डॉ. तुषार चौरसिया व डॉ. फैसल जुबेर ने शव का पोस्टमार्टम किया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि तहरीर मिलती है तो जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

रविवार रात पड़ोसी महिला ने की थी खुदकशी

उन्नाव। वसैना ललऊ खेड़ा गांव में बीते दो दिन में दो विवाहिताओं के फांसी लगाकर आत्महत्या करने से ग्रामीण सकते में है। बीते रविवार भी आठ मार्च-2023 को ब्याह कर आई सलोनी देवी (20) पत्नी जीतू ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। सलोनी के पिता की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर ससुरालियों की तलाश में जुटी है।

आम को फटने से बचाने को बाग की करें सिंचाई

बागवानों को सलाह

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- तेज गर्मी व लू से बढ़ रही आम की मिठास

अमृत विचार। ज्येष्ठ माह की शुरुआत से पड़ रही भीषण गर्मी व लू से जहां एक ओर लोग परेशान हैं वहीं यह तपिश आम के लिए बेहद फायदेमंद मानी जा रही है। इसी तपिश में आम की सीप बनती है और वह पकता है। लेकिन, अधिक गर्मी के कारण फल फटने भी लगता है। ऐसे में सिंचाई जरूरी होती है।

बता दें कि नौतपा के बाद भी पड़ रही भीषण गर्मी से जहां आम जनमानस परेशान है। वहीं फलों का राजा आम इसी गर्मी में ही पकना शुरू होता है। इस भीषण गर्मी में आम के पकाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस भीषण गर्मी से आम तेजी से डाल में ही पकेगा। जो सीप कहलाती है। हालांकि, तेजी से पकने के कारण आम के फटने की भी आशंका अधिक रहती है। इस कारण इस समय सिंचाई बेहद जरूरी होती है। जिससे आम की पैदावार भी अच्छी होती है और फल की मिठास दुगनी हो जाती है। बागबान कहते हैं कि इस समय दशहरी के साथ चौसा, देशी, लंगड़ा व लखनऊवा सभी आम पकने शुरू होते हैं। नौतपा ने जहां आम पर खासा असर डाला है वहीं अब पड़ रही भीषण गर्मी से आम पकने के साथ टूटकर गिरता भी है। इसलिए इसकी देखभाल बेहद जरूरी है। बागवान अभय सिंह व रामबक्श सिंह कहते हैं कि इस समय गर्मी चरम पर है। जिससे आम की फसल भी पक रही है। लेकिन इसके फटने की आशंका भी है। इस समय एक सिंचाई की बेहद आवश्यकता होती है। यदि बारिश हो जाए तो वह सोने पर सुहागा का काम करती है।

आम के फलों से लदा पेड़। अमृत विचार

ध्रुव चरित्र की कथा सुन श्रद्धालु हुये भाव विभोर

शुक्लागंज उन्नाव। कंचन नगर बी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन व्यास जी ने धुरव चरित्र का प्रसंग सुनाया। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये।

श्रीमद् भागवत कथा को आगे बढ़ाते हुये पं. आशुतोष अवस्थी ने बताया कि सतयुग के दौरान अवधपुरी में राजा उत्तानपाद की बड़ी रानी का नाम सुनीति था, जिनके कोई संतान नहीं थी। देवर्षि नारद रानी को बताते हैं कि यदि तुम दूसरी शादी करवाओगी तो संतान प्राप्त होगी। रानी अपनी छोटी बहन सुरुचि की शादी राजा से करवा देती है। कुछ समय बाद सुरुचि को एक संतान की उत्पत्ति होती है।

बच्चों को पढ़ायेंगे पर्यावरण का पाठ

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- परिषदीय विद्यालयों के संचालन के साथ शुरू होगा पर्यावरण जागरूकता समर कैंप
- डॉयट प्राचार्य, बीएसए और शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों को देंगे पर्यावरण संबंधी जानकारियां

अमृत विचार। भीषण गर्मी के चलते पर्यावरण दिवस से शुरू होने वाला पर्यावरण जागरूकता समर कैंप 18 जून को परिषदीय विद्यालयों का संचालन शुरू होते ही 25 जून तक आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान शिक्षकों सहित डॉयट प्राचार्य व बीएसए सहित अन्य जिम्मेदार और स्वयंसेवी संस्थाएं विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों को पर्यावरण के लिहाज से जागरूक बनाएंगे, जिससे उनमें पेड़-पौधों का महत्व बताते हुए प्लास्टिक कचरे के दुष्परिणाम बताए जा सकें।

शिक्षकों व शिक्षक संगठनों के विरोध के चलते शासन ने पांच से 12 जून तक पर्यावरण जागरूकता समर कैंप स्थगित कर दिए थे। अब डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को पत्र जारी कर 18 जून से परिषदीय विद्यालयों का संचालन शुरू होने के साथ 25 जून तक पर्यावरणीय समर कैंप आयोजित होगा। इस दौरान विद्यालय बंद करने से पहले बच्चों को एक घंटे पर्यावरण संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें पेड़-पौधों की उपयोगिता, जल संरक्षण की आवश्यकता और प्लास्टिक कचरे से होने वाले नुकसान बताए जाएंगे। डीजी स्कूल शिक्षा ने इस संबंध में जारी पत्र में कहा है कि इस दौरान डॉयट प्राचार्य, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बीएसए, वरिष्ठ प्रवक्ता, डायट मेंटर, एआरपी व एसआरजी विद्यालयों पहुंचकर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के संबंध में जागरूक करेंगे। साथ ही बच्चों को प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

अब गावों में स्वरोजगार स्थापना के लिए मिलेंगे 10 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- ऋण पर लाभार्थी को वहन करना होगा चार फीसदी ब्याज

अमृत विचार। उप्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजागार स्थापित करने को 10 लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध करा रहा है। लिए जाने वाले ऋण पर लाभार्थी को मात्र चार फीसदी ब्याज अदा करना होगा, जबकि बाकी बचने वाले ब्याज की अदायगी विभाग अनुदान के तौर पर स्वयं वहन करेगी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजागारों से मुख्यमंत्री स्वरोजागार योजना के तहत आवेदन कर स्वरोजगार स्थापित करने की अपील की।

बता दें कि बोर्ड स्वावलंबन के लिए ग्रामीण बेरोजगारों को विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंक शाखाओं के माध्यम से 10 लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध करा रहा है। विभागीय अधिकारी के मुताबिक इस योजना के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार डेयरी सहित अन्य कोई भी उद्यम स्थापित कर सकते हैं।

बैंक द्वारा दिए जाने वाले पूंजीगत ऋण पर चार प्रतिशत ब्याज लाभार्थी को देना होगा। ब्याज की शेष धनराशि विभाग स्वयं बैंक को देकर लाभार्थी को अनुदान का लाभ उपलब्ध कराएगा। वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक व महिलाओं को पूंजीगत ऋण पर कोई ब्याज नहीं देना होगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आईटीआई, तकनीकी योग्यता, परंपरागत कारीगरों व सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत आवेदकों को वरीयता से लाभांवित किया जाएगा। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा संचालित मुद्रा योजना व स्टैंडअप योजना के लाभार्थी भी आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह शहरी क्षेत्र के निवासी ग्रामीणांचल उद्यम स्थापित करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्क्रूटनी के माध्यम से स्कोर कार्ड में पूर्णांक 100 में 50 या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले आवेदकों का चयन कर पत्रावलियां बैंकर्स को भेजी जाएंगी। स्वरोजागार स्थापित करने के इच्छुक लोगों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस संबंध में वह कोई भी जानकारी कार्यालय पहुंचकर किसी भी कार्यदिवस पर प्राप्त कर सकते हैं।

सीएम से की विद्युत तारों को बदलवाने की मांग

बांगरमऊ। नगर के प्रमुख समाजसेवी फजलुर्रहमान ने आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री से की गई शिकायत की है।

उन्होंने बताया कि भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार के आवास और मां हास्पिटल को जाने वाली गली से मोहल्ला गुलाम मुस्तफा तक की विद्युत लाइन काफी जर्जर हो चुकी है। उनका आरोप है कि विद्युत उपकेंद्र में तैनात जेई, एसडीओ व एक्सईएन रात में अपने आवास पर नहीं ठहरते हैं। जिससे विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं का समाधान समय से नहीं हो पाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मोहल्ला गुलाम मुस्तफा (गोल कुआं) जाने वाली जर्जर विद्युत लाइन शीघ्र बदलवाने हेतु उपकेंद्र के जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की है।

समाधान न होने पर धरना देंगे अधिवक्ता

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- सफीपुर बार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा
- तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार से भी कराया अवगत, कहा जल्द हो समस्याओं का समाधान

अमृत विचार। सफीपुर तहसील में कार्यरत नायब तहसीलदार, बाबुओं, कर्मचारियों व लेखपालों की खराब कार्यशैली और भ्रष्टाचार से परेशान होकर सफीपुर बार एसोसिएशन ने एसडीएम द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजते हुए तीन दिन का समय दिया है। साथ ही उनकी समस्याओं का हल न निकलने पर धरना देने की बात भी कही है।

सफीपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष यशपतेंद्र सिंह व महामंत्री श्याम सुंदर यादव ने एसडीएम नवीन चंद्र को दिये मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में बताया कि तहसील कार्यालय में बाबुओं व नायब तहसीलदार का बोलबाला है। वे अपनी मनमानी करते हैं और किसी भी कार्य में सहयोग नहीं करते हैं। वहीं लेखपाल द्वारा जान बूझकर जांच लंबित की जाती हैं। जिससे सालों साल मुकदमे भी लंबित हैं। आरोप लगाया कि तहसील में नायब तहसीलदार कोर्ट में कई ऐसी फाइलें हैं जिसमें सुविधा शुल्क न मिलने के चलते आज तक उनमें आदेश पारित नहीं किया गया। इन्हीं मामलों के मद्देनजर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम द्वारा भेजा गया जा रहा है। जिसमें तीन दिनों के अंदर समस्याओं को निस्तारित कराने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया कि समस्याएं निस्तारित न होने पर बार एसोसिएशन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वाले अधिवक्ताओ में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष संजीव शुक्ला, प्रशांत त्रिपाठी, केके गौड़ आदि रहे।

एसडीएम को ज्ञापन देते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

आगे चल रहे डंपर में पीछे से घुसा दूसरा डंपर, लगा लंबा जाम

पुरवा। असोहा क्षेत्र के दही-मोहनलालगंज मार्ग पर जबरेला स्थित सई नदी पुल के पास मंगलवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे ओवरटेक करते समय आगे चल रहे डंपर में पीछे चल रहा डंपर घुस गया। जिससे सड़क के दोनों ओर आठ किमी तक वाहनों की कतार लग गई। लंबा जाम देख मोहनलालगंज व असोहा थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और हाइड्रा से खराब ट्रकों को हटवाया गया। इसके बाद जाम खुल सका। इस दौरान करीब पांच घंटे मार्ग अवरुद्ध रहा। पुलिस की शिथिलता के चलते राहगीरों को इस भीषण गर्मी में जाम से जूझना पड़ा। एसओ रामऔतार ने बताया कि दो ट्रक बीच सड़क पर टकराने से खराब हो गए थे। जिससे जाम लग गया था। ट्रकों को हटवाकर जाम खुलवा दिया गया हैं।

गंभीर समस्या जहरीले धुएं से हाईवे पर राहगीर व स्थानीय लोग हुए परेशान

फेंके गए औद्योगिक कचरे में लगी आग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। शहर भर में स्वच्छता अभियान के चलते कचरे को उठाने की प्रक्रिया सरकारी स्तर पर की जाती है। लेकिन, दही औद्योगिक क्षेत्र साइड-2 में यह प्रक्रिया पूरी तरह से थमी हुई है। जिससे वहां के उद्यमी अपनी फैक्ट्रियों से निकलने वाले प्रदूषित कचरे को लखनऊ-कानपुर हाईवे के अलावा इधर-उधर फेंक दे रहे हैं। वहीं, अपनी इस करतूत को छिपाने के लिये वे इस कचरे में आग भी लगवा दे रहे हैं। जिससे वाहन सवार व राहगीर इस धुएं की दुर्गंध व प्रदूषण से बीमार हो रहे हैं। वहीं इस गंभीर समस्या की प्रशासन व प्रदूषण बोर्ड के अफसरों को भनक तक नहीं है।

बता दें कि दही औद्योगिक क्षेत्र साइड-2 में कामन इन्फ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) के सामने गड्ढे में अवैध रूप से फैक्ट्रियों के फेंके जा रहे कचरे में आग लगने से प्रदूषित हवा लखनऊ-कानपुर हाईवे से निकलने वाले राहगीर व शहर वासियों के साथ फैक्ट्रियों में काम कर रहे मजदूरों को भी परेशान कर रही है।

इस पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कोई पहल नहीं हो रही है। यही हाल रहा तो जल्द ही हवा इस कदर प्रदूषित होगी जिससे सांस लेना तक मुश्किल हो जायेगा। उधर, अवैध रूप से फैक्ट्रियों के कचरे को गड्ढे में एकत्रित करने की डंपिंग से लेकर निष्तारण तक प्रशासनिक अफसरों की मिलीभगत से हो रहा है।

दही क्षेत्र में औद्योगिक कचरे में लगी आग से उठता धुआं। अमृत विचार

बोले, आरओ यूपीपीसीबी

क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अनिल माथुर ने बताया कि कचरे के ढेर में आग लगने की जानकारी हमें नहीं है। अधिकारियों व फायर ब्रिगेड टीम को सूचना देकर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

गांजा विक्रेता को मिली आठ माह की सजा

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने चार साल पहले एक गांजा विक्रेता को पकड़कर जेल भेजा था। मंगलवार को कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई। एडीजे ने उसे आठ माह की सजा सुनाई है।

बता दें कि 28 जुलाई-2020 की सुबह 10 बजे गंगाघाट कोतवाली में तैनात दरोगा अमित सिंह ने फोर्स के साथ गंगापुल के पास स्थित सीताराम कालोनी से एक युवक को पकड़ा था। पूछताछ में उसने अपना नाम शानू पुत्र मुन्ना निवासी मनोहर नगर शुक्लागंज बताया था। जामातालाशी में उसके पास 2.150 किलो गांजा बरामद हुआ था। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। दलीलों के आधार पर एडीजे शिप्रा आर्य ने शानू को आठ माह का कारावास के साथ दो हजार का जुर्माना भी लगाया है।

विद्युत समस्याओं से परेशान ग्रामीण भड़के

संवाददाता परियर उन्नाव

- समस्याओं को जल्द दूर कराने के आश्वासन पर माने ग्रामीण

अमृत विचार। सफीपुर विद्युत उपखंड क्षेत्र के परियर गांव में बीते वर्ष से जानकी पुरवा मोहल्ले में आएदिन तार टूट जाता है। जिसे जोड़ने के लिए लाइन मैन को चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है। इसी प्रकार धोबिन मोहल्ले में भी कई वर्षों से विद्युत आपूर्ति सही से नहीं हो रही है। पूरे गांव में बीते कई महीनों से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत लगातार की जा रही है लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे मजबूर लोगों ने मंगलवार को परियर में सफीपुर-परियर-चकलवंशी तिराहे पर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे विद्युत विभाग के इंजीनियर जैद खान को ग्रामीणों के साथ रविशंकर मिश्रा ने प्रार्थनापत्र देकर विद्युत तार व ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर सुचारु रूप से आपूर्ति करने की मांग की। जैद ख़ान ने सभी समस्याओं को जल्द ही दूर कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना खत्म हुआ। इस दौरान हरिनारायण पांडे, शंकर स्वरूप अवस्थी, देवी प्रसाद, शुभम, वीरेंद्र विमल, ओमप्रकाश, डा. मोहसिन, मनीराम, सुधा, मुन्नी देवी, कौशल, अनुज, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश वर्मा, रोहित, परसराम, रामलाल, शिवबरन, सुरेश, राधेश्याम, अरुण, मिथलेश, रामपाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

विद्युत विभाग के इंजीनियर को प्रार्थनापत्र देते ग्रामीण। अमृत विचार

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत, मचा कोहराम

80 वर्षीय वृद्ध मंगलवार की सुबह साइकिल से रिश्तेदारी में जा रहा था तभी हुआ हादसा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मक्का पुरवा निवासी एक वृद्ध साइकिल सवार को अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मुन्नू।

मक्कापुरवा निवासी मुन्नू (80) पुत्र स्व. बैजू मंगलवार सुबह साइकिल से रिश्तेदारी में जा रहा था, तभी हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना गांव के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर जा गिरा। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और मुन्नू के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर उसके बेटे मौके पर पहुंचे। जहां गंभीर हालत में इलाज के लिये एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बैठे मृतक के परिजन। अमृत विचार

अनियंत्रित ई रिक्शा तालाब में गिरा, चालक की मौत: शुक्लागंज उन्नाव । गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा कलां निवासी एक ई रिक्शा चालक ई रिक्शा लेकर जा रहा था, तभी पिंडोखा गांव के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरा। जिससे चालक के सिर पर गंभीर चोटें आई। उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

देवारा कलां निवासी नंदराम (45) ई रिक्शा चालक था। मंगलवार सुबह वह ई रिक्शा लेकर सहजनी शंकरपुर मार्ग से जा रहा था, तभी पिंडोखा गांव के पास उसका ई रिक्शा अनियंत्रित हो गया और सड़क से उतर कर तालाब में जा गिरा। तालाब में गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोग दौड़े और किसी तरह नंदराम को बाहर निकाला। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस की मिलीभगत से धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन

पुरवा। पुरवा कोतवाली अन्तर्गत बीते दो माह से खनन माफियाओं व पुलिस की सांठगांठ से जमकर अवैध खनन हो रहा है। खनन माफिया रात के अंधेरे मे बुल्डोजर व ट्रैक्टर-ट्राली से सैकड़ों ट्राली मिट्टी का खनन कर रहे है। मंगतखेड़ा चौकी क्षेत्र से बिछिया क्षेत्र तक खनन माफिया सक्रिय हैं। बता दें कि सोमवार रात दही-पुरवा मुख्य मार्ग पर बिछिया सीएचसी से आगे खनन माफियाओं ने रात में एक प्लाट से करीब दो सैकड़ा ट्राली मिट्टी खोद डाली। बिछिया पिकेट से करीब एक किमी दूर पर खनन होता रहा और बिछिया पुलिस को इसकी भनक तक नहीं। जबकि खनन स्थल से 200 मीटर दूर पुलिस पिकेट भी रहती है। बावजूद इसके खनन माफिया बेहिचक खनन करते हैं। माफियाओं ने जिस भूमि से खनन किया है वह एक गैर जनपद के विधायक की बताई जा रही है। अवैध रूप से किया जा रहा खनन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

तपती दोपहरी में राहगीरों को शर्बत व भंडारे से मिली राहत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

जेठ का तीसरा बड़ा मंगलवार

राजधानी मार्ग पर जेठ के मंगल पर भंडारा छकते श्रद्धालु। अमृत विचार

अमृत विचार। जेठ के तीसरे मंगल को देखते हुये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बाबा के मंदिरों में भव्य श्रृंगार कराया गया। इसके साथ ही सुंदरकांड का पाठ का आयोजन हुआ। वहीं राजधानी मार्ग समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शर्बत वितरण, भंडारे का आयोजन हुआ। जहां आने जाने वाले लोगों ने बाबा का प्रसाद चखा।

मंगलवार पर राजधानी मार्ग स्थित निषाद मार्केट के पास राजू यादव, अभिषेक यादव, गोपी यादव ने बाबा की पूजा अर्चना की। जिसके बाद बूंदी का प्रसाद बांटा। जहां आने जाने वाले लोगों ने प्रसाद चखा। इसी तरह अंबिकापुरम के पास पूर्व पालिकाध्यक्ष रंजना गुप्ता, राजेश गुप्ता ने बाबा की पूजा अर्चना की। जिसके बाद विशाल भंडारा कराया।

इस मौके पर केडी त्रिवेदी, दुर्गा तिवारी, दुर्गेश श्रीवास्तव, अशोक पांडे, छोटू यादव, मिंटू वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

वहीं बालूघाट मोड़ पर विशाल त्रिपाठी ने शर्बत वितरण कराया। वहीं राजधानी मार्ग स्थित महावीर मंदिर के बाहर शर्बत वितरण किया। जहां आने जाने वाले लोगों ने गर्मी में ठंडा-ठंडा शर्बत पिया। इसके अलावा दुर्गा मंदिर के बाहर शर्बत वितरण किया गया। शर्बत वितरण सुबह से शाम तक चलता रहा। इसके अलावा राजधानी मार्ग, पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, कंचन नगर समेत आस पास ग्रामीण इलाकों में भी कई जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया।

दो बच्चों में दिखा संभावित मिजल्स

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी के दौरान मरीजों की लाइनें लगी रही। इस दौरान दो बच्चों के परिजन ओपीडी कराने पहुंचे। जहां बच्चों में संभावित मिजल्स के लक्षण दिखने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने डब्ल्यूएचओ को सूचना दी। इसके साथ ही बच्चों को दवाइयां देने के साथ ही उनके परिजनों को बचाव के तरीके भी बताये और आस पास साफ सफाई रखने के निर्देश दिये।

मंगलवार सुबह न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी के दौरान मरीजों की भारी भीड़ रही। जहां पीएचसी प्रभारी डॉ. रवि प्रकाश सचान मरीजों का परीक्षण कर रहे थे। इसी बीच पोनी रोड प्रेम नगर निवासी संजय गौतम की पत्नी अपनी डेढ़ साल की बेटी त्रिशिका की तबीयत खराब होने पर स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने उनका परीक्षण किया। बच्ची के शरीर में लाल दाने दिखे। जिस पर उन्होंने संभावित मिजल्स का मरीज बताया। इसी तरह गायत्री नगर के गोविंद का डेढ़ वर्षीय बेटा भी अस्पताल पहुंचा। उसके भी मिजल्स के लक्षण दिखाई पड़े। दो संभावित मरीज मिलने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने डब्ल्यूएचओ को सूचना दी। जिसके बाद उन्होंने उनके परिजनों को घर व आस पास साफ सफाई रखने के निर्देश दिये। वहीं उन्होंने दोनों बच्चों को दवाइयां दी। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि घर में साफ सफाई के साथ ही कॉटन के कपड़े पहने। पानी उबाल का ठंडा करके पीयें। लक्षण दिखने पर सरकारी अस्पताल में संपर्क करें।

मरीज के परिजनों को बचाव की जानकारी देते चिकित्साधिकारी। अमृत विचार

- डब्ल्यूएचओ को दी गई सूचना

घर में गंभीर रूप से घायल मिले अधेड़ की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- ग्रामीणों ने बेटे पर जताई आशंका, बेटा फरार
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गंभीर चोट की हुई पुष्टि

अमृत विचार। मौरावां थानांतर्गत अधेड़ को घर में संदिग्ध परिस्थिति में पड़ा देख परिजनों ने उसे 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जहां उसके सिर व शरीर के अन्य अंगों में आई चोटों से मौत होने की पुष्टि हुई है। चर्चा है कि उसका दिन में अपने बेटे से विवाद भी हुआ था।

बता दें कि मौरावां थानांतर्गत लऊआ गांव के मजरा चंदीबक्श खेड़ा निवासी भगवती प्रसाद पुत्र स्व. महादेव खेती के साथ घर के बाहर किराने की दुकान किए था। सोमवार को उसका उसके बेटे श्रीनारायण से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। शाम को उसे घर में अचेत अवस्था में पड़ा देख परिजन उसे अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम में उसके सिर में आई चोट से उसकी मौत की पुष्टि हुई है। सूत्र बताते हैं कि उसके पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें मिली हैं।

हादसे के बाद से उसका बेटा फरार है। उसके एक बेटे की पहले ही मौत हो चुकी है। ग्रामीणों में यह भी चर्चा है कि घर में हुए विवाद के बाद उसकी पत्नी गंगा दुलारी भी कहीं चली गई थी। जो बाद में लौट आई थी। वहीं, गांव में रहने वाला छोटा भाई भंवरेश्वर भी उसकी मौत को लेकर कोई जानकारी नहीं दे सका।

दो दिन से मोटर खराब होने से जलापूर्ति को तरस रहे लोग

शुक्लागंज उन्नाव । आदर्श नगर स्थित पालिका के पंप हाउस में लगी पानी की मोटर में खराबी आ जाने के कारण चार मोहल्लों को होने वाली जलापूर्ति दो दिनों से ठप पड़ी हुई है। मंगलवार को नई मोटर मंगाई गई लेकिन पानी न उठा पाने के कारण बुधवार को दोबारा मरम्मत कार्य कराया गया। आदर्श नगर पंप हाउस से जगनी खेड़ा, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, आदर्श नगर के अलाव आस पास मोहल्लों में रहने वाले लगभग बारह हजार लोगों को जलापूर्ति होती है। दो दिन पहले मोटर खराब हो जाने के कारण सुबह शाम होने वाली जलापूर्ति प्रभावित हो गई। मंगलवार को दूसरी मोटर डाली गई। पूरा दिन विभाग परेशान रहा, शाम करीब छह बजे दूसरी नई मोटर लाई गई लेकिन सफलता नहीं मिली।

सार-संक्षेप

तीन घरों से चोरों ने पार किये 50 लाख के जेवर व 4 लाख नकद

नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मदनापुर गांव में देररात चोरों ने ग्राम प्रधान समेत तीन घरों से 50 लाख के सोने-चांदी के जेवर सहित 12 लाख की नकदी पार कर ले गए। पीड़ितों ने कोतवाली में चोरों के विरुद्ध चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मदनापुर गांव के प्रधान प्रताप शंकर यादव ने बताया कि वे घर पर सो रहे थे। तभी देररात पीछे की दीवार के रास्ते घर में दाखिल चोरों ने आलमारी से सोने के जेवरात व साढ़े तीन लाख रुपये नकद पार कर ले गए। वहीं, दूसरी घटना 400 मीटर दूर गुरु प्रसाद पुत्र बुद्धीलाल के घर में हुई। वहां, मेनगेट से चोर घर में दाखिल हुए और बक्से में रखे सोने जेवरात सहित 12 हजार नकद पार कर ले गए। तीसरी घटना वहां से 600 मीटर दूर वसीम खान के घर में हुई। यहां पर पीछे के रास्ते से घुसे चोरों ने कमरे में रखी आलमारी व बक्से का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात समेत 50 हजार नकद उठा ले गए। परिजन घर के बरामदे में सो रहे थे। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि घटनाओं की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

चोरों द्वारा फैलाया गया सामान।

चालक के साथ ट्रैफिक दरोगा की मारपीट का वीडियो वायरल

बिछिया। लखनऊ के बनी कस्बे में लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के निर्माण के चलते दही-पुरवा मोड़ पर रूट डायवर्ट किया गया है। मंगलवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें एक ट्रक चालक ट्रैफिक दरोगा से कह रहा है कि उसे नवाबगंज तक जाना है और उसके कागज पूरे हैं। जिसे लेकर दोनों में कहासुनी हुई। इस दौरान ट्रैफिक दरोगा ने चालक से मारपीट भी की। जिसका चालक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि, अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

पुल को लेकर अध्यक्ष प्रतिनिधि ने गडकरी से की मुलाकात

शुक्लागंज उन्नाव। पुराना यातायात पुल बंद होने के कारण पिछले तीन सालों से नवीन पुल पर आये दिन पीक ऑवर में भीषण जाम लग रहा है। यहां तक जाम में फंसकर दो मरीजों की जान भी जा चुकी है। जिसे देखते हुये संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष ने दिल्ली स्थित परिवहन भवन पहुंचकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और समस्या के बारे में अवगत कराया। जिस पर उन्होंने जल्द इस समस्या से निजात दिलाने का अश्वासन दिया है। वर्ष 2021 में पुराना यातायात पुल जर्जर होने के कारण बंद कर दिया गया था। जिसके बाद से नवीन पुल एक मात्र कानपुर आने जाने के लिये रास्ता बचा है। वाहनों का अधिक भार और बालूघाट मोड़ से लेकर नवीन पुल तक संकरे रास्ते के कारण रोजाना सुबह, दोपहर, शाम से लेकर देर रात तक जाम लग रहा है। जाम में प्रतिदिन हजारों लोगों को जूझना पड़ रहा है। जनसमस्या को देखते हुये नगर के डॉकतार कॉलोनी निवासी पूर्व नौ सैनिक पूर्व रणजी खिलाड़ी संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष व पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे के प्रतिनिधि संदीप पांडे ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को बताया कि अप्रैल 2021 में पुराने यातायात पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण बंद करा दिया गया था। जिससे आये दिन नवीन पुल पर जाम लग रहा है। इस बारे में उनके द्वारा किये गये पत्राचार से अवगत कराया। संदीप ने बताया कि नगर की गंभीर समस्या को हल करने के लिए परिवहन मंत्री ने आश्वासन दिया है।

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्रतीक चिह्न देते चेयरमैन प्रतिनिधि।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव धन्नीपुर में लगी आग। अमृत विचार

एलटी लाइन टूटने से लगी आग से नौ घर जलकर राख

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के धन्नीपुर गांव में एलटी लाइन टूटकर छप्पर पर गिरने से आग लग गई। इसमें गांव के 9 घर चपेट में आ गए। जिससे लोगों का सामान व गृहस्थी जलकर राख हो गई।

मंगलवार शाम धन्नीपुर गांव में लगी एलटी लाइन शार्टसर्किट होने से जलने लगी और तार टूटकर गुरु प्रसाद के छप्पर पर गिर गया। जिससे गुरु प्रसाद के घर में आग लग गई। तेज हवा चलने से आग देखते ही देखते आसपास के घरों तक फैल गई। लपटें देख वहां पहुंचे ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन, वे सफल नहीं हो सके। ग्राम प्रधान दिनेश कनौजिया की सूचना पर पहुंचे फायर बिग्रेड के कर्मियों ने विद्युत सप्लाई बंद कराई और कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया।

बाबा खाटू श्याम के भजनों में झूमे भक्त

पुरवा। सोमवार रात ब्लाक क्षेत्र के मझखोरिया स्थित बाबा खाटू श्याम के जगराते का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन खाटू श्याम के भजनों से हुआ। श्री श्याम सखा मित्र मंडल के गायकों ने अपने भजनों से भक्तों का मन मोह लिया।

भजन गायक मुकुल बाजपेई, अभिषेक शुक्ला, आलिया शर्मा, किरन गुप्ता आदि ने भजन सुनाए। दीपांशु इंटर नेशनल ग्रुप द्वारा राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गयी। आयोजक रामदत्त साहू ने पूजा के साथ समापन किया। इस दौरान शिव नारायण साहू, अशोक साहू, सूरज साहू, अरुण, विकास अवस्थी, राजा दुबे व मनोज मौजूद रहे।

झाड़ियों की आग से पंचर की दुकान राख

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली के फोरलेन स्थित सहजनी के निर्मल नगर के सामने किसी ने झाड़ियों में आग लगा दी। जिससे झाड़ियां धू धू कर जलने लगी। इसी दौरान फोरलेन के किनारे बनी पंचर की दुकान तक आग पहुंच गई। जिससे दुकान पूरी तरह जलकर स्वाहा हो गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने किसी तरह आग बुझाई। इस दौरान यातायात रुका रहा।

मंगलवार शाम लगभग साढ़े चार बजे सहजनी चौराहे से पहले निर्मल नगर के सामने किसी ने झाड़ियों में आग लगा दी। तेज हवाएं चलने के कारण आग दूर तक फैल गई और झाड़ियां धू धू कर जलने लगी। इसी दौरान फोरलेन के किनारे मूलरूप से बिहार निवासी इकरामुल की पंचर की दुकान तक पहुंच गई। जिससे पूरी दुकान धू धू कर जलने लगीं। उसमें रखी टॉयर ट्यूब, कम्प्रेशर मशीन समेत अन्य सामान धू धू कर जल गई। जिससे दुकानदारों का हजारों का नुकसान हुआ है। वहीं आग की लपटें अधिक तेज होने के कारण शुक्लागंज से उन्नाव जाने वाले वाहन रुक गये। आस पास के लोगों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर कर्मियों ने मशक्कत कर आग बुझाई। आग से पंचर दुकानदार को हजारों का नुकसान पहुंचा है।

आग बुझाता फायर कर्मी। अमृत विचार

- विकराल रूप होने से यातायात हुआ प्रभावित

दुर्भाग्यपूर्ण शहर के विभिन्न चौराहों पर लगीं महापुरुषों की प्रतिमाएं हैं उपेक्षा की शिकार

महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ- सफाई नहीं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले के अलावा देश-प्रदेश तक को अपनी प्रतिभा से पहचान दिलाने वाले महापुरुष आज जिले में ही उपेक्षा के शिकार हैं। शहर के चौराहों पर लगी उनकी प्रतिमाएं खुद अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही हैं। महापुरुषों की प्रतिमाओं पर रखरखाव के अभाव में धूल की परतें जम गई हैं।

बता दें कि शहर के विभिन्न चौराहों पर स्वतंत्रता सेनानियों व महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। कुछ चौराहों पर लगी प्रतिमाओं को ऊपर से ढक दिया गया है लेकिन, अभी अधिकांश को उनकी छत तक नसीब नहीं हुई है। कुछ प्रतिमाओं में सूखे फूलों की माला पड़ी है। जैसे वे फिर किसी देशभक्त के आने की राह तक रही हैं। देखरेख न होने से प्रतिमाओं पर धूल चढ़ी हुई है। शहर के हरदोई पुल तिराहा स्थित शास्त्री पार्क में लगी पूर्व प्रधानमंत्री, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा इन दिनों आकर्षण का केंद्र जरूर बनी है लेकिन, प्रतिमा व पार्क सफाई न होने से बदहाल हैं। वहीं, शहर के हृदय स्थल बड़ा चौराहा स्थित छायावाद व प्रगतिवाद के पुरोधा पं. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रतिमा हो या लखनऊ- कानपुर बाईपास स्थित पार्क में लगी पं. उमाशंकर दीक्षित की प्रतिमा भी उपेक्षा का दंश झेल रही हैं। पं. उमाशंकर दीक्षित कर्नाटक व पश्चिम बंगाल के राज्यपाल भी रहे और उप्र के उन्नाव जिले के निवासी थे। वहीं, एसपी आफिस स्थित बने डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा भी पूरी तरह से बदहाल है। पुलिस की उदासीनता से इन पार्कों कुछ के पास तो अराजक तत्वों को जुआं खेलते व शराब पीते भी अक्सर देखा जा सकता है। लेकिन पुलिस इनके विरुद्ध कार्रवाई करना भी मुनासिब नहीं समझती है।

सूखे मालों से सजी शास्त्री जी की प्रतिमा।

पं. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रतिमा।

पं. उमा शंकर दीक्षित की प्रतिमा।

बोले जिम्मेदार

नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने कहा कि शहर के पार्कों व वहां लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं की जल्द ही सफाई कराई जाएगी। आगे भी ध्यान रखा जाएगा कि वहां लगातार साफ-सफाई होती रहे। कहा कि जल्द ही शहर के पार्क व प्रतिमाएं साफ सुथरी व चमचमाती नजर आएंगी।

घर में पड़ा मिला युवक का शव

हसनगंज उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में देररात संदिग्ध परिस्थिति में घर के अंदर युवक का शव पड़ा मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं परिजनों ने शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाने की आशंका जताई है।

कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद निवासी हरिओम (22) पुत्र कल्लू शर्मा स्लैब के लिए जाल बांधने का काम करता था। सोमवार को वह गांव के ही एक मिस्त्री के साथ काम पर गया था। लेकिन वहां समय से सरिया नहीं पहुंची तो वह लौट आया। वह शराब का लती था। घर में वह पिता व बड़े भाई पिंटू के साथ रहता था। मां की मौत हो चुकी है और भाभी का भाई से अलगाव हो चुका है। घर में तीनों पुरुष सदस्य ही रहते हैं।

हाउस टैक्स में 20 फीसद की छूट मिलने पर पालिका में उमड़ी भीड़

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। मंगलवार को नगर पालिका में हाउस टैक्स जमा करने के लिये लोगों की भीड़ रही। मौजूद टैक्स कलेक्टरों ने बताया कि जून माह के अंतिम सप्ताह तक हाउस टैक्स जमा करने पर बीस प्रतिशत छूट दी जायेगी। उसी को लेकर सुबह से लेकर दोपहर तक पालिका में हाउस टैक्स जमा करने वालों की भीड़ रही।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय एवं ईओ मुकेश मिश्रा ने नगर में हाउस टैक्स वसूलने के लिए छूट की बात कही थी। जिसके तहत जून माह के अंतिम दिवस तक टैक्स जमा करने पर 20 प्रतिशत की छूट पालिका दे रही है। जिसकी जानकारी होने पर मंगलवार को पालिका क्षेत्र के 28 वार्डों के अलग-अलग मोहल्लों में रहने वाले लोग पालिका पहुंचे। जहां पालिका में टैक्स जमा करने के लिये लाइनें लगी रही। इस दौरान वहां मौजूद टैक्स कलेक्टरों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। लोग पालिका के लगाये गृहकर में 20 प्रतिशत छूट लेने के लिए जून माह में ही राशि अदा करके लाभ उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। मौजूद टैक्स कलेक्टरों ने कहा कि इसी तरह कई दिनों से लाइन लगी हुई है।

पालिका में टैक्स जमा करने के लिये लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

- जून माह के अंतिम सप्ताह तक हाउस टैक्स जमा करने पर मिलेगी छूट

अमृत विचार
www.amritvichar.com

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटुवचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

संपादकीय

विदेश नीति की चुनौतियां

भारत आज विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में से एक है। वैश्विक मंचों पर बढ़ रही भारत की स्वीकार्यता महाशक्ति कहलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अमेरिका के अलावा कई अन्य देश अब भारत को एक उभरती महाशक्ति के तौर पर देखने लगे हैं और भारत की नीतियों-रणनीतियों पर उनकी निगाहें लगी रहती हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों में काफी सुधार हुआ है, क्योंकि वह एक स्थिर शक्ति के रूप में भारत को देखता है। परंतु चीन और पाकिस्तान के साथ अस्थिर सीमा मुद्दों को लेकर तनाव रहता है। चीन दक्षिण एशिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हुआ दिख रहा है और भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया ने देखा है कि संकट के समय अगर एक देश ग्लोबल साउथ के साथ खड़ा रहा है तो वो भारत है। उन्हें लगता है कि भारत उनका मित्र है। जी 20 की अध्यक्षता के दौरान जिस तरह हमने अफ्रीकी संघ की सदस्यता के लिए कोशिश की, उससे दुनिया के देशों का विश्वास हम पर बढ़ा है। नई सरकार के शपथ के दिन से ही हमारी नेबरहुड फर्स्ट को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर हो गई।

भारत के पड़ोसी देश चीन के प्रभाव के चलते अपनी नीतियों को लेकर दुविधा में रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के नेताओं का आना अच्छा संकेत है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान और चीन के साथ भारत के रिश्तों को लेकर कहा कि जहां तक पाकिस्तान और चीन का सवाल है, उन देशों के साथ संबंध अलग हैं और वहां की समस्याएं भी अलग हैं। नई सरकार के समय में पाकिस्तान के साथ हम वर्षों पुराने सीमापार आतंकवाद के मुद्दे का समाधान खोजना चाहेंगे। उन्होंने साफ किया कि किसी अच्छे पड़ोसी की नीति सीमा पर आतंकवाद नहीं हो सकती। वहीं चीन को लेकर उन्होंने कहा कि सीमा के बचे हुए मसले सुलझाने पर उनका फोकस होगा। वास्तव में वैश्वीकरण के इस युग में, भारत का राष्ट्रीय हित केवल अपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और प्रभाव को बढ़ाने से हो सकता है। भारत के समक्ष विदेश नीति की चुनौतियों की जटिलता पूरी दुनिया की तरह चुनौतियों के समग्र प्रतिबिंब के फैलाव के रूप में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि भविष्य में भारत की भूमिका, एक संतुलन शक्ति के बजाय एक प्रमुख शक्ति के रूप में हो। वैश्विक पटल पर प्रासंगिक बने रहने के लिए भारत को चुनौतियों को समझ कर अपना रुख तय करना होगा। उम्मीद है कि संघर्ष और तनावों के बीच हम अपनी एक जगह बनाए रखने में कामयाब रहेंगे।

मणिपुर में फिर क्यों सुलग उठी हिंसा की आग

दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया।

जातीय हिंसा से दहलने के एक साल बाद फिर मणिपुर में हिंसा की आग सुलग उठी है। पिछले आठ महीनों में राज्य में बड़े पैमाने पर हिंसा नहीं हुई है। हालांकि मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष में लोगों की जान जाती रही है, जो मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के बार-बार किए गए दावों को झूठला रहा है कि संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में शांति धीरे-धीरे वापस आ रही है। संघर्ष से पैदा हुए जख्म बेशक गहरे हैं। 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

हजारों परिवार शरणार्थी शिविरों में तड़प रहे हैं और महिलाओं के खिलाफ भीषण हिंसा की खबरें आ रही हैं। निगरानी समूह लगातार कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार की ओर से युद्धरत समुदायों के बीच सार्थक बातचीत शुरू करने की इच्छाशक्ति की कमी से बहुत नुकसान हुआ है। मणिपुर सरकार ने 8 जून को जिरिबाम में सुरक्षा दल भेजा, जो संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा उत्पात मचाने और जिले के सीमांत क्षेत्रों में कई घरों को आग लगाने के बाद जातीय हिंसा की नई लहर की चपेट में आ गया है। मणिपुर सरकार द्वारा जिले में अतिरिक्त बल भेजे जाने के बाद मणिपुर पुलिस कमांडो को हवाई मार्ग से जिरिबाम पहुंचाया जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमलावरों ने जिले के सीमांत क्षेत्रों में बस्तियों पर हमला करते हुए जिरिबाम जिला पुलिस की एक पुलिस चौकी, एक वन बीट कार्यालय और 75 से अधिक घरों को आग लगा दी। आगजनी से एक दिन पहले उग्रवादियों ने 65 वर्षीय एक व्यक्ति का सिर कलम कर दिया था जिसका 6 जून को अपहरण कर लिया गया था। इस क्रूर हत्या से गुस्साए जिले के निवासियों ने 6 जून की रात को जिले के बाहरी इलाके में एक खाली पड़े घर में आग लगा दी थी।

तनावपूर्ण स्थिति के बीच 7 जून की शाम से ही भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने जिले के बाहरी इलाके में स्थित मैतेई समुदाय के विभिन्न इलाकों में बम और बंदूक से हमला करना शुरू कर दिया और आधी रात के आसपास हमले तेज हो गए जिसमें मैतेई समुदाय के घरों को जला दिया गया। अभी तक हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अब तक उग्रवादियों ने जिले के बोरबेकरा उप-मंडल के अंतर्गत आने वाले

> मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं।

लमताई खुनौ, लौकोइपुंग और नयनपुर इलाकों में 70 से अधिक घरों को जला दिया है। घरों को जलाने से पहले उग्रवादियों ने रिहायशी इलाकों की ओर बंदूक और बम से कई राउंड फायरिंग की जिसके बाद निवासी भागकर अपनी जान बचाने के लिए पास के जंगल में छिप गए। निवासियों ने दावा किया कि इलाके में असम राइफल्स की मौजूदगी के बावजूद हमले किए गए और अर्धसैनिक बलों पर हमलावरों को रोकने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। इससे पहले बढ़ते तनाव को देखते हुए सीमांत और संवेदनशील इलाकों के कुछ इलाकों के 200 से अधिक निवासियों को पुलिस और सुरक्षा बलों ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उन्होंने जिला मुख्यालय में खोले गए राहत शिविरों में शरण ली।

इस बीच जिरिबाम जिले के निवासियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिले का दौरा करने और कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने की मांग की। उन्होंने सरकार से जिला मुख्यालय में विभिन्न स्थानों पर शरण लेने वाले विस्थापित लोगों को राहत प्रदान करने की भी मांग की और जिले के डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर कहा कि लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले साल मई में पहली बार भड़के जातीय संघर्ष के एक साल से अधिक समय बाद भी इसे समाप्त करने में सरकार की अक्षमता असम की सीमा से लगे जिले में हिंसा के बढ़ने के पीछे है। इस बीच जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए कानून व्यवस्था नियंत्रित करने में जिला प्रशासन की सहायता के लिए इंफाल से अतिरिक्त सुरक्षा बलों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिले में भेजा गया है। 9 जून की सुबह कंगाल हेलीपैड से राज्य पुलिस कमांडो के लगभग 70 कर्मियों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिला मुख्यालय ले जाया गया। जिरिबाम जिले में हिंसा के अलावा हथियारबंद उग्रवादी कांगपोकपी जिले की पहाड़ी श्रृंखला से उतरे और इंफाल पश्चिम जिले के से कमाई में बस्तियों पर हमला करना जारी रखा।

मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिरिबाम जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हर संभव कदम उठाने को कहा। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से नई दिल्ली में मुलाकात की, जहां दोनों डेरा डाले हुए थे। बैठक के दौरान राज्यपाल ने जिले में मौजूदा अस्थिर कानून और व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। दूसरी ओर निर्वाचित सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने जिरिबाम जिले में हिंसा में वृद्धि पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही हमें भावनाओं को भड़काना नहीं चाहिए, खासकर सोशल मीडिया साइटों पर। हमें रिपोर्ट करते समय या अपनी राय व्यक्त करते समय बचना चाहिए और जिम्मेदार होना चाहिए।

मणिपुर अखंडता समन्वय समिति ने राज्य में हिंसा की ताजा लहर की कड़ी निंदा की जिसने जिरिबाम को प्रभावित किया, जो अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण था, जहां सभी समुदाय- थाडू, हमार, पैते, काबुई, ज़ेलियानग्रोंग, मैतेई पंगल और मैतेई समुदाय सद्भाव के साथ सह-अस्तित्व में थे। समिति ने हिंसा की ताजा लहर के लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराया और राज्य के मूल लोगों की पीड़ा के लिए केंद्र की आलोचना की। समिति ने कहा-हाल ही में हुई हिंसा का कारण अप्रवासी कुकी समूहों द्वारा उग्रवादी रणनीति के माध्यम से अलग प्रशासन की अपनी मांगों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई भड़काऊ कार्रवाइयां हैं जिसके परिणामस्वरूप मैतेई पीड़ित का अपहरण और हत्या हुई है। समिति ने भारत सरकार की निष्क्रियता और असम राइफल्स द्वारा वास्तविक अपराधियों को पकड़ने में विफलता की आलोचना की, जिन्होंने इसके बजाय गुस्साई भीड़ पर गोलियां चलाईं जिससे स्थिति और बिगड़ गई। इसने कहा कि स्थानीय आबादी की तुलना में अप्रवासी समुदायों को तरजीह देना और आंतरिक व्यवस्था बनाए रखने के बजाय भारत-म्यांमार सीमा की ओर सुरक्षा संसाधनों का गलत आवंटन सरकार का दोषपूर्ण निर्णय है।

मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं। काउंसिल ने 6 जून को मुलरगांव के पास गुलरथोल, जिरिबाम के निवासी सोइबाम सरत कुमार की नृशंस हत्या और अज्ञात बदमाशों द्वारा जिरिबाम के वेंग्नुआम डिबोंग खुनौ के निवासी एल थियानमुआंग के अपहरण की कड़ी निंदा की। यह देखा गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप 6 जून की रात को जिरिबाम में कुकी के कई घरों को जला दिया गया और उसके बाद बोरोबेक्रा के लांताई खुनौ में घटना हुई, जहां मैतेई के घरों को जला दिया गया और उन पर हमला किया गया। हाल ही में हुई ये सभी घटनाएं जिरिबाम के लंबे समय से चले आ रहे शांतिपूर्ण माहौल को नुकसान पहुंचाने का एक अस्वास्थ्यकर संकेत हैं। रोंगमेई नागा लोगों ने शांति बनाए रखने और दोनों समुदायों की ओर से किसी भी हिंसात्मक कार्रवाई की निंदा करने के अपने रुख को दोहराया, काउंसिल ने दोनों समुदायों से इस मुद्दे को और न बढ़ाने और जिरिबाम के नागरिकों के कल्याण के लिए समाधान निकालने की भी अपील की।

प्रसंगवश

आखिर कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा नैनीताल

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

गर्मी का मौसम शुरू हुआ नहीं की शहरी पर्यटकों की भीड़ नैनीताल, मसूरी, शिमला आदि पहाड़ी पर्यटन स्थलों की ओर उमड़ने लगती है। बात अगर उत्तराखंड के प्रसिद्ध हिल स्टेशन नैनीताल की करें तो ये पर्यटक इस बात को नहीं समझते की भूगर्भीय दृष्टि से भूकंपीय क्षेत्र में बसा नैनीताल एक संवेदनशील और कम फैलाव वाला नगर है।

पहले से ही कंक्रीट के जंगल में तब्दील नैनीताल की पहाड़ियां बहुत दबाव झेल रही हैं तथा और अधिक दबाव को सहने में असमर्थ है। मई-जून के महिनों में यह दबाव और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि पर्यटकों के वाहनों की रेलमपेल नैनीताल पहुंचने लगती है। हर कोई अपने निजी वाहन या प्राइवेट टैक्सियों से ही नैनीताल आना चाहता है। इस कारण जहां एक और कम चौड़ी सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या से अधिकांश समय जाम की स्थिति रहती है। हल्द्वानी से नैनीताल की दूरी लगभग चालीस किलोमीटर है। हल्द्वानी से आगे काठगोदाम तक तो सड़के फिर भी ठीक हैं, लेकिन उससे आगे सड़कों की चौड़ाई कम है। यहीं से जाम लगना शुरू हो जाता है। सड़क के दोनों और कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है।

वीकेंड में तो स्थिति और ज्यादा जटिल हो जाती है। रानीबाग से नैनीताल पहुंचने में लगभग एक घंटा लगता है, लेकिन लंबे जाम के कारण पर्यटकों को नैनीताल पहुंचने में तीन से चार घंटे तक लग जाते हैं। रोज लगने वाले इस जाम से सबसे ज्यादा परेशानी स्थानीय लोगों को होती है, जो अपने जरूरी काम से नैनीताल अथवा हल्द्वानी की ओर जा रहे होते हैं। उन्हें भी घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। अक्सर मरीजों को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है, क्योंकि लोगों द्वारा अपने वाहन सड़क में आड़े तिरछे खड़े कर दिए जाने के कारण उसे आगे बढ़ने का रास्ता नहीं मिल पाता है। तल्लीताल से लेकर मल्लीताल तक चंद किलोमीटर के दायरे में फैला नैनीताल इतनी बड़ी संख्या में आते वाहनों के दबाव को सहने में सक्षम नहीं है। यहां पार्किंग की कमी है। मल्लीताल स्थित फ्लैट्स का मैदान और अन्य अस्थाई पार्किंग स्थल पूरी तरह से वाहनों से पैक हो जाते हैं। होटल पहाड़ियों को काटकर बनाए गए हैं। जाहिर है उनके पास पार्किंग की सुविधा नहीं है। यही कारण है कि कुछ पर्यटक अपने वाहनों को माल रोड पर ही खड़ा कर देते हैं। प्रदेश सरकार या स्थानीय प्रशासन नैनीताल में वाहनों की बढ़ती संख्या को सीमित करने और क्राउड को मैनेज करने की कोई स्थाई नीति अभी तक नहीं बना पाया है। जब नैनीताल की पार्किंग फुल हो जाती है तब मजबूरन पुलिस को पर्यटकों के वाहन नैनीताल से छह किलोमीटर पहले रोकने पड़ते हैं। इससे नैनीताल में वाहनों के बढ़ते दबाव और जाम की समस्या सुलझने वाली नहीं है।

पर्यटकों को यह समझना चाहिए कि फैलाव की कम गुंजाइश वाला यह हिल स्टेशन एक भूकंपीय क्षेत्र में बसा है जिसकी कमजोर पहाड़ियां पहले से ही बहुत दबाव सह रही है। यहां अक्सर होने वाले छोटे-छोटे भूस्खलन हमें खतरे का आभास देते रहते हैं, लेकिन हम है कि इसे समझने को तैयार नहीं है। अंग्रेजों ने इस खूबसूरत जगह की सुरक्षा और रखरखाव के लिए कई नियम-उपनियम बनाए थे, लेकिन आजादी के बाद हम लोगों ने जैसे सारे नियमों को ताक पर रख दिया है। उस दौर में माल रोड पर वाहनों का चलाना भी मना था। मकान बनाने के लिए भी कई नियमों का पालन करना पड़ता था, लेकिन आज जहां पहाड़ खोदना मना था, वहां हमने बड़े-बड़े होटल और भवन बना दिए हैं।

नैनीताल में पर्यटन से जुड़े कारोबारी भले ही पर्यटकों की बढ़ती भीड़ से खुश नजर आते हो, क्योंकि उनके लिए तो यह कमाई का अवसर है, लेकिन खुद नैनीताल के लिए यह एक अशुभ लक्षण है। नैनीताल की भी अपनी एक सीमा है। आखिर यह कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा? रोज हजारों की संख्या में पर्यटकों का आना और सैकड़ों वाहनों की आमद नैनीताल के पर्यावरण को किसी न किसी रूप में नुकसान ही पहुंचा रही है। अफसोसजनक बात यह है कि न तो पर्यटक इसे समझ पा रहे हैं और न

महापुरुषों की मूरतों से छेड़खानी

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है।

संसद भवन परिसर में बीते दशकों से स्थापित महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमाओं का स्थान बदलने से बवाल मचा हुआ है। अब इन्हें नए स्थानों पर ले जाया जाएगा, जिसे प्रेरणा स्थल कहा जाएगा। सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है। इन सबमें भाव और गति का कमाल का संगम देखने को मिलता है। इन सबको रुककर देखने का मन करता है।

बीते दशकों से इन्हें संसद भवन में आने वाले आगंतुक देखकर नमन कर रहे हैं। सबसे पहले महात्मा गांधी की संसद भवन में लगी आदमकद मूरत की बात करते हैं। इसे संसद सत्र के दौरान सारा देश बार-बार अपने टीवी सेटों पर देखता है। बापू इसमें ध्यान की अवस्था में हैं। इसके आगे विभिन्न दलों के नेता धरना दे रहे होते हैं या किसी मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए नारेबाजी कर रहे होते हैं। बापू की इस मूर्ति को महान मूर्तिशिल्पी राम सुतार ने बनाया था। उन्होंने ही सरदार पटेल की मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को तैयार किया है।

सुतार कंक्रीट, मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस और अन्य उपलब्ध संसाधनों से आकर्षक मूर्तियां तैयार करने में माहिर हैं। वे धुन के पक्के हैं, कभी थकते नहीं हैं। मौसम के असर से बेखबर यह अनोखा कलाकार अपने शिल्पों में इतना डूबा रहता कि दिन और रात के भेद को भूल जाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी उनके अनन्य प्रशंसकों में थे। उन्होंने देश-विदेश में सैकड़ों आदमकद और धड़ प्रतिमाएं बनाई थीं, पर सुतार जी मानते हैं कि उनकी सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक संसद में लगी गांधीजी की प्रतिमा भी है। संसद भवन में स्थापित बापू की मूरत के पास खड़े होकर सच में आप भी अपने को बहुत बेहतर पाते हैं। एक तरह का सुकून मिलता है। कभी-कभी तो लगता है कि बापू आपसे कोई सवाल करेंगे। जाहिर है, संसद भवन से इस नई जगह पर लेकर जाने से बहुत सारे लोग निराश हैं।

बापू की पहली मूरतः इस बीच महात्मा गांधी की शहादत के बाद सरकार ने मुंबई के 28 साल के मूर्तिशिल्पी सदाशिवराव साठे को राष्ट्रपिता की एक आदमकद प्रतिमा को बनाने का जिम्मा सौंपा। इस मूरत को राजधानी के चांदनी चौक स्थित टाउन हॉल के बाहर स्थपित किया जाना था। साठे ने तब तक कोई बहुत उल्लेखनीय काम नहीं किया था। हां, वे संभावनाओं से लबरेज युवा मूर्तिकार के रूप में अपनी पहचान बनाने में लगे थे। उन्होंने इतने खास दायित्व को चुनौती के रूप में लिया और गांधीजी की अप्रतिम मूरत की रचना करके अपनी रचनाधर्मिता को साबित कर दिया। यह प्रतिमा 1952 में स्थापित हुई थी। गांधीजी की देश या कहें राजधानी में लगी संभवतः यह पहली आदमकद प्रतिमा है।

बाबा साहेब की मूरत कब सेः बाबा साहेब की संसद भवन परिसर में प्रतिमा 2 अप्रैल 1967 को स्थापित हुई थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्नन ने उसका अनावरण किया था। इस प्रतिमा को तैयार किया था महान मूर्तिशिल्पी बी.वी. वाघ ने। इस बीच बाबा साहेब का संसद भवन के सेंट्रल हॉल में लगा चित्र सुश्री जेबा अमरोही ने बनाया था। इसका अनावरण देश के प्रधानमंत्री के रूप में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 12 अप्रैल 1990 को किया था। इसे भी इसे नई जगह पर स्थापित किया जा रहा है। ये सही नहीं है। छत्रपति महाराज 2003 सेः छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरत को भी राम सुतार न ही बनाया था। छत्रपति शिवाजी महाराज की यह मूरत 28 अप्रैल 2003 को संसद भवन में स्थापित हुई थी। यह 18 फीट ऊंची तांबे की मूर्ति है। इसका जिस दिन अनावरण हुआ उस दिन लगभग सारे महाराष्ट्र के सांसद मौजूद थे।

इस बीच राजधानी में कनॉट प्लेस से जो सड़क मिन्टो रोड की तरफ जाती है, वहां पर ही छत्रपति शिवाजी महाराज की सन् 1972 में आदमकद प्रतिमा की स्थापना करके दिल्ली ने भारत के वीर सपूत के प्रति अपने गहरे सम्मान के भाव को प्रदर्शित किया था। इस मूर्ति को भी सदाशिवराव साठे जी ने तैयार किया था। बहरहाल जिन ज्ञानियों ने गांधी जी, बाबा साहेब और छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरतों का संसद भवन में स्थान बदला है, उन्हें अपने फैसले को अंजाम देने से पहले सोचना चाहिए था।

सोशल फोरम

मित्रता

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

सलीम और श्याम बचपन के दो गहरे मित्र थे। स्कूल और कॉलेज में भी साथ-साथ पढ़े। संयोग से दोनों साथ-साथ सेना में भी शामिल हुए। इसी बीच लड़ाई छिड़ गई और संयोग से दोनों एक ही यूनिट से जंग में भी शामिल हुए। एक रात दुश्मन ने उनकी यूनिट पर हमला कर दिया।

चारों तरफ गोलियां चल रही थी और बम के धमाके लगातार हो रहे थे। अचानक श्याम को एक कराहती सी आवाज़ सुनाई दी-श्याम मेरी मदद करो। श्याम अपने बचपन के मित्र सलीम की आवाज तत्काल पहचान गया। वो समझ गया कि मित्र संकट में है। उसने अपने कप्तान से उसे बचाने जाने की परमिशन मांगी। कप्तान ने कहा-देखो उसकी आवाज से नहीं लगता है कि वो बचेगा और वैसे भी मेरे पास जवान कम हैं। मैं उनकी जान जोखिम में नहीं डाल सकता। थोड़ी देर बाद फिर सलीम की दर्द से भरी पुकार सुनाई दी। श्याम चुप चाप बैठा रहा। क्योंकि उसके कप्तान ने उसे जाने से मना किया था। अंधकार में फिर वही दर्द से भरी कातर आवाज श्याम के कानों में पड़ी। अबकी बार उससे रहा नहीं गया। उसने अपने कप्तान से कहा - सलीम मेरा बचपन का दोस्त है। आज वो मुश्किल में है तो उसे जाना ही होगा। आखिर कप्तान ने बेमन से उसे जाने की आज्ञा दी।

श्याम कुंहनियों के बल रेंगते हुए बंकर से निकला और अंधकार में गुम हो गया। थोड़ी देर बाद वो किसी तरह घसीटते हुए अपने घायल मित्र को लेकर बंकर में दाखिल हुआ। उन्होंने पाया कि सलीम मर चुका है। अब कप्तान बहुत नाराज हो गया और बोला - मैंने पहले ही कहा था वो नहीं बचेगा। उसके लिए तुमने अपनी जान भी खतरे में डाली। ये तुम्हारा एक गलत निर्णय था।

श्याम- नहीं सर मेरा निर्णय गलत नहीं था, क्योंकि जब मैं सलीम के पास पहुंचा तो वो ज़िंदा था। मुझे देखकर उसने कहा- मुझे पूरा यकीन था मित्र कि तुम मुझे बचाने जरूर आओगे और यही शायद उसके आखरी शब्द थे।

-फेसबुक वॉल से

यूरोप में दक्षिणपंथ की बढ़त के मायने

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

यूरोपीय संघ के संसदीय चुनावों में यूरोप के तीन सबसे बड़े देशों जर्मनी, फ्रांस और इटली में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर देखने को मिली है। 27 देशों के ब्लॉक का यह चुनाव भारत के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव माना जाता है। हर पांच साल में होने वाले चुनाव में मतदाता बैलेट पेपर से वोट करते हैं। 1979 में पहली बार चुनाव हुए थे। इस लिहाज से यह 10 वां संसदीय चुनाव और ब्रेक्सिट के बाद पहला संसदीय चुनाव था। यूरोपीय संसद, यूरोपीय लोगों और यूरोपीय संघ की संस्थाओं के बीच संपर्क स्थापित करने की सीधी कड़ी है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अगले पांच साल तक यूरोप के 27 देश के संघ में बनने वाली नीतियां दक्षिणपंथ से प्रभावित रहेंगी। लगभग 25 साल पहले ऑस्ट्रिया में जब दक्षिणपंथी दल जीतकर आया, तो पूरा यूरोप नाराज हो उठा था, पर अब हालात दूसरे हैं।

20 वीं सदी में नाजियों और फासीवादी इटली के खिलाफ यूरोप के विनाशकारी युद्ध के समय से ही ये धारणा रही है कि धुर दक्षिणपंथ को कभी वोट नहीं देना चाहिए। मुख्य धारा की पार्टियां भी धुर दक्षिणपंथी पार्टियों से गठबंधन करने के पक्ष में नहीं रहती थीं, लेकिन अब इस पीढ़ी के लोगों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या लाखों लाख यूरोपीय वोटर वाकई में धुर दक्षिणपंथ की ओर रुख कर हैं? या यह सिर्फ विरोध में पड़ने वाले वोट हैं? या ये शहरी उदारवादी वोटरों और बाकी रुढ़िवादी वोटरों के बीच हो रहा ध्रुवीकरण है? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यूरोपियन संसद ने अपनी अप्रवासन नीति में बदलाव के लिए वोट किया है ताकि प्रवासियों और शरण मांगने वालों के लिए सदस्य देशों के बीच जिम्मेदारी को अधिक समान रूप से विभाजित किया जा सके। स्पष्ट रूप से ईयू के प्रमुख दलों ने अप्रवासी-विरोधी, लोकलुभावन दक्षिणपंथी पार्टियों के कदमों की आहट सुनी है। स्थापित पार्टियों के लिए अप्रवासन पर सख्त रुख अपनाकर मतदाताओं को फिर से अपने पाले में करने का विचार आकर्षक है, लेकिन आमतौर पर यह माना जाता है कि धुर दक्षिणपंथी पार्टियों की चुनावी सफलता शरण मांगने वाले नए लोगों के खिलाफ प्रतिक्रिया के कारण होती है। कई लोगों के लिए उत्प्रवास अंतिम उपाय विकल्प है, जो दुनियाभर में इसी प्रवृत्ति को दर्शाता है। जैसे-जैसे देश औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में परिवर्तित हो रहे हैं, युवा पीढ़ी बेहतर शिक्षा और करियर के अवसरों की तलाश में ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों को छोड़कर बड़े महानगरीय क्षेत्रों की ओर पलायन कर रही है। यह दृश्य विशेषकर स्पेन में देखा जा सकता है, जहां पिछले 50 वर्षों में 28 प्रतिशत ग्रामीण अपने गांवों को छोड़कर चले गए हैं। यह हालात इटली में देखे गए। इटली ने हाल में घोषणा की है कि वह ऐसे लोगों को भुगतान करेगा, जो खाली हो रहे गांवों में लौटकर आएंगे।

अमेरिका के शहरों में भी कम बच्चों को जन्म देने और बाहरी प्रवासन के कारण जनसंख्या में काफी कमी देखी जा रही है। बहुत से लोग जनसंख्या पलायन के आर्थिक प्रभावों से अवगत हैं, लेकिन मतदाताओं पर इसके प्रभाव का बहुत कम अध्ययन किया गया है। हाल के वर्षों के दौरान स्वीडिश सरकारों ने वंचित और दूरदराज के स्थानों में किराने की दुकानों जैसी स्थानीय वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने के लिए एक राष्ट्रीय सहायता प्रणाली शुरू किया है। 2021 में स्पेन ने ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जी टेलीफोन कनेक्टिविटी और तकनीकी सुविधा के लिए 11.9 बिलियन डॉलर वाली एक परियोजना की घोषणा की है। चूंकि अब यूरोप में दक्षिणपंथ की लहर है और इटली के हाथों में यूरोप की कमान होगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के ओलाफ शॉल्त्स के कमजोर होने के बाद जॉर्जिया मेलोनी यूरोप की सबसे मजबूत राजनीतिज्ञ बनकर उभरी हैं। आस्ट्रिया और बेल्जियम, नीदरलैंड और हंगरी जैसे कई अन्य यूरोपीय देशों में भी दक्षिणपंथी पार्टियों ने बड़ी जीत हासिल की है। फ्रांस में मध्यावधि चुनावों की घोषणा कर दी गई है तो बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने इस्तीफा दे दिया है। इन चुनावों के बाद इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को यूरोप के किंगमेकर की तरह देखा जा रहा है। मेलोनी को भारत और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मित्र माना जाता है। भारत के लिए कूटनीतिक तौर पर यह लाभदायक स्थिति है। साथ में एक बड़ा सवाल यह भी है कि जब हम पार्टियों को 'धुर दक्षिणपंथी' कहते हैं तो इससे हमारा क्या आशय होता है?

नहीं जीता जा सकेगा संप्रदायवाद

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संप्रदायवाद को जातिवाद से नहीं जीता जा सकेगा। इस बात को जितनी जल्दी समझ लिया जाए, उतना ही देश की जनता के लिए और लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा। सच्चाई यह भी है कि यदि जाति और मजहब के औजार से जनता की एकता को न तोड़ा गया होता तो देश को यह दुर्भाग्य न देखना पड़ता, लेकिन बहुत से कथित सेक्युलर लोग आज भी जातिवादी सोच के गर्त से निकल ही नहीं पा रहे हैं। शायद उनका अपना हित जाति के खूंटे से बंधा हुआ है। जाति-पंथ तो स्वतंत्रता आंदोलन के जमाने में भी थे, किंतु उस जमाने के जननेताओं का व्यक्तित्व था।

व्यापक-दृष्टिकोण वाला नेतृत्व था कि वे सारे भेद-विभेद समरसता के भाव के आगे दब गए थे। राष्ट्र और राष्ट्रीय-एकता के आगे नतमस्तक हो गए थे। उनका ध्येय देश था, समष्टि। ऐसा न होता तो स्वतंत्रता संग्राम इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति उस नेतृत्व के सामने बार-बार हार जाती थी। आज की तो राजनीति ही यह है कि मजहब और जाति के भेद-विभेदों को जितना उभार सको, उभारो। लोगों के बीच वैमनस्य का भाव जगाओ, लेकिन जो लोग पुराने पैंतरे से आज की सत्ता से लड़ना चाहते हैं, वे सामने वाले को समझ नहीं पा रहे।

खनन की शिकायत पर किया हमला

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- नायब तहसीलदार के निर्देश पुलिस ने किए नजरंदाज
- नहीं पकड़ी गई मिट्टी लदी ट्राली, तहरीर का इंतजार

अमृत विचार। माफिया ने खनन की शिकायत करने वाले पर फावड़े से हमला कर दिया। नायब तहसीलदार ने खनन में शामिल ट्रैक्टर को थाने में खड़ा कराने के लिए कहा, लेकिन पुलिस ने उसे अनसुना कर दिया।

थाना राजेपुर के गांव इमादपुर पमारान निवासी अवधेश पुत्र नरवीर सिंह नें थाने में दी तहरीर में कहा है कि वीरपुर व विरसिंहपुर के मध्य बालू खनन का कार्य चल रहा है। जिसकी सूचना फोन से नायब तहसीलदार अमृतपुर को दी । जिसके बाद लेखपाल सतेन्द्र कुमार शिकायतकर्ता अवधेश को लेकर मौके पर निरीक्षण के लिए गये। उसी दौरान अचानक लेखपाल को देखकर खनन माफिया अवधेश के साथ गाली-गलौज करने लगे। आरोपी ने फावड़े से हमला कर दिया, जिससे शिकायत कर्ता सतेन्द्र के हाथ का अंगूठा कट गया। नायब तहसीलदार व पीड़ित की एक कथित ऑडियो वायरल हो रही है। अमृत विचार ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

ऑडियो में नायब तहसीलदार अतुल कुमार व लेखपाल सतेन्द्र की बातचीत है। मौके पर शिकायतकर्ता नायब तहसीलदार को फोन लगाकर बता रहा है। कि ट्रैक्टर मिट्टी भरा हुआ पकड़ गया है। पुलिस भेजने की भी बात हो रही है। नायब तहसीलदार कह रहे हैं कि यदि ट्राली पकड़ गयी तो उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया जाएगा, समय ठीक नहीं है। उसके बाद भी ट्रैक्टर ट्राली थाने नहीं पंहुची। हल्का इंचार्ज राजीव कुमार नें बताया कि उन्हें कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही होगी। नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने बताया कि लेखपाल से ट्रैक्टर ट्राली थाने में खड़ी करने को कहा गया था। यदि ट्रैक्टर ट्राली नही पंहुची तो कार्यवाही होगी। मामला अधिकारियों के संज्ञान में भी है।

गौरतलब है कि बीते दिनों खनन माफिया नें ट्रैक्टर से कुचलकर सिपाही की हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले में दो खनन माफियाओं को मुठभेड़ में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया था। दारोगा सहित पांच पुलिस कर्मियों को भी निलंबित किया गया है। इस सारी कार्रवाई के बाद अभी भी खनन माफिया के हौसले बुलंद है। अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन की सूचना दें। उनके खिलाफ शिकंजा कसा जाएगा।

डंपर की टक्कर से युवक की मौत

महोबा। कबरई मकरबई मार्ग पर अंडर ब्रिज से निकलते समय सामने से आ रहे डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डहर्रा निवासी रामप्यारे 35 पुत्र बारेलाल बाइक से ग्राम मकरबई की तरफ जा रहा था तभी अंडर ब्रिज से निकलते समय सामने से आ रहे डंपर चालक का संतुलन बिगड़ गया और उसने बाइक सवार रामप्यारे को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आनन फानन घायल को जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि काफी खून बह जाने के कारण उसकी रास्ते में मौत हो गई। बाइक सवार की मौत से मृतक की परिजनों में कोहराम मचा है।

डहर्रा पहाड़ से गिरा डंपर, श्रमिक की मौत

हादसा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पत्थर खनन के दौरान हुई घटना में चालक सहित दो घायल
- पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

अमृत विचार। पत्थर मंडी डहर्रा में खनन कार्य के दौरान एक डंपर ऊंचाई से श्रमिको के ऊपर गिरने से एक श्रमिक की मौके पर मौत हो गई, जबकि डंफर चालक सहित दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया और रेस्क्यू आपरेशन चलाकर पत्थर खदान से मजदूर के शव को बाहर निकाला और घायलों को निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। श्रमिक और चालक की हालत नाजुक होने पर दोनों को मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना कोतवाली महोबा के ग्राम डहर्रा पहाड़ की है। जहां पर कस्बा कबरई के मोहल्ला विशाल नगर निवासी गजराज पहाड़ खदान में ड्रिल मशीन से होल कर रहा था, उसी के पास एक और श्रमिक काम कर रहा है, उसी समय ऊंचाई से जा रहे डंपर चालक का संतुलन बिगड़ गया और डंफर खदान में गिरा, जिससे श्रमिक डंफर के नीचे दब गए। डंपर गिरने की आवाज सुनकर आसपास के श्रमिक व ग्रामीण दौड़ पड़े। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मजदूरों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक गजराज की मौत हो चुकी थी। पुलिस और ग्रामीणों के अलावा अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पड़ोसी जनपद छतपुर के ग्राम चंद्रवारा निवासी राजकुमार (28) पुत्र गुलाब और डंफर चालक बरदानी पुत्र मैकू नाजुक हालत में जिला अस्पताल एम्बुलेंस की मदद से पहुंचाया गया। डंफर के पत्थर खदान में पलटने की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल में ग्रामीणों, मजदूरों और मृतक के परिजनों सहित भीड़ एकत्र हो गई। डाक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण दोनों को मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया, जहां पर दोनो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पत्थर खदानों में लापरवाही के चलते आएदिन श्रमिकों की मौत होती रहती है, कभी खदान में ट्रैक्टर गिर जाने, तो कभी डंफर गिरने से अक्सर श्रमिकों को मजदूरी के बदले जान गवांनी पड़ती है।

सड़क दुर्घटना में दो सिपाही घायल

सैफई, इटावा। सैफई थाने मे तैनात सिपाही योगेश्वर सिंह (26)पुत्र जुगेंद्र पाल सिंह निवासी मलिकपुर थाना जंवा, जिला अलीगढ व छत्रपाल सिंह यादव (40) पुत्र बुद्ध सिंह निवासी ग्राम नबीपुर थाना राजापुर जनपद कानपुर देहात सोमवार की रात 9 बजे हैवरा पुलिस चौकी क्षेत्र मे इटावा मैनपुरी रोड पर चेतक मोबाइल पर गश्त कर रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने इन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों पुलिसकर्मियों गंभीर घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा नें मौके पर पहुंचकर सरकारी गाड़ी से दोनों को सैफई इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। सिपाही योगेश्वर सिंह को सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसे एक निजी अस्पताल मे रेफर किया गया है।

36 गोवंश समेत हत्थे चढ़ा तस्करों का गिरोह

पुलिस ने 34 जीवित व दो मृत गोवंश किए बरामद, दो महिलाओं सहित आठ को दबोचा

संवाददाता, तालग्राम, कन्नौज

पुलिस हिरासत में मौजूद गोवंश तस्कर। अमृत विचार

अमृत विचार। सटीक सूचना पर छापेमारी कर पुलिस ने 34 जीवित व दो मृत गोवंश बरामद किए। साथ ही दो महिलाओं सहित आठ गोवंश तस्करों को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंचे एसपी ने गोवंश तस्करों से पूछताछ की। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सभी गोवंशों को गोशाला भिजवा दिया गया।

थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने गोवंश पकड़ कर एकत्र किए जाने की सूचना पर उपनिरीक्षक दिनेश चन्द्र, कांस्टेबल गौतम कुमार, प्रदीप कुमार, राघव यादव, अनूप दत्त, निधि चौहान, शौर्या के साथ ग्राम बिषमा में छापेमारी की। यहां से 34 जीवित व दो मृत गोवंश बरामद किये। सूचना पर पहुंचे एसपी अमित कुमार आनंद, सीओ छिबरामऊ ओमकार नाथ ने लोगों से पूछताछ की। इसके बाद सभी गोवंश बीडीओ छिबरामऊ दीपांशू शर्मा को गोशाला में भिजवाने को कहा। मृत गोवंशों को गड्ढा खुदवाकर दफन किया गया। बताया जाता है कि मैनपुरी जिले में गोवंश से भरे एक वाहन को पुलिस ने पकड़ा था। उसमें सवार लोगों से पूछताछ की गई थी। इसके बाद मैनपुरी पुलिस एक व्यक्ति की तलाश में बिषमा गांव पहुंची थी लेकिन वह नहीं मिला।

यहां से पुलिस दूसरे युवक को साथ लेकर चली गई थी। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। इसके बाद कन्नौज पुलिस हरकत में आई। मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी का कहना है कि गांव में गोवंश पकड़ कर इकट्ठा किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच लोगों से पूछताछ की। बताया कि मौके से राजस्थान के झुंझनू चिड़वा निवासी हीरा सिंह, दीवान, डाबी, रेखा ग्राम सुतड़ा निवासी मोहर सिंह, तालग्राम निवासी यूनिस, सुलेमान, मैनपुरी के सिकंदरपुर निवासी लक्खी, राजस्थान के भीलवाडा परौली ग्राम भगवानपुरा निवासी बिरमा बंजारा को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है।

पैदल चराते हुए करते थे गोवंश की तस्करी

तालग्राम। पूछताछ के दौरान आरोपी दीवान ने बताया कि उसके पिता हीरा बरसात के समय राजस्थान से कोटा, आगरा, इटावा, सौरिख होते हुए करीब 15-20 मारवाड़ी लोग गोवंश लेकर पैदल गांव-गावं चराते हुए आते थे और अन्ना गोवंशों को अपने झुंड में शामिल कर लेते थे। उसके बाद गाड़ी की व्यवस्था कर ले जाकर अन्य राज्यों में भेज देते थे। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को 05-05 हजार रूपये मिलते थे। गाड़ी की व्यवस्था व्यापारी स्वयं करता है।

पत्नी की हत्या में दोषी को 20 साल की सजा

चित्रकूट। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि राजापुर क्षेत्र के गोबरौल गांव निवासी संजीव तिवारी ने आठ नवंबर 2022 को रैपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपनी बहन निहारिका देवी की शादी लौरी गांव निवासी धीरेंद्र प्रताप से की थी। आरोप लगाया था कि शादी के बाद से ही पति और ससुरालीजन दहेज को लेकर निहारिका का उत्पीड़न करते थे। सात नवंबर 22 को उसके बहनोई ने फोन पर कहा था कि निहारिका को मायके ले जाओ नहीं तो वह उसे जान से मार देगा। इसके बाद उसकी गर्भवती बहन को मारकर फांसी से लटका दिया गया। वह मौके पर पहुंचा, जहां उसकी बहन के शव को ससुरालीजनों ने चारपाई में एक चद्दर डालकर रखा था। पुलिस ने आरोपी धीरेंद्र प्रताप को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने मंगलवार को निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध धीरेंद्र प्रताप को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी।

ओडिशा से लाकर यूपी में बेचते थे गांजा, तीन आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट कार्यालय

पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्करी के आरोपी। अमृत विचार

अमृत विचार। थानाध्यक्ष एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स झांसी चंदन पांडेय और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह की संयुक्त टीम ने 52 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद किया है। तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। इनसे पुलिस को दो चारपहिया वाहन और दो तमंचे भी मिले हैं। ये ओडिशा से सस्ते दाम में गांजा लाकर यूपी और बिहार में बेचते थे।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि थानाध्यक्ष एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स झांसी को मुखबिर से गांजे की तस्करी करने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को बताया और संयुक्त टीम ने सोमवार की रात लगभग साढ़े बारह बजे खोह अंडरब्रिज के पास झाड़ियों से आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने इनसे दो कार बरामद कीं, जिनमें 52 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जामातलाशी से दो तमंचे 32 बोर, तीन मोबाइल और कुल 10680 रुपये मिले।

एसपी ने बताया कि आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से कम दाम में गांजा खरीदकर उप्र व बिहार में बेचते हैं। पुलिस ने दोनों कारों को सीज कर दिया।

दूसरे राज्यों के हैं दो आरोपी

आरोपियों में दो अन्य राज्यों के हैं। पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया, उनके नाम इस्माइल खां (33) पुत्र सलीम खां निवासी कबीरनगर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) विष्णु साहू (30) पुत्र हेमंता निवासी ग्राम राजामुंडा थाना एम रामपुर जिला काला हांडी ओडिशा और विजय गुप्ता (26) पुत्र रज्जन गुप्ता निवासी जगदीशगंज है।

ये अधिकारी, कर्मचारी रहे संयुक्त टीम में

एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम में एसआई विनोद कुमार, मुख्य आरक्षी रामनरेश सिंह, आरक्षी अभय कुमार, विमल कुमार, देवानंद, हरवंश कुमार और प्रदीप कुमार शामिल रहे। कोतवाली कर्वी की टीम में एसआई राजीव कुमार सिंह चौकी प्रभारी जिला कारागार, आरक्षी नीतू द्विवेदी, राहुल देव शामिल रहे।

जालौन के दो सिपाहियों को किया गया बर्खास्त

कार्यालय संवाददाता उरई,

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक इरज रजा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 17 अक्टूबर 2023, को भ्रष्टाचार निवारण संगठन उत्तर प्रदेश पुलिस की झांसी यूनिट ने कालपी कोतवाली में तैनात आरक्षी प्रमलेश कुमार पीएनओ 1823700 65 को 6000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था, आरक्षी प्रमलेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जिसकी विभागीय जांच भी चल रही थी, प्रारंभिक जांच में दोषी पाए जाने पर आज सोमवार को बर्खास्त किया गया है । दूसरा मामला 27 जून 2023 का है, इस दिन आयोजित ग्राम विकास अधिकारी की आयोजित लिखित परीक्षा में आरक्षी जसवेंद्र पीएनओ 162370212 दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया था, जिसमे विधिक कार्यवाही की गई थी, इसके अलावा विभागीय जांच भी प्रारंभ की गई थी, जिसमे प्रारंभिक जांच में आरक्षी जसवेंद्र को दोषी पाया गया, जिससे मौजूदा समय में पुलिस लाइन उरई में तैनात आरक्षी जसवेंद्र को बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि विभागीय जांच चल रही थी। दोनों दोषी पाये गये हैं।

दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

तिर्वा, कन्नौज। किशोरी से दुष्कर्म व मारपीट के मामले में आरोपी सौतेले पिता को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया।

ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने रविवार की रात पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि करीब 15 साल पहले उसकी शादी हुई थी। पति की 13 साल पहले मौत हो गई और इसके बाद उसने एक पुत्री को जन्म दिया। बच्ची के लालन पालन के लिए उसने एक युवक से दोबारा शादी कर ली। युवक गुजरात में नौकरी करता था। वहां उसने एक और शादी की। दोनों पत्नियों व बेटी के साथ रह रहा था। आरोप लगाया कि पति ने उसके 13 साल की पुत्री से कई बार दुष्कर्म किया।

बोर्ड के 80 वर्षों का रिकॉर्ड एक क्लिक में

कार्यालय, संवाददाता, फतेहपुर

- निःशुल्क ऑनलाइन देख सकेंगे छात्र-छात्राएं
- अंकपत्र व प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति बनवाई जा सकेगी

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के कमरों में धूल फांक रहे 80 वर्ष पुराने अभिलेखों के डिजिटलीकरण का काम शुरू हो गया है। कुछ माह में इन अभिलेखों का डिजिटलीकरण कर दिया जाएगा। उसके बाद से इसे निःशुल्क ऑनलाइन देखा सकेगा। इसके साथ अंकपत्रों व प्रमाणपत्रों की दूसरी प्रति बनवाई जा सकेगी। साथ ही कागजों के रखरखाव का झंझट खत्म हो जाएगा।

परीक्षा कराने वाली देश की सबसे पुरानी संस्था यूपी बोर्ड की स्थापना 1921 में हुई थी। यूपी बोर्ड ने पहली परीक्षा 1923 में कराई थी। तब से अब तक 101 वर्षों के अंक पत्र, प्रमाण पत्र व अन्य अभिलेख मुख्यालय में मौजूद हैं। 21वीं सदी में कंप्यूटर का प्रचलन बढ़ा तो 2003 के बाद के दस्तावेज ऑनलाइन किए गए।

2003 से पहले के दस्तावेज फाइलों में बंडल बनाकर रखे गए हैं। 80 वर्षों की फाइलों को संभालकर रखना बोर्ड के लिए चुनौती है। इनको बचाने के लिए समय-समय पर दवाओं का छिड़काव करना पड़ता है। इसके बावजूद कई वर्ष के अभिलेख सीलन से या चूहों के कुतरने से खराब होने का डर रहता है।

केंद्र सरकार की योजना से हो रहा डिजिटलीकरण

मध्यमिक शिक्षा विभाग की माने तो केंद्र सरकार की योजना स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेटस फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट (इनिशिएटिव फॉर डिजिटाइजेशन) के तहत यूपी बोर्ड के अभिलेखों का डिजिटाइजेशन व उनके लेमिनेशन का कार्य शुरू कराया गया है। इससे अभिलेख हमेशा के लिए सुरक्षित होंगे। साथ ही साथ अंकपत्र और प्रमाणपत्र बनाने की कार्रवाई व अभिलेखों के सत्यापन आदि की प्रक्रिया तेज हो जाएगी।

बरातियों-जनातियों में चले लाठी-डंडे, पांच घायल

संवाददाता फफूंद, औरैया

अमृत विचार। फफूंद थाना क्षेत्र के एक गांव में अछल्दा थाना क्षेत्र के एक गांव से सोमवार रात बरात आई थी। जयमाल के बाद लड़का पक्ष बाइक की मांग पर अड़ गया। इसी को लेकर लड़का और लड़की पक्ष में झगड़ा। लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे। दोनों पक्ष से पांच लोग घायल हुए।

14 दिसंबर 2023 को औरैया ककोर स्थित तिरंगा मैदान में हुए सामूहिक विवाह समारोह में थाना क्षेत्र के गांव मुढ़ी का अड्डा निवासी अशोक दोहरे की पुत्री रेशमा का विवाह अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव इटेली निवासी यशपाल सिंह के पुत्र विक्रम सिंह के साथ हुआ था । सामूहिक विवाह में फेरे लिए गए थे। दोनों पक्षों में सहमत बनी थी कि मुहूर्त निकालकर गांव में बारात आएगी।सोमवार की रात बेटी की बारात में लगभग डेढ़ सौ बराती आए। जयमाल कार्यक्रम हुआ। फेरे तो सामूहिक विवाह में हो ही चुके थे। बरातियों ने खाना खाया सब कुछ ठीक चल रहा था कि लड़का पक्ष बाइक की मांग करने लगा। मना करने पर लड़का पक्ष झगड़े पर उतारु हो गया। दोनों तरफ से लाठी-डंडे और ईंटे चलने लगीं। दुल्हन का पिता व भाई सतेंद्र, शुभम, चचेरा भाई राजा घायल हो गया।

किया स्वागत | पूर्व मुख्यमंत्री ने सैफई में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

करहल से इस्तीफा दे संसद में हुंकार भरेंगे अखिलेश

संवाददाता, सैफई (इटावा)

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

स्वागत के दौरान मौजूद सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। लोकसभा चुनावा के नतीजे आने के बाद समाजवादी पार्टी अब देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। जो रास्ता डॉ. लोहिया और नेताजी ने समाजवादियों को दिखाया है उसी रास्ते पर चलकर समाजवादी पार्टी दलित, किसान, मजदूर और कमजोर तबके से जुड़े हुए लोगों की आवाज बनेगी और पार्टी की गूंज दिल्ली की संसद में सुनाई देगी। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव ने ये बातें सैफई पहुंचकर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि दो स्थानों से चुनाव जीतने के बाद संवैधानिक व्यवस्था के तहत एक जगह से इस्तीफा देना होता है। उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। जल्द ही विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष वह अपना इस्तीफा पेश करेंगे। नेता प्रतिपक्ष कौन होगा इस सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए कौन व्यक्ति महत्वपूर्ण होगा यह पार्टी स्तर पर तय किया जाएगा। ऐसे व्यक्ति को नेता प्रतिपक्ष बनाने की कोशिश होगी जिसके जरिए पार्टी को मजबूती मिले और पार्टी का वोट बैंक बढे। उन्होंने प्रदेश की जनता को पार्टी को मजबूती देने के लिए बधाई दी और कहा कि आम मतदाताओं ने संविधान बचाने के मुद्दों पर अपने-अपने घरों से निकलकर के समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान किया है। पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है कि पार्टी ने चुनाव में अब तक का अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन कर दिखाया।

हार से बौखलाए भाजपाई कर रहे सपाइयों का उत्पीड़न

कन्नौज। प्रदेश में भाजपा की हुई करारी हार से बौखलाए भाजपाई समाजवादियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। कई जनपदों से इस तरह की शिकायतें मिल रहीं हैं। जल्द ही इस बारे में रणनीति तैयार की जाएगी। मंगलवार को यह बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज से नवनिर्वाचित सांसद अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से कही। सपा शिक्षक सभा के पदाधिकारियों ने भी उत्पीड़न की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। मंगलवार की शाम को सैफई से लखनऊ जाते वक्त सपा कार्यकर्ताओं ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के तालग्राम कट पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रोककर स्वागत किया।

लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। जमीन की पैमाइश के नाम पर लेखपाल द्वारा लिए गए दस हजार रुपये के साथ एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। लेखपाल के पास से रंग लगे 10 हजार रुपये भी पुलिस ने बरामद किए है। लेखपाल संघ के पदाधिकारी व लेखपालों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए एंटी करप्शन टीम लेखपाल को कुलपहाड़ से थाना कबरई ले गई। वहां लेखपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया।

तहसील कुलपहाड़ के ग्राम सरकारी निवासी सुरेंद्र सिंह सेंगर ने तहसील चरखारी में तैनात लेखपाल देवेंद्र राजपूत पुत्र नारायण सिंह राजपूत के खिलाफ एंटी करप्शन टीम को शिकायती पत्र दिया। शिकायती पत्र में लेखपाल देवेंद्र राजपूत ने कहा कि भूमि की पैमाइश करने के नाम पर 10 हजार की मांग लेखपाल द्वारा की गई है। एंटी करप्शन टीम ने महोबा आने की बात कह कर शिकायतकर्ता को वापस भेज दिया। मंगलवार को एंटी करप्शन टीम बांदा के इंचार्ज राजेश सिंह यादव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश और पुलिस कर्मचारियों के साथ पांच लोगों की टीम महोबा पहुंची। टीम ने जिलाधिकारी से दो अधिकारियों की साथ ले जाने की मांग की। जिलाधिकारी के आदेश के बाद दो अधिकारी मिलने के बाद एंटी करप्शन टीम कुलपहाड़ पहुंची। इसी बीच शिकायतकर्ता सुरेंद्र सिंह और लेखपाल देवेंद्र राजपूत की बातचीत चलती रही। बाद में सुरेंद्र सिंह सिंगर ने लेखपाल देवेंद्र राजपूत को कस्बा कुलपहाड़ के गोंदी चौराहा के एक रेस्टोरेंट में पैसा देने के लिए बुलाया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन टीम के इंचार्ज को फोन कर गोंदी चौराहा के रेस्टोरेंट में आने की बात बताई। एंटी करप्शन टीम गोंदी चौराहे के पास घूमती रही। इसी बीच जैसे ही सुरेंद्र सिंह सिंगर ने लेखपाल को 10 हजार दिए, टीम ने रेस्टोरेंट में घुसकर लेखपाल को रंगे हाथों पकड़ लिया। लेखपाल को एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े जाने की खबर कुलपहाड़ कस्बे में फैल गई। लेखपाल संघ के पदाधिकारी और लेखपालों की भीड़ जुटने लगी।

गिरफ्तारी से लेखपाल संघ नाराज

लेखपाल की गिरफ्तारी के विरोध में लेखपाल संघ थाना कबरई जाकर लेखपालों ने एंटी करप्शन टीम की मनमानी के खिलाफ जमकर हो-हल्ला मचाया। लेखपाल संघ ने शिकायतकर्ता प्रारूप लगाया थी कि शिकायतकर्ता सुरेंद्र सिंह सिंगर ग्राम सरकारी में अवैध कब्जा किए हुए था। अधिकारियों के आदेश पर लेखपाल देवेंद्र राजपूत ने उसका अवैध कब्जा हटवाया था। तब से वह लेखपाल को फसाने की धमकी दे रहा था। लेखपालों ने इसे एक साजिश बताया है और इसकी लड़ाई प्रदेश स्तर पर लड़े जाने की घोषणा की है।

प्रियंका लड़तीं तो मोदी वाराणसी से चुनाव हार जाते : राहुल

लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पहली बार रायबरेली पहुंचे राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा, जनता का जताया आभार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : आभार सभा में हिस्सा लेने के लिए सांसद राहुल गांधी मंगलवार दोपहर रायबरेली पहुंचे। उनके साथ उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी थीं। चुनाव में मिली जीत के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है।

भूएमऊ गेस्ट हाउस में आयोजित आभार सभा में राहुल गांधी ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा अयोध्या सीट हार गई। न केवल अयोध्या में, बल्कि प्रधानमंत्री ने वाराणसी में भी अपनी जान बचाई है। अगर मेरी बहन प्रियंका गांधी ने वाराणसी से चुनाव लड़ते का फैसला लिया होता तो आज भारत के प्रधानमंत्री 2-3 लाख वोटों से वाराणसी का चुनाव हार जाते। सभा में राहुल गांधी ने रायबरेली और अमेठी की जनता का आभार जताया है। राहुल गांधी ने कहा कि अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को, रायबरेली में मुझे और उत्तर प्रदेश में भारतीय गठबंधन के सांसदों को जिताया है। उन्होंने लोगों से कहा कि आपने राजनीति बदल दी है। बीजेपी और पीएम मोदी पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे देश में जनता ने देश के प्रधानमंत्री को संदेश दिया है कि अगर उन्होंने संविधान को छुआ तो देखिये लोग उनका क्या हाल करेंगे। सांसद ने कहा कि यह पहली बार हुआ है की गठबंधन के प्रत्येक कार्यकर्ता ने मजबूती के साथ चुनाव लड़ा एक-एक कार्यकर्ता ने पूरी जान लगा दी एक इंच भी पीछे नहीं हटे। आभार सभा के मंच से एक बार फिर उन्होंने रायबरेली को अपने पारिवारिक रिश्तों से जोड़ते हुए कहा कि यहां से हमारा पारिवारिक रिश्ता है। राजनीति में सबसे पुराना, वर्षों पुराना नाता है। यह रिश्ता सबसे पहले रायबरेली और अमेठी के खेतों से शुरू हुआ था। राहुल बोले इस चुनाव में देश के किसानों और नौजवानों ने जो बदलाव किया है, आगे उसके परिणाम सार्थक होंगे। राहुल के पहुंचने से पूर्व पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर राहुल और प्रियंका का स्वागत किया। राहुल गांधी ने दो लोकसभी सीटों से चुनाव लड़ा था। उन्होंने केरल की वायनाड के साथ-साथ यूपी की रायबरेली से भी चुनाव लड़ा था। रायबरेली से इससे पहले सोनिया गांधी चुनाव लड़ती रही हैं।

राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा व केएल शर्मा कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए।

भुएमऊ में आयोजित समारोह में मौजूद पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

हम आपके लिए काम करते रहेंगे : प्रियंका

- आभार सभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली और अमेठी के एक-एक कार्यकर्ता, नेता और आप सबको दिल से बहुत-बहुत बधाई। आपने कठिन से कठिन परिस्थिति में लड़ाई लड़ी। इस चुनाव में सबने बहुत मेहनत की। मेरे समाजवादी पार्टी के सभी साथियों ने एकजुटता दिखाकर ये चुनाव लड़ा। हमने यहां एक सेना बनाई और आपकी मजबूती से हमने रायबरेली और अमेठी में जीत हासिल की। आपने पूरे देश में ये संदेश भेजा कि हमें देश में एक सच्ची और समर्पित राजनीति चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक जीत थी। हमने इस परिणाम के लिए दिन-रात काम किया है। उन्होंने राय बरेली और अमेठी की जनता को बधाई देते हुए कहा कि मेरे बड़े भाई को जिताने के लिए रायबरेली की जनता की आभारी हूं कि आपने हमारे लिए जो उत्साह दिखाया है, उससे दोगुने उत्साह के साथ हम आपके लिए काम करते रहेंगे।

आभार सभा में ये थे मौजूद

- आभार सभा में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, केसी वेणुगोपाल, अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, रायबरेली जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, अमेठी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, सपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विधायक श्याम सुंदर भारती, राहुल लोधी, सुशील पासी, दीपक सिंह पूर्व एमएलसी, शत्रोहन सोनकर पालिका अध्यक्ष, पूर्व विधायक पंजाबी सिंह, पूर्व चेयरमैन इलियास, विजय शंकर अग्निहोत्री, आरपी यादव, अतुल सिंह, शैलजा सिंह, यूथ अध्यक्ष मोहित मौर्य, मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राहुल- प्रियंका ने लोगों से पारिवारिक रिश्ता जाहिर किया

- रायबरेली और अमेठी में मिली जीत के बाद आभार सभा के जरिये राहुल गांधी और प्रियंका ने एक बार फिर दोनों जिलों के लोगो के बीच अपने परिवारिक रिश्तों को जाहिर किया है। राहुल और प्रियंका के पहुंचते ही कार्यकर्ताओ का जोश सातवे आसमान पर रहा। दोपहर बाद से गेस्ट हाउस में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ का पहुंचने का सिलसिला शुरू जो थोड़ी देर में ही भर गया।

शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादलों का आदेश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- आज से शुरू होगी ऑनलाइन प्रक्रिया, एक सप्ताह में रिलीविंग आर्डर होंगे जारी

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद की ओरसे संचालित प्राथमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों के पारस्परिक अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण का आदेश परिषद सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने मंगलवार को जारी कर दिया है। इस संबंध में सभी जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भी आदेश की कॉपी भेज दी गई है। शिक्षकों के तबादले का तिथिवार पूरा शेड्यूल भी निर्धारित है। इस बार उन शिक्षकों को भी बड़ी राहत दी गई है जिन्होंने एक बार तबादले का लाभ लिया था और दोबारा उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया था। ऐसे शिक्षक अपने आवेदन को रीसेट कर कोई जरूरी संशोधन है तो कर सकते हैं। बता दें कि आवेदन निरस्त होने के बाद कई शिक्षक ऐसे भी थे जिनके आवेदन मान्य नहीं किये गये थे । प्रक्रिया 12 जून बुधवार से शुरू हो जायेगी।

बीएसए को सत्यापन करने का आदेश: रीसेट आवेदन पत्रों की जांच और सत्यापन करने का आदेश बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिया गया है। सभी बीएसए इसका सत्यापन निर्धारित समय अविधि में करेंगे। ताकि आगे की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ सके। इसके लिए 13 जून से लेकर 14 जून तक समय बीएसए को दिया गया है।

चार दिनों तक पेयर बनाने का मौका

पारस्परिक अन्तर्जनपदीय तबादले के लिए इच्छुक जिन शिक्षकों को अभी तक पेयर नहीं बने हैं उनको चार दिनों का मौका दिया गया है। आदेश के मुताबिक इसके लिए शिक्षकों के पास 15 जून से 18 जून तक मौका है।

एक दिन में ही कार्यमुक्त होंगे शिक्षक

जिन शिक्षकों के आवेदन व पेयर सही मिलेंगे उनकों एक ही दिन में रिलीव कर दिया जायेगा। इस संबंध में बीएसए को निर्देशित करते हुए कहा गया कि 19 जून को हर हल में शिक्षकों को रिलीव कर दिया जाये ताकि अपने तबादला पाये जनपद में वह समय से स्कूल में कार्यभार ग्रहण कर सकें।

> पारस्परिक अन्तर्जनपदीय तबादले आदेश जारी कर दिया गया है। ये प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी की जायेगी। पारदर्शिता के साथ सबकुछ आनलाइन है। शिक्षक किसी भी तरह के प्रलोभन में न फंसे
>
> **सुरेन्द्र तिवारी सचिव बेसिक शिक्षा परिषद**

15 से पूर्व कर लें मानसून की तैयारियां

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आगामी मानसून की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव व जिलाधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने सभी अधिकारियों को 15 जून से पूर्व मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी डीएम मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार अपने जनपदों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार छुट्टी की घोषणा करें। पैदल मार्गों में नदी और नाले वाले स्थानों पर वैकल्पिक मार्ग तलाशे जाएं।मंगलवार को वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में हुई मानसून आपदा का आकलन करते हुए ऐसे क्षेत्र जो क्षतिग्रस्त थे उन क्षेत्रों में अधिक ध्यान दिया जाए। जिससे आपदा की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि सभी विभाग 15 जून तक आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती करें और सभी लोग सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उससे होने वाली क्षति को आपसी तालमेल से कम किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मानसून सीजन के दृष्टिगत मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए आपातकालीन स्थिति में हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था रखी जाए। मौसम के पूर्वानुमान की सटीक जानकारी लोगों तक समय पर पहुंचे। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है।

वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री धामी को जानकारी देते डीएम। अमृत विचार

- कहा,मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार डीएम करें स्कूलों में छुट्टी की घोषणा

खेत से चारा लेकर लौट रहे किसान की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डकैती मामले में हरीराम ने कोर्ट में दी थी गवाही, दो दिन पहले हुई थी पंचायत

अमृत विचार : खेत से चारा लेकर आ रहे किसान की पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की बेटी की तहरीर पर दस हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव दियोरी निवासी हरिराम खेती करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। जमीन को लेकर लगभग एक साल से गांव निवासी महेश, राजपाल, संतोष, वीरेश उर्फ विजय पाल के साथ विवाद चल रहा था। आरोप है कि वे लोग गांव के प्रधान इरेंद्र की मदद से उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। परिजनों के अनुसार डकैती के मामले में तीन दिन पहले हरिराम ने कोर्ट में गवाही दी थी। जिसके बाद अगले दिन गांव में पंचायत हुई जिसमें तय किया गया कि कोर्ट का फैसला ही माना जाएगा। मंगलवार सुबह लगभग छह बजे हरिराम खेत से चारा काटकर आ रहे थे। हरिराम की बेटी मीरा के अनुसार राजपाल, वीरेश, महेश, संतोष, राजपाल की पत्नी आशा, अनुज पुत्र संतोष, ग्राम प्रधान इरेंद्र, रिंकू, मुनेंद्र आदि ने उसके पिता को रास्ते में घेर लिया और जमीन देने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उन्होंने पिता को बुरी तरह से पीटा। इसके बाद खींचते हुए अपने घर ले गए जहां उसके पिता को बंधक बनाकर पीटा जिससे उनकी मौत हो गई।

पंतनगर विवि में धान की रोपाई की हुई शुरुआत

पंतनगर। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने मंगलवार को विवि फार्म के बेनी प्रक्षेत्र पर सुबह धान की रोपाई का शुभारंभ किया। डॉ. चौहान ने बताया कि पिछले वर्ष विवि में 11 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं का उत्पादन हुआ और पैदावार में 20 से 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बताया कि विवि के वैज्ञानिक निरंतर शोध के माध्यम से विकसित नई-नई तकनीकों से अच्छी पैदावार वाले बीजों को किसानों तक पहुंचाते हैं। यहां से हर वर्ष धान और गेहूं सहित दलहन की अधिक उत्पादन देने वाली 1-2 प्रजाति विकसित की जा रही हैं, ताकि किसान उनका उपयोग कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। उन्होंने सीजीएम फार्म डॉ. जयंत सिंह और उनकी टीम के सभी सदस्यों सहित श्रमिकों द्वारा किए जा रहे परिश्रम की भी प्रशंसा की। इस दौरान वित्त नियंत्रक आभा गर्खाल, निदेशक शोध एएस नैन, निदेशक प्रसार शिक्षा जितेंद्र क्वात्रा, निदेशक संचार जेपी जायसवाल आदि मौजूद रहे। ● अमृत विचार

13 से 20 जून तक होगी पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 4 लाख 12 हजार 759 अभ्यर्थियों ने किया है ऑनलाइन आवेदन

अमृत विचार: साल 2024 की पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षा कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है। यह कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में 13 से 20 जून तक आयोजित की जायेगी।

प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए 4 लाख 12 हजार 759 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। यह परीक्षा तीन पॉलियों प्रातः 08 से 10:30 बजे तक, दोपहर 12 से 02:30 बजे तक एवं अपराह्न 04 से 06:30 बजे तक आयोजित की जायेगी।

विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा अन्नावि दिनेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि 13 जून से 15 जून तक ग्रुप-ए का 07 पालियों में, 15 जून से 18 जून तक ग्रुप-ई का 06 पालियों में तथा अन्य ग्रुप 18 जून को दो पालियों में परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी।

रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया लेखपाल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- पचास हजार की कर रहा था डिमांड, 20 हजार पर फाइनल हुई थी डील

अमृत विचार: जिले में मंगलवार को एंटी करप्शन की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। एंटी करप्शन अयोध्या मंडल टीम ने दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत ले रहे लेखपाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।

नवाबगंज तहसील क्षेत्र के भयारा में तैनात राजस्व लेखपाल मनोज कुमार सिंह पुत्र राम नरेश सिंह निवासी खिजना, थाना बड्डूपुर, तहसील फतेहपुर दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर मनोज आनंद नाम के शख्स से 50 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। लेखपाल लगातार मनोज आनंद से तय तोड़ करने में जुटा था और उसे दौड़ा रहा था। लेखपाल ने कहा कि जब तक पैसे नहीं दोगे, तब तक काम नहीं होगा। चक्कर काटते-काटते थक जाओगे। काफी दिनों के बाद मामला 20 हजार पर आकर तय हुआ। जिसके बाद मनोज आनंद ने एंटी करप्शन टीम को मामले की जानकारी दी। लेखपाल को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया। मंगलवार को लेखपाल मनोज कुमार सिंह रिश्वत के नाम पर मनोज आनंद से पांच हजार की पहली किश्त लेने वाला था। इस संबंध में उसकी लेखपाल मनोज से फोन पर लगातार बात हो रही थी। मनोज आनंद ने बताया कि लेखपाल मंगलवार को सुबह से ही उसे फोन करके लगातार रिश्वत लेने की जगह बदल रहा था। पहले सुबह साढ़े ग्यारह बजे काशीराम कॉलोनी बुलाया। फिर जब वह वहां जाने लगा तो फोन करके पल्हरी चौराहे पर बुलाया। लेकिन थोड़ी ही देर बाद उसने फिर जगह बदल दी। दोपहर करीब 2 बजकर 50 मिनट पर लेखपाल ने उसे डीएम आवास के सामने एक प्रतिष्ठान पर बुलाया। जहां वह उससे रिश्वत लेने वाला था। मौके पर पहुंचने पर जैसे ही उससे पांच हजार रुपये ली तभी एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। टीम ने उसे फरार होने का मौका नहीं दिया। लेखपाल को गिरफ्तार करने के बाद टीम उसे लेकर नगर कोतवाली पहुंची। टीम की ओर से उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया। एंटी करप्शन अयोध्या मंडल के प्रभारी निरीक्षक राय साहब द्विवेदी के मुताबिक लेखपाल मनोज कुमार सिंह को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। लेखपाल शिकायतकर्ता मनोज आनंद से पचास हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। पांच हजार रुपये पहली किश्त ले रहा था। तभी हम लोगों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठायें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जलभराव व संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाये जाएं।

उन्होंने कहा कि सभी निकाय मानसून आने से पहले ही नाले-नालियों की पूरी तरह सफाई कराएं। शहरों से पानी निकालने के लिए पम्पिंग की व्यवस्था दुरुस्त की जाय। नगर विकास मंत्री मंगलवार को जल निगम के फील्ड हास्टल में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झाड़ियों, सिल्ट आदि की सफाई में मशीन और मैनपॉवर का अधिकतम प्रयोग किया जाय। बुनियादी सुविधाएं बढ़ाकर निकायों की साफ-सफाई में और सुधार किया जाय। उन्होंने सभी नगर आयुक्तों व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए भेजी गई धनराशि का समय से सदुपयोग किया जाय। बरसात में निकायों में जलभराव न हो। नाले-नालियों की सफाई समय से कराई जाय। शहरों से पानी निकालने के लिए पम्पिंग की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाये।

तैयारी 2023 को चार्टन लॉज क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था, इसमें तीन मकान ढह गए थे और दर्जनों में दरारें आ गईं थीं

गनी बैग से रोका जा रहा चार्टन लॉज का भूस्खलन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सितम्बर 2023 को चार्टन लॉज क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था, जिसमें तीन मकान ढह गए थे और दर्जनों मकानों में दरारें आ गई थीं। जिसके बाद प्रशासन ने लगभग 24 परिवारों को चार्टन लॉज से स्थानांतरित किया था। लोक निर्माण विभाग की ओर से भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र की सुरक्षा के लिए गनी बैग और तिरपाल लगाई गई। कुछ समय बीतने के बाद स्थानांतरित किए गए परिवार वापस अपने घरों में रहने लगे हैं।

करीब नौ माह बीतने के बाद भी प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्र को अनदेखा किया जा रहा है। संबंधित विभागों की ओर से कोई स्थाई उपाय नहीं किया जा रहा है। मानसून से पहले भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में कोई उपचार कार्य नहीं किया गया तो क्षेत्र के दर्जनों परिवारों को खतरा हो सकता है।

जल्द किया जाएगा क्षेत्र का निरीक्षण

नैनीताल : लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि स्थाई उपचार करने के लिए आईआईटी रुड़की, पीएचडीसी और आपदा सचिव भूस्खलन क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। आचार संहिता के चलते निरीक्षण नहीं हो पाया था जल्द ही क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा। जिसके बाद लोनिवि डीपीआर तैयार करेगा। जिससे चार्टन लॉज क्षेत्र का स्थाई उपचार किया जाएगा।



भूस्खलन क्षेत्र चार्टन लॉज अमृत विचार

एक हजार करोड़ की खरीद में हुई नियमों की अनदेखी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जांच अधिकारी ने कुलपति से पर्चेज कमेटी सदस्यों के नाम और पते मांगे

अमृत विचार : किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी केजीएमयू समेत अन्य मेडिकल कॉलेजों में उपकरण और फर्नीचर खरीद में गड़बड़ी का आरोप लगा है। पर्चेज कमेटी ने तीन कंपनियों से खरीद कराई थी। आरोप है कि एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की खरीद में नियमों को अनदेखी की गई है। शिकायत में शासन ने जांच सतर्कता विभाग के अधिकारी रामचंद्र चौधरी को सौंपी है।

केजीएमयू की पर्चेज कमेटी ने वर्ष 2016 में राजकीय मेडिकल कॉलेज व उससे संबद्ध अस्पतालों में उपकरण व फर्नीचर खरीदा था। एक हजार करोड़ से अधिक के उपकरण, फर्नीचर तीन फर्म से लिए गए।

आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर टेंडर को शार्टलिस्ट कर दिया गया। शासन के निर्देश पर सतर्कता विभाग ने केजीएमयू कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद को पत्र भेजकर पर्चेज कमेटी सदस्यों के नाम, नियुक्ति, वर्तमान पता तीन कार्यदिवस में मांगा है। सतर्कता विभाग के जांच अधिकारी को मामले की जांच सौंपी गई है। केजीएमयू कुलसचिव अर्चना ने पूरी रिपोर्ट बनाकर सतर्कता विभाग को भेज दी है।

जिले नहीं बना पाए कार्ययोजना

लखनऊ: 13 जिले गांवों के विकास की वर्ष 2024-25 की ग्राम पंचायत विकास योजना यानी जीपीडीपी तैयार नहीं कर पाए। इस वजह से 19 ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड नहीं की गईं। इससे संबंधित ग्राम पंचायत के विकास का बजट फंसेगा।

दरअसल, गांव के विकास कार्यों की योजना अक्टूबर और नवंबर में तैयार कर पंचायती राज विभाग के ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर स्वीकृति और बजट के लिए अपलोड की जाती है। इसमें सड़क, नाली, पंचायत भवन, विद्यालय समेत सभी निर्माण व अन्य विकास संबंधित कार्य दर्शाये जाते हैं। पंचायती राज निदेशालय ने पिछले वर्ष अक्टूबर व नवंबर में बनी वित्तीय वर्ष 2024-25 की जीपीडीपी की समीक्षा की।

एक नजर

सेतु निगम में अभियंताओं के 300 पद खाली

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सेतु निगम में अभियंताओं के करीब 300 पद खाली है। इसमें 200 पद जूनियर इंजीनियर व 100 पद सहायक अभियंता के हैं। निगम में वर्ष 2009 के बाद कोई भर्ती नहीं हुई है। स्थिति यह है कि जहां एक पुल पर तीन जूनियर इंजीनियर तैनात होने चाहिए, वहां तीन से चार पुलों की जिम्मेदारी एक जूनियर इंजीनियर पर है। निगम में सहायक अभियंता (सिविल) के 184, सहायक अभियंता (यांत्रिक) के 56, जूनियर इंजीनियर (सिविल) के 272, जूनियर इंजीनियर (यांत्रिक) के 130 पद हैं। इनमें से 50 फीसदी पद रिक्त हैं। भर्ती न होने के कारण कई प्रकार की समस्याएं सामने आ रही हैं।

अभियान तक ही सिमटा मोटा अनाज

बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों के बच्चों को नहीं मिला लाभ

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार: कक्षा 1 से 8 तक सरकारी विद्यालयों में बच्चों के लिए परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन में मोटा अनाज अभी तक शामिल नहीं हुआ है। जबकि इसके लिए पिछले वर्ष जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने इसे मध्यान्ह भोजन में शामिल करने के लिए कहा था। लेकिन मोटा अनाज अभियान तक ही सिमट कर रह गया।

जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों का कहना है ये अनाज केंद्र सरकार की ओर से मिलना था जो कि अभी तक नहीं मिला है। पूरे प्रदेश में 1.33 लाख से अधिक प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों का संचालन होता है इनमें 1.75 करोड़ बच्चे पढ़ाई करते हैं।

लगभग 60 हजार टन मोटा अनाज खरीदने की है जरूरत

बाजरे की रोटी या खिचड़ी दी जानी थी: योजना के मुताबिक, मध्याह्न भोजन में छात्रों को बाजरे की रोटी या खिचड़ी परोसी जानी थी। मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार लगभग 60 हजार टन मोटा अनाज खरीदने की जरूरत है। वर्तमान में सप्ताह में छह दिन बच्चों को सब्जियों या दाल के साथ गेहूं या चावल से बने व्यंजन परोसे जाते हैं।

एफसीआई को भेजा था प्रस्ताव

अधिकारियों ने बताया कि मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के लिए बाजरा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को एक प्रस्ताव भी भेजा था। लेकिन अभी तक केंद्र सरकार ने अपना निर्णय इस पर नहीं लिया है। यूपी में मध्याह्न भोजन का कुल बजट लगभग 3,000 करोड़ रुपये है। केंद्र सरकार लागत का 60 प्रतिशत देती है बाकी 40 प्रतिशत राज्य सरकार देती है।

मोटे अनाज को लेकर विद्यालयों में बच्चों को जागरूक भी किया गया लेकिन मध्यान्ह भोजन में अभी तक इसे नहीं शामिल किया गया है।

-विनय कुमार सिंह, अध्यक्ष, प्रा. शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसो.

मोटा अनाज बच्चे-बड़े सभी के लिए जरूरी है। ये हमारे शरीर में कैल्शियम की पूर्ति तो करता ही है साथ में वजन भी नियंत्रित करने में सहायक है।

-डॉ. हर्षिता, सीनियर डायटिशियन

उपेक्षित जिलों में विवि खोलने को बनेगी नई नीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश के उपेक्षित जिलों में विश्वविद्यालय खोलने के लिए राज्य सरकार नई नीति बनाएगी। देश के टॉप विश्वविद्यालयों व विदेशी विश्वविद्यालयों को प्रदेश में विश्वविद्यालय खोलने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस सिलसिले में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किये। वह मंगलवार को विधानभवन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय खोलने में प्रदेश सरकार समुचित सुविधाएं व सहायता उपलब्ध कराएगी। बैठक में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव नियोजन पुलिकत खरे समेत अन्य विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय। अमृत विचार

विदेशी विश्वविद्यालयों को उप्र में विश्वविद्यालय खोलने के लिए किया जाएगा आमंत्रित

ओबरा पावर प्लांट की अनुमानित लागत बढ़ी, 1000 करोड़ का लोन लेंगे

मंत्रिमंडल से जलशक्ति विभाग की 26 परियोजनाओं को भी मिली हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के दौरान शिथिल पड़ गईं परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा। मंगलवार को लोकभवन में राज्य मंत्रिमंडल की चुनाव के बाद पहली कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने ओबरा के पावर प्लांट की लागत बढ़ाने को मंजूरी दे दी। पहले इसकी लागत 11705 करोड़ रुपए थी, अब 13005 करोड़ रुपए लागत हो गई है। इसी के साथ बिजली विभाग में लोन लेने के लिए 1000 करोड़ का लोन 9.5 फीसद की दर से हुडको से लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। हुडको से 1000 करोड़ के लिए लोन की गारंटी सरकार लेगी। वहीं, बलिया के रसड़ा में ट्रांसमिशन सबस्टेशन की लागत 537 करोड़ लागत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

मंत्रिमंडल से जलशक्ति विभाग की 26 परियोजनाओं को भी हरी झंडी दिखायी गई। इनमें ललितपुर, झांसी, महोबा, मिर्जापुर, महोबा जैसे जिलों से जुड़ी परियोजनाओं को मिली मंजूरी मिली है। ज्यादा परियोजनाएं नमामि गंगे से जुड़ी हैं।

वहीं, लखीमपुर में हवाई पट्टी के विस्तार को भी कैबिनेट से मंजूरी दी गई है। यहां हवाई अड्डा बनाए जाने के तहत गांवों की 655 एकड़ ज़मीन अधिग्रहण की जाएगी। इसके लिए 271 करोड़ रुपए को मंजूरी मिली है। उधर, मथुरा में जनसुविधाओं व शिल्पग्राम के लिए ग्राम समाज की 6.859 हेक्टेयर भूमि पर्यटन विभाग को निशुल्क सौंपी जाएगी।

लोकभवन में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

मंत्रिमंडल की पहली पेपरलेस बैठक

मंत्रिमंडल की बैठक में जिन 41 प्रस्तावों पर मुहर लगी है उनमें से 26 प्रस्ताव जल संसाधन विभाग के हैं। सरकार की यह पहली पेपरलेस कैबिनेट बैठक हुई है। इसमें सभी मंत्री टैबलेट के साथ पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव के चलते चार महीने से कैबिनेट की बैठक नहीं हुई थी। चुनाव अधिसूचना से पहले 5 मार्च को आखिरी बैठक हुई थी।

जेवर के किसानों के लिए मुआवजे की स्वीकृति

एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में जेवर एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहित की गई किसानों की जमीन के लिए मुआवजे की राशि को मंजूरी दी गई। इसका लाभ हजारों किसानों को मिलेगा। दरअसल, जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का काम काफी तेजी से चल रहा है। लगभग आधा काम पूरा कर लिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि 2024 में पहले रनवे से विमान उड़ान भरेगा। इसके साथ दूसरे, तीसरे और चौथे चरण की भी तैयारी शुरू हो गई है। अब तीसरे-चौथे चरण के लिए जमीनों का अधिग्रहण शुरू हो गया है। जेवर के 14 गांव में करीब 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें तीन रनवे बनेंगे। इस प्रक्रिया में गांव वालों को मुआवजा देने और जमीन अधिग्रहण के लिए करीब 15 हजार करोड़ का खर्च आएगा।

125 करोड़ से बदलेगी छात्रावासों की सूरत

अमृत विचार, लखनऊः बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना के तहत प्रदेश में छह नए छात्रावास बनेंगे। साथ ही प्रदेश में संचालित 221 छात्रावासों को 125 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प होगा।

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि आधारभूत सुविधाओं के लिए समस्त छात्रावासों को 2-2 लाख एवं सर्वोदय छात्रावासों को 5-5 लाख की धनराशि समान रूप से दी जा रही है। उन्होंने विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आवश्यकतानुसार बजट उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। मेस, शौचालय जैसी सुविधाएं मानक के अनुरूप प्रदान करने के लिए विभाग अन्य राज्यों में किए जा रहे कार्यों का अध्ययन कर रहा है। जिसके आधार पर सभी छात्रावास मॉडल के रूप में होंगे। उन्होंने भारत सरकार की ओर से संचालित बाबू जगजीवन छात्रावास योजना के तहत प्रदेश को जौनपुर में 1, फिरोजाबाद-3, हाथरस-1 एवं सुल्तानपुर में 1 छात्रावास का भी निर्माण किए जाने की स्वीकृति मिल गई।

विद्यालय आये हैं या नहीं, बता देगा चेहरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आश्रम पद्धति विद्यालय में अध्यापक समय से पहुंचें और कक्षाओं में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें इसके लिए बायोमैट्रिक्स (फेस रेकग्निशन) लगा दी गई हैं। अध्यापकों की उपस्थिति अब इसी से दर्ज होगी।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। विद्यालय आने के बाद अध्यापक उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज करने के बाद नदारद हो जाते थे। साथ ही कई अध्यापक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते थे। इसकी शिकायतें लगातार मिलने के बाद बायोमैट्रिक्स लगाने की कार्ययोजना बनाई गई और उसको अमली जामा पहना दिया गया। एक जुलाई से विद्यालय खुलने के साथ ही बायोमैट्रिक्स (फेस रेकग्निशन) से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। अध्यापकों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए विद्यालयों में सीसीटीवी भी लगवाए गए हैं। सीसीटीवी कक्षाओं में भी लगे हैं। कक्षाओं में अध्यापक कब पहुंच रहे हैं और कितनी देर पढ़ा रहे हैं इस पर भी निदेशालय में बैठे अधिकारी नजर रख सकेंगे क्योंकि निदेशालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि 70 से अधिक विद्यालयों में सीसीटीवी लग गए हैं। शेष 24 विद्यालयों में इस माह के अंत तक सीसीटीवी लग जाएंगे। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सभी विद्यालयों में फेस रेकग्निशन मशीनें लगा दी गई हैं चेहरे से लगेगी उपस्थिति

अध्यापक विद्यालय से बीच में नदारद न हो सकें इसके लिए सीसीटीवी भी लगवाए गए

13 जिले नहीं बना पाए कार्ययोजना, फंसेगा बजट

अमृत विचार, लखनऊ : 13 जिले गांवों के विकास की वर्ष 2024-25 की ग्राम पंचायत विकास योजना यानी जीपीडीपी तैयार नहीं कर पाए। इस वजह से 19 ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड नहीं की गईं। इससे संबंधित ग्राम पंचायत के विकास का बजट फंसेगा।

दरअसल, गांव के विकास कार्यों की योजना अक्टूबर और नवंबर में तैयार कर पंचायती राज विभाग के ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर स्वीकृति और बजट के लिए अपलोड की जाती है। इसमें सड़क, नाली, पंचायत भवन, विद्यालय समेत सभी निर्माण व अन्य विकास संबंधित कार्य दर्शाये जाते हैं। पंचायती राज निदेशालय ने पिछले वर्ष अक्टूबर व नवंबर में बनी वित्तीय वर्ष 2024-25 की जीपीडीपी की समीक्षा की। इस दौरान ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर बाराबंकी, प्रतापगढ़, अलीगढ़, सुल्तानपुर, आजमगढ़, बागपत, चंदौली, फतेहपुर, गाजीपुर, हमीरपुर, कुशीनगर, मथुरा व सोनभद्र की 19 ग्राम पंचायतों की जीपीडीपी नहीं पाई।

16 वर्षों बाद गिरफ्तार हुआ फरार कैदी

अमृत विचार, लखनऊ: एसटीएफ की वाराणसी इकाई ने मंगलवार को कैंट स्टेशन से एक ऐसे कैदी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, जो हत्या में सजायाफ्ता था और 16 वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस ने कैदी पर 25 हजार रुपए का इनाम भी रखा था।

हरैंया बस्ती का रहने वाले सुरेश मिश्रा उर्फ लाल बहादुर राम ने बांस काटने के विवाद में 12 फरवरी 2001 में गांव के ही विनोद मिश्रा की हत्या कर दी थी। 2007 में सुरेश मिश्रा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 2008 में जेल में सुरेश मिश्रा को पीलिया हो गया। कारागार प्रशासन वाराणसी के सरकारी अस्पताल में कैदी सुरेश मिश्रा का इलाज कराने भेजा था। इलाज के बाद स्वास्थ्य ठीक होते ही सुरेश पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने सुरेश पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। मंगलवार को एसटीएफ को सूचना मिली कि सुरेश मिश्रा वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर नौ पर मौजद है और ट्रेन से कहीं जाने की फिराक में है। इस दौरान मौके पर पहुंची एसटीएफ टीम ने सुरेश को गिरफ्तार कर लिया।

फर्जी नियुक्तियों की जांच शुरू, निदेशक ने मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से संबद्ध महाविद्यालय में फर्जी नियुक्तियों की जांच शुरू हो गई है। निदेशक उच्च शिक्षा ने महाविद्यालय प्रबंधन और बेसिक शिक्षा विभाग ने शपथ पत्र के साथ जवाब तलब किया है। मामला तब पकड़ में आया जब वेतन निकासी के लिए शिक्षकों ने एक ही पैन कार्ड का इस्तेमाल किया। यह महाविद्यालय कानपुर देहात जिले में हैं। मामले की जानकारी होने के 48 घंटे के भीतर निदेशालय ने संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। अमृत विचार ने इस जालसाजी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

अर्हता पूरी नहीं, बना दिया सहायक प्रोफेसर

प्रकाशित समाचार।

कानपुर देहात के महाविद्यालयों में तैनात हैं शिक्षक, अमृत विचार ने उठाया था प्रकरण

एक ही पैनकार्ड से बेसिक शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग से वेतन का किया था आहरण

सीएसजेएमयू से संबद्ध कानपुर देहात के एक डिग्री कॉलेज में कार्यरत दो शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग से भी वेतन ले रहे थे। अभी तक की जांच में पता चला कि 2003 से 2015 तक दोनों ने प्राथमिक विद्यालय में तैनात रहकर वेतन उठाते रहे। इसी दौरान वे महाविद्यालय में भी पढ़ा रहे थे। यहां से भी उन्हें वेतन निर्गत हो रहा था। वेतन अलग बैंक के खातों में जा रहा था, लेकिन दोनों खातों में पैनकार्ड एक ही लगे थे। इसी पैनकार्ड से मामला पकड़ में आया। तीसरे मामले में महाविद्यालय के एक शिक्षक को नियमों को दरकिनार कर विभागाध्यक्ष बनाए जाने की बात सामने आई थी। आरटीआई में इसका खुलासा होने के बाद उच्च शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण में भी जांच शुरू कर दी है।

इन साक्ष्यों को बनाया आधार

7 फरवरी को आरंभ हुई जांच में उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई। समिति के सदस्य डॉ. बीएल शर्मा, डॉ. केसी वर्मा और डॉ. जय सिंह ने मिलकर जांच के दौरान आईटीआर, चार स्थानों पर कार्य करने के दस्तावेज और 31 अगस्त 2003 के पश्चात अनुमोदित होने के साक्ष्य को जांच का हिस्सा बनाया।

शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर शिकायती पत्र प्राप्त हुए थे। जांच कमेटी मामले की जांच में लगी है। कानपुर जनपद से संबंधित महाविद्यालय से जुड़े प्रकरण को लेकर प्राचार्य और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। शिक्षकों को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब देने के लिए कहा गया है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. अमित भारद्वाज, निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज

परियोजनाओं की गुणवत्ता की जिम्मेदारी मुख्य अभियंता की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया की समस्त निर्माणाधीन बाढ़ परियोजनाएं आगामी 20 जून तक हर हाल में पूर्ण करा ली जाएं। परियोजनाओं की गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता की होगी, इसलिए समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियंता अनिवार्य रूप से अपने क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण जरूर करें। स्वतंत्रदेव सिंह उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बाढ़ पूर्व तैयारियों तथा अन्य विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक में दिया।

13 से 20 तक होगी पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : वर्ष 2024 की पॉलिटेक्निक की प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में 13 से 20 जून तक आयोजित की जायेगी। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए 4 लाख 12 हजार 759 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है।

वर्ग पहेली-98

बाएं से दाएं

1.1. युग के अनुकूल, समय के अनुसार 2. प्रासंगिक।
5.1. चिट्ठी-पत्री या हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी, मुहर्रिर 2. लिपिक, लेखक।
8. मछली पकड़ने का जाल।
9.1. बच्चों द्वारा नकियाकर धीरे-धीरे रोने की आवाज़ 2. अस्पष्ट स्वर में ठहर-ठहरकर रोने की ध्वनि।

ऊपर से नीचे

2.1. दूसरों के साथ किया जाने वाला छल या कपट, धोखा, धूर्तता 2. हल का फाल 3. वेणी, कबरी, जूड़ा 4. बाहर की ओर निकला हुआ भाग, उठान, उभार।
3. जिसकी सिंचाई हो चुकी हो, सींचा हुआ।
4. छुनन-मुनन।
6. श्येनपक्षी, बाज़।
7. नौकर, सेवा करने वाला।



वर्ग पहेली -97 का हल

1 ना	जी	■	2 हँ	3 स	न	■
■	■	4 खु	■	ह	■	5 गं
6 ऐ	■	ट	■	यो	■	धा
7 लो	को	प	यो	गी	■	ना
पै	■	न	■	■	8 नि	■
थ	■	■	9 घा	■	ढा	■
■	■	10 अ	न	सु	ल	झी

सुडोकू-11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		5	7					2
7				8	6		5	
		4		9		6		3
		3			1		6	
		9	4		7	8		
	1		9			5		
9		6		4		7		
	4		1	2				6
8					9	4		

सुडोकू - 10 का हल

8	1	3	9	5	6	2	7	4
7	5	2	3	1	4	6	9	8
4	9	6	7	2	8	1	5	3
3	6	7	5	9	1	4	8	2
5	8	4	6	3	2	9	1	7
9	2	1	4	8	7	5	3	6
2	4	8	1	7	9	3	6	5
1	7	5	2	6	3	8	4	9
6	3	9	8	4	5	7	2	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 19.16 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 13 जून 02.12 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष: आज अनावश्यक क्रोध करने से स्वजन आपके प्रति शत्रुवत हो सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिए दिन शुभ नहीं है। जॉब में अधिकारियों से आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए। अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। पेट दर्द की समस्या हो सकती है।

वृष: आज नया कारोबार शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। मन में काम को लेकर उत्साह कम हो सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। गुप्त विद्याओं की तरफ आपका रुझान बढ़ सकता है।

मिथुन: आज घर के वास्तु में कुछ सुधार आदि कर सकते हैं। आप काफी सोच-समझकर भविष्य की योजना बनाएंगे। मित्रों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। दिन शुभ रहेगा। यद्यपि आपके ऊपर जवाबदेही बढ़ेगी, किंतु आप फिर भी काफी उत्साहित रहेंगे।

कर्क: आज आपके कार्य धीमी गति से होंगे। इसीलिए आपको काफी धैर्य रखने की आवश्यकता है। यात्राओं के दौरान आपको परेशानी का अनुभव होगा। आपको बातचीत के दौरान विनम्र रहना सीखना होगा। सहयोगी कर्मचारियों से विवाद होने की आशंका है।

सिंह: आज दूसरों के झगड़ों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आप उत्साहपूर्वक अपना काम कर पाएंगे। निवेश को लेकर जल्दबाजी न करें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप धार्मिक विषयों को लेकर काफी सक्रिय हो सकते हैं।

कन्या: आज क्रोध के कारण आपको नुकसान हो सकता है। ऐसे लोगों से संपर्क में न रहें, जो आपको गुस्से के लिए उकसाते हों। व्यवसाय में नवीन प्रयोग करने से बचें। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको सावधान रहना चाहिए। मन में उत्साह का अभाव रहेगा।

तुला: आज आप काफी अध्यात्मिक रहेंगे। जॉब में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से कारोबार या नौकरी को लेकर आपको मौके मिल सकते हैं। नई तकनीक के प्रति आपका आकर्षण बढ़ेगा। संभव है कि आप किसी डिवाइस पर धन खर्च करें।

वृश्चिक: आज व्यापार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। मित्रों का काफी सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में सफलता मिल सकती है। जॉब में पदोन्नति के योग बन सकते हैं। आपको प्रबुद्ध व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

धनु: आज व्यवसाय में आपकी सक्रियता बढ़ेगी, किंतु आपको ज्यादा निवेश करने से बचना चाहिए। अपने संपर्कों को बढ़ाने का प्रयास करें। आपका मन काम में नहीं लगेगा। आप कुछ दूसरे कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं।

मकर: आज अपनी गुप्त बातों को किसी से शेयर न करें। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। आप आपको सिरदर्द की समस्या हो सकती है। अनावश्यक भागदौड़ के कारण आपको थकान की अनुभूति होगी।

कुंभ: आज व्यवसाय काफी लाभप्रद रहने वाला है। जीवनसाथी आपको कड़ी सलाह दे सकता है, किंतु यह आपके लिए लाभप्रद अवश्य होगी। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कार्यक्षेत्र में उत्तम सफलता मिलेगी। आपके सहयोगी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

मीन: आज कुछ कार्यों के उलझने के योग बन रहे हैं। लोन वगैरह लेने से आपको बचना चाहिए। नौकरी को लेकर चिंता और तनाव हो सकता है। अपनी वाणी में विनम्रता का भाव रखें। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है।

आज की फिल्में

बीएमू मूवीज
- आज का रावण — सुबह : 08.00
- होते होते प्यार हो गया — रात : 07.00

&pictures
- सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 11.11
- लव हॉस्टल — रात : 08.00

सोनी पिक्स
- वेनम — सुबह : 11.10
- होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 — रात : 09.00

जीसिनेमा
- चेन्नई वर्सेस चाइना — सुबह : 09.00
- हॉलीडे — दोपहर : 02.10

कलर्स सिनेप्लेक्स
- राजा हिन्दुस्तानी — सुबह : 11.37
- जब वी मेट — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर दोपहर : 02.10 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↑
बंद हुआ	76,456 .59	23,264 .85
नुकसान/बढ़त	33 .49	5 .65
प्रतिशत में	0 .04	0 .02

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 945 फ्लैग 1060 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2400-2450
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफ़ारम	2600-2700
जौ	2000 -2100
ज्वार	2000 -4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200 -2400

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6500 -6600
अरहर	9000 -10000
मसूर	5500 -5600
मटर	3700 -4000
उड़दहरा	10000 -10700
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	7700 -7800

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	17300-17400
अरहरस्पेशल1	14700-14800
चनादाल	8300-8400
मटरदाल	4850-4950
मसूरमलका	7300-7350
मसूरदाल	7500-7550
उड़ददाल	9000- 11800
उड़द धोवा	10000- 13000
मूँगदाल	8700 -9500
मूँग धोवा	9700-11000

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000 - 2300
बासमती नं.1	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं.2	6500 - 7500

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1380-1430
मैदा	1350-1400
सूजी	1410-1430

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1325-1350

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	5600-5800
अलसी	4500 -4600 रुपये।

भर्तियों की संभावना में छठे स्थान पर भारत

मैनपावरग्रुप कंपनी के तिमाही में वैश्विक सर्वेक्षण के आधार पर कही गई बात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत 2024 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपने रोजगार परिदृश्य के मामले में वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है। देश में 30 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहीं हैं। कार्यबल समाधान कंपनी मैनपावरग्रुप के एक वैश्विक सर्वेक्षण में यह बात कही गई। भारत के शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) की गणना छंटनी की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं की संख्या को नियुक्ति की योजना बनाने वाले नियोक्ताओं से घटाकर की गई। इससे सामने आया कि 30 प्रतिशत कंपनियां अगले 3 महीनों में अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रही हैं। भारत अपने

रोजगार परिदृश्य के लिए वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है, जो वैश्विक औसत से आठ अंक ऊपर है। यह सर्वेक्षण 42 देशों में किया गया है।

वैश्विक स्तर पर, कोस्टा रिका में जुलाई-सितंबर के लिए सबसे मजबूत 35 प्रतिशत नियुक्ति की उम्मीद है। इसके बाद स्विट्जरलैंड में 34 प्रतिशत, ग्वाटेमाला में 32 प्रतिशत, मेक्सिको में 32 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका में 31 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में भर्तियां करने की योजना बना रही है। दूसरी ओर, अर्जेंटीना और रोमानिया में सबसे कम तीन प्रतिशत एनईओ दर्ज किया गया। मैनपावरग्रुप रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के नवीनतम संस्करण में भारत में 3,150 नियोक्ताओं से उनकी तीसरी तिमाही की नियुक्ति संबंधी मंशा के बारे में पूछा गया।

मैनपावरग्रुप के भारत तथा पश्चिम एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा-वैश्विक मंदी का असर भारत के आईटी क्षेत्र पर काफी समय से पड़ रहा है। इस सर्वेक्षण में आंकड़े एकत्रित करते समय आम चुनाव के कारण देश में राजनीतिक अनिश्चितता का माहौल बना हुआ था और स्पष्ट रूप से नियोक्ता अपने अल्पकालिक संसाधन नियोजन में सावधानी बरत रहे थे।

सर्वेक्षण के मुताबिक उत्तर भारत में नियुक्ति की संभावना सबसे अधिक 36 प्रतिशत रही

सर्वे के मुताबिक रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेशकों की रुचि बढ़ी है और आवासीय क्षेत्र में 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर का पूंजी प्रवाह हुआ है। कुल मिलाकर उत्तर भारत में नियुक्ति की संभावना सबसे अधिक 36 प्रतिशत रही। इसके बाद पश्चिम में 31 प्रतिशत, दक्षिण में 30 प्रतिशत और पूर्व में 21 प्रतिशत नियोक्ताओं ने भर्ती करने की इच्छा व्यक्त की। आम धारणा के विपरीत करीब 68 प्रतिशत नियोक्ता अगले दो साल में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग को अपनाने के कारण कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। इसका नेतृत्व संचार सेवा क्षेत्र, वित्तीय और रियल एस्टेट, उद्योग व सामग्री तथा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र करेंगे।

भारत 3 साल तक सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा

नई दिल्ली। विश्व बैंक ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा कि भारत अगले तीन वर्षों में 6.7 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि दर्ज करते हुए सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक की नवीनतम 'वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट' के मुताबिक, भारत में वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि बढ़कर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

यह विश्व बैंक के जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान से 1.9 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही विश्व बैंक ने वर्ष 2024 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि के 2.6 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान जताया। उसने कहा कि अगले दो वर्षों में वैश्विक वृद्धि बढ़कर औसतन 2.7 प्रतिशत तक हो जाएगी। हालांकि, यह भी कोविड-19 से पहले के दशक के 3.1 प्रतिशत से काफी कम होगी।



घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सियाम के अनुसार मई में बढ़कर 3,47,492 इकाई पर पहुंची

देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई हो गई। मई, 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी। उद्योग संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के चलते मई महीने में अब तक की सबसे ऊंची बिक्री दर्ज की गई। मारुति सुजुकी ने पिछले महीने 1,44,002 इकाइयां बेचीं, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 1,43,708 इकाई था। हुंदै मोटर इंडिया ने मई में 49,151 वाहन बेचे, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 48,601 इकाई था। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मई 43,218 इकाइयां बेचीं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 32,886 इकाइयों की बिक्री की थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बयान में कहा कि सभी खंडों यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन, दोपहिया और तिपहिया वाहनों में सालाना आधार पर मई में वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा-यात्री वाहनों में केवल मध्यम वृद्धि देखी गई है, जिसका मुख्य कारण पिछले वर्ष का उच्च आधार प्रभाव है। मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 16,20,084 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल समान महीने में यह आंकड़ा 14,71,550 इकाई था। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 55,763 इकाई हो गई, जबकि मई, 2023 में यह 48,610 इकाई थी। अग्रवाल ने कहा-सामान्य से बेहतर मानसून के पूर्वानुमान और नई सरकार द्वारा आर्थिक वृद्धि पर निरंतर जोर दिए जाने के साथ ही 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मोटर वाहन उद्योग 2024-25 में भी स्थिर वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने विस्तार से बताते हुए कहा कि पिछले महीने यात्री वाहनों की आपूर्ति मई में अब तक की सर्वाधिक थी।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,250
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,150
गिन्नी (प्रति नग)	54,500-54,700

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	71,500
सोना जेवरात गिन्नी	70,500
चांदी पक्की	876 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	71,750
चांदी आभूषण	89,200।

सोने में 150 रुपये की तेजी चांदी 1,400 रुपये लुढ़की

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोमवार को सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1,400 रुपये लुढ़क कर 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 92,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में, हाजिर सोने की कीमतें 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।

विशेष आर्थिक क्षेत्र से निर्यात 2023-24 में बढ़कर 163 .69 अरब डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार 4 प्रतिशत हुई बढ़ोतरी

विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से निर्यात 2023-24 में चार प्रतिशत से अधिक बढ़कर 163.69 अरब डॉलर हो गया, जबकि देश का कुल निर्यात पिछले वित्त वर्ष में तीन प्रतिशत से अधिक घटा था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इन क्षेत्रों से निर्यात 2022-23 में 157.24 अरब डॉलर और 2021-22 में 133 अरब डॉलर रहा था। विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में

एक-तिहाई से अधिक का योगदान दिया। विशेष आर्थिक क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें व्यापार तथा सीमा शुल्क के लिए विदेशी क्षेत्र माना जाता है। इन क्षेत्रों के बाहर घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध होता है। सरकार ने ऐसे 423 क्षेत्र (जोन) को मंजूरी दी है, जिनमें से 280 इस साल 31 मार्च तक चालू हो चुके हैं। 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्र में 5,711 स्वीकृत इकाइयां थीं। आंकड़ों से पता चलता है कि 31 दिसंबर, 2023 तक इन क्षेत्रों में 6.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। कुल 30.70 लाख लोगों को रोजगार मिला है। प्रमुख निर्यात गंतव्यों में संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर शामिल हैं। इन क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई उपायों पर विचार कर रही है।

राष्ट्रीय

एक नजर

आतंकवादियों को सहायता देने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में दो विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद होने के सिलसिले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब छह किलोग्राम वजनी विस्फोटक उपकरण रविवार को बरामद किये गये थे और एक दिन बाद उन्हें नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन जून को लश्कर-ए-तैयबा कमांडर रियाज डार और उसके सहयोगी रईस डार की हत्या के बाद आगे की जांच के दौरान पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों के ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) नेटवर्क से विस्फोटक बरामद किए।

1.47 करोड़ रुपये चुराने वाला पकड़ा गया चोर

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने अपने रिश्तेदार के घर से 1.47 करोड़ रुपए चुराने वाले युवक को चुराई गई नकदी के साथ पकड़ लिया है। सीकर जिले के खाटूश्यामजी के थानाधिकारी राजाराम ने बताया कि आरोपी विकास ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने रिश्तेदार बंशी के घर से पैसे चुराने की साजिश रची थी। उन्होंने बताया कि बंशी ने अपनी जमीन बेचकर पैसा घर में रखा था तथा कल रात वह नागौर के कुचामन में अपने किसी रिश्तेदारे के यहां गया था। राजाराम ने बताया कि विकास अपने दो दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से खाटूश्यामजी इलाके में आया और मंगलवार तड़के घर से उसने पैसे चुरा लिए।

कारोबारी की स्वास्थ्य स्थिति पर रिपोर्ट तलब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई की स्वास्थ्य स्थिति पर संबद्ध जेल अधीक्षक से एक रिपोर्ट मांगी है। उच्च न्यायालय की एक अवकाशकालीन पीठ ने जेल अधिकारियों को पिल्लई को मुहैया कराये जा रहे उपचार पर एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। पिल्लई ने स्वास्थ्य आधार पर अदालत से अंतरिम जमानत का आग्रह किया है। न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने कहा-नवीनतम चिकित्सा रिपोर्ट संबंधित जेल अधीक्षक से मांगी जाए।

मोदी सरकार के नए मंत्रियों में 99% करोड़पति

एडीआर के मुताबिक औसत संपत्ति 107 करोड़, 6 ऐसे जिनके पास 100 करोड़ से अधिक की संपदा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में चुनाव सुधार की दिशा में काम करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नई मंत्रिपरिषद के 71 सदस्यों में से 70 यानी 99 प्रतिशत करोड़पति हैं और उनकी औसत संपत्ति 107.94 करोड़ रुपये है।

एडीआर ने कहा कि मंत्रियों में से छह ऐसे हैं जिनके पास 100 करोड़ रुपये से कहीं अधिक की संपत्ति है। मंत्रियों की ओर से अपनी संपत्ति की घोषणा के आधार पर एडीआर ने यह आकलन किया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी 5705.47 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ इस सूची में सबसे ऊपर हैं। उनकी संपत्ति में 5598.65 करोड़ रुपये की चल और 106.82 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कुल 424.75 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। उनकी संपत्ति के ब्योरे में चल संपत्ति में 62.57 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 362.17 करोड़ रुपये शामिल हैं। भारी उद्योग मंत्री और जनता दल (सेक्युलर) के इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के पास कुल 217.23 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में 102.24 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 115.00 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति शामिल है। रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुल 144.12 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जिसमें 142.40 करोड़ रुपये चल संपत्ति और 1.72 करोड़ रुपये अचल संपत्ति शामिल है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के पास कुल 121.54 करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी संपत्ति में चल संपत्ति में 39.31 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति में 82.23 करोड़ रुपये शामिल हैं। महाराष्ट्र के उत्तर मुंबई से एक अन्य मंत्री और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 110.95 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है।

71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है

विश्लेषण किए गए 71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है। इन मंत्रियों के वित्तीय विवरण प्रदान करने वाली रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि उनके बीच औसत संपत्ति 107 .94 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 71 मंत्रियों के साथ रविवार को शपथ ली थी। इस बार भाजपा को भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है। इसलिए मोदी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं।

मुंबई हवाई अड्डे पर दो विदेशियों के पास से 33 किलोग्राम सोना बरामद

मुंबई। मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने अलग-अलग मामलों में दो विदेशी महिला नागरिकों के अंतःवस्त्रों और सामान में छिपाया 19.15 करोड़ रुपये मूल्य का कुल 32.79 किलोग्राम सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि सोमवार को शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद अफ्रीकी देशों से आई दोनों महिला यात्रियों की संदेह के आधार पर तलाशी ली गई। जांच अधिकारी ने बताया कि दोनों मामलों में अंतःवस्त्रों और सामान में छिपाया गया सोना मिला है। उन महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

क्षीर भवानी यात्रा के लिए आज रवाना होंगे 8,400 से अधिक श्रद्धालु

जम्मू, एजेंसी

कश्मीर में वार्षिक क्षीर भवानी मेले के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालु जम्मू से बुधवार को रवाना होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इन श्रद्धालुओं में अधिकतर कश्मीरी पंडित समुदाय से हैं। चार दिवसीय यह तीर्थयात्रा 12 जून को शुरू होगी, जब श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू शहर के बाहरी इलाके नगरोटा क्षेत्र से बसों में रवाना होंगे। इस वर्ष भारत और विदेश के विभिन्न हिस्सों से 80,000 से 90,000 कश्मीरी पंडितों के घाटी के पांच प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के लिए आने की उम्मीद है। ज्येष्ठ मास की अष्टमी पर मनाया जाने वाला वार्षिक क्षीर भवानी मेला 14 जून को कश्मीर के तुलमुल्ला (गंदरबल), टिक्कर

(कुपवाड़ा), लक्तिपोरा ऐशमुकाम (अनंतनाग), माता त्रिपुरसुंदरी देवसर (कुलगाम) और माता क्षीर भवानी मंजगाम (कुलगाम) मंदिरों में आयोजित होगा। राहत आयुक्त डॉ. अरविंद करवानी ने कहा कि हमने इस तीर्थयात्रा के लिए 8,400 से अधिक श्रद्धालुओं को पंजीकृत किया है। अरविंद करवानी ने कहा कि पांच मंदिर परिसरों तक यात्रा के लिए लगभग 200 बसें उपलब्ध कराई गईं हैं, जहां देवी महाराग्नया की पूजा करने के लिए क्षीर भवानी उत्सव मनाया जा रहा है।

सबके सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली निकली : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर लगाया आरोप-अब तीन करोड़ घरों का पीटा जा रहा ढिंढोरा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 2022 तक सबसे सिर पर छत की मोदी की गारंटी खोखली साबित होने के बाद अब तीन करोड़ आवास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण के लिए सरकारी सहायता को मंजूरी दी गई।

खरगे ने कटाक्ष करते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि लोकसभा चुनाव में देश ने ऐसा जवाब दिया कि मोदी सरकार को दूसरों के घरों से कुर्सियां उधार लेकर अपना सत्ता का घर संभालना पड़ रहा है। 17 जुलाई 2020 को प्रधानमंत्री जी ने देश को मोदी की गारंटी दी थी कि 2022 तक हर भारतीय के सिर पर छत होगी। ये गारंटी तो खोखली निकली। उन्होंने कहा-अब तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास देने का ढिंढोरा ऐसे पीट रहे हैं, जैसे पिछली गारंटी पूरी कर ली हो। देश असलियत जानता है कि इस बार इन तीन करोड़ घरों के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों

में कांग्रेस-संप्रग के मुक़ाबले पूरे 1.2 करोड़ घर कम बनवाए। खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल में 2004-13 के बीच 4.5 करोड़ घर बनवाए गए, जबकि पिछले 10 वर्षों में केवल 3.3 करोड़ घरों का निर्माण हुआ। उन्होंने आरोप लगाया, ''मोदी जी की आवास योजना में 49 लाख शहरी आवास यानी 60 प्रतिशत घरों का अधिकतर पैसा जनता ने अपनी जेब से भरा।

उनके मुताबिक-एक सरकारी सामान्य शहरी घर औसतन 6.5 लाख रुपये का बनता है, उसमें केंद्र सरकार केवल 1.5 लाख रू देती है। इसमें 40 प्रतिशत योगदान राज्यों और नगरपालिका का भी होता है। बाक़ी के बोझ का ठीकरा जनता के सिर पर फूटता है। वो भी क़रीब 60 प्रतिशत का बोझ।

संघ सदस्य ने भाजपा आईटी सेल हेड से मांगी माफी

कोलकाता, एजेंसी

- शांतनु सिन्हा ने कहा-कांग्रेस के लगाए गए आरोप गलत

कोलकाता के अधिवक्ता शांतनु सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी के आईटी प्रमुख अमित मालवीय और पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के विरुद्ध झूठे और अपमानजनक आरोप लगाने के लिए दिए गए कानूनी नोटिस मामले में मंगलवार को दावा किया कि उनके बयानों की गलत व्याख्या की गई। सिन्हा ने यह भी कहा कि वह सोशल मीडिया पोस्ट वापस नहीं ले रहे हैं, लेकिन अगर इससे मालवीय को ठेस पहुंची है तो वह दिल से खेद व्यक्त करते हैं।

उन्होंने फेसबुक पोस्ट में कहा-अगर मेरी पोस्ट से मालवीय को ठेस पहुंची है या इस तरह की गलत व्याख्या और संपादित संस्करण के कारण छवि खराब हुई है, तो मैं इसके लिए अपना हार्दिक दुख व्यक्त करता हूं। क्योंकि मैंने अपनी पोस्ट में कुछ भी ऐसा अनुचित नहीं लिखा है, जिसका उद्देश्य किसी की छवि खराब करना हो, इसलिए मैं विवाद का कारण बनी पोस्ट को वापस नहीं ले रहा हूं। संपर्क करने पर सिन्हा ने कहा कि यह कोई माफी नहीं है, बल्कि पूरे विवाद पर स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास है कि किस तरह उनके बयान की गलत व्याख्या की गई।

जेल में बंद मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा

रांची। झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य मंत्रिमंडल से और कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से इस्तीफा दे दिया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आलम धन शोधन संबंधी एक मामले के सिलसिले में जेल में हैं। पदाधिकारी ने कहा कि आलम ने रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को लिखे एक पत्र में राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के तौर पर अपना इस्तीफा दिया। आलम ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे अन्य पत्र में कहा-मैं झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से अपना इस्तीफा देता हूं। विधायक दल के नेता के रूप में कार्य करने का अवसर देने के लिए मैं पार्टी नेतृत्व का हमेशा आभारी रहूंगा।

हिजाब नहीं पहनने के अनुरोध के कारण शिक्षिका ने कॉलेज जाना किया बंद

कोलकाता। कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबद्ध कानून की पढ़ाई कराने वाले एक निजी संस्थान की एक शिक्षिका ने वहां के अधिकारियों द्वारा कार्यस्थल पर हिजाब पहनने से परहेज करने के कथित अनुरोध के बाद कक्षाओं में जाना बंद कर दिया और इस्तीफा दे दिया। मामला सामने आने के बाद जब इसका विरोध शुरू हुआ तो संस्थान के अधिकारियों ने दावा किया कि यह संवादहीनता के कारण हुआ और वह अपना इस्तीफा वापस लेने के बाद मंगलवार को काम पर लौट जाएंगी। लॉ कॉलेज में 3 साल से शिक्षण कार्य कर रहीं संजीदा कादर ने 5 जून को इस्तीफा दे दिया था।

जरांगे के अनशन का चौथा दिन, तरल पदार्थ लेने से इनकार

जालना (महाराष्ट्र), एजेंसी

- मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर अनशन पर बैठे हैं मनोज

मराठा आरक्षण से संबंधित मांगों को लेकर चार दिन से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को डॉक्टरों की सलाह के बावजूद नसों के माध्यम से तरल पदार्थ (आईवी फ्लुइड) लेने से इनकार कर दिया।

मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण देने की मांग कर रहे जरांगे ने मध्य महाराष्ट्र के जालना जिले में अंतरवाली सराटी गांव में नये सिरे से भूख हड़ताल शुरू की है। सरकारी ग्रामीण अस्पताल के एक दल ने सुबह उनकी जांच की।

उनका रक्तचाप और रक्त शर्करा स्तर कम था और उन्हें नसों के माध्यम से शरीर में तरल पदार्थ लेने की सलाह दी गई है। एक डॉक्टर ने मीडियाकर्मियों को यह जानकारी दी। हालांकि, जरांगे ने कहा कि वह इस तरह से कोई आहार नहीं लेंगे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-ऐसा लगता है कि सरकार को हमारी दुर्दशा की बिल्कुल चिंता नहीं है। मराठा समुदाय उन्हें सबक सिखाएगा। महाराष्ट्र के मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि सरकार द्वारा मराठाओं को दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण न्यायिक जांच में खरा उतरेगा, कार्यकर्ता ने कहा कि भुजबल को इस मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

राकांपा नेता सारंग ने मुस्लिम आरक्षण की मांग की

मुंबई। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) (अजीत गुट) के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी उपाध्यक्ष सलीम सारंग ने राज्य में मुलसमानों के लिए नौकरियों और शिक्षा के अलावा राजनीतिक आरक्षण की मांग की है। सारंग दशकों से मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग कर रहे है। सारंग की नई मांग में राजनीतिक आरक्षण भी शामिल है। उन्होंने मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने और सड़कों पर उतरने की भी धमकी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़ी पार्टी ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा। महाराष्ट्र से एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है। नरेंद्र मोदी सरकार में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। सलीम सारंग का बयान महाराष्ट्र में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आया है।

खेल डायरी

एमएमए से जुड़ने वाले पहले पहलवान बनेंगे संग्राम

मुंबई। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन संग्राम सिंह मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनने के लिए तैयार हैं। संग्राम महिला पहलवान पूजा तोमर के बाद एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बनेंगे। मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। संग्राम ने कहा कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी मुझे उनका समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा एमएमए खेल का भविष्य है और पिछले कुछ वर्षों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता पूरी कहानी बयां करती है। भारत में इसको देखने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक मेरा समर्थन करेंगे।

आचार संहिता के उल्लंघन पर वेड को लगी फटकार

बारबाडोस। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई। आईसीसी कहा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू वेड को शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के ग्रुप बी मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। यह घटना उस समय हुई जब ऑस्ट्रेलिया की पारी के 18वें ओवर में वेड ने आदिल राशिद की गेंद को वापस गेंदबाज की तरफ खेला। वेड को उम्मीद थी कि अंपायर इसे 'डेड बॉल' करार देंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो वेड ने अंपायरों से बहस की। विकेटकीपर बल्लेबाज वेड आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के उल्लंघन को लेकर आईसीसी मैच रैफरियों के एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली गई इसलिए इस पर आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

भारत-इंग्लैंड की डेफ टीम पहली बार खेलेगी श्रृंखला

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड की बधिर टीम के बीच 18 जून से पहली द्विपक्षीय टी-20 डेफ श्रृंखला खेली जाएगी। इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निमंत्रण पर भारतीय बधिर टीम पहली बार इंग्लैंड के साथ सात मैचों की द्विपक्षीय टी-20 डेफ सीरीज खेलेगी। 18 जून से शुरु होने वाली श्रृंखला के मैच इंग्लैंड के द काउंटी ग्राउंड, डर्बी, किडरमिन्स्टर, नॉर्थम्पटनशायर, वारविकशायर और आखिरी मैच 27 जून को लीसेस्टरशायर में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के लिए मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित एक समारोह में भारतीय टीम की जर्सी का अनावरण किया है। दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा दिव्यांगों के सशक्तिकरण विभाग की ओर से, मैं टीम का समर्थन करने के लिए रोमांचित हूं क्योंकि वे पहली शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी-20 डेफ सीरीज से कर रहे। यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल एथलीटों की असाधारण प्रतिभा को प्रदर्शित करता है बल्कि खेलों में समावेशिता के महत्व पर भी प्रकाश डालता है।

अर्शदीप पर की टिप्पणी के लिए अकमल ने मांगी माफी

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के खिलाफ की गई अपनी अनुचित टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। कामरान ने हरभजन को टैग करते हुए एक्स पर लिखा मुझे हाल में की गई अपनी टिप्पणियों पर गहरा खेद है और मैं हरभजन सिंह और सिख समुदाय से ईमानदारी से माफी मांगता हूं। मैं दुनिया भर के सिखों का बहुत सम्मान करता हूं और मेरा कभी किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। पाकिस्तान के इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा था कुछ भी हो सकता है। देखिए अंतिम ओवर अर्शदीप सिंह को ही करना है। वह अच्छी लय में नहीं दिख रहा है और 12 बज गए हैं। हरभजन ने यह वीडियो रिपोस्ट किया जिसमें अकमल के साथ बैठे अन्य लोगों को भी हंसते हुए दिखाया है। भारतीय ऑफ स्पिनर ने अकमल की कड़ी आलोचना की। हरभजन ने कहा आपको अपना गंदा मुंह खोलने से पहले सिखों का इतिहास जान लेना चाहिए। हम सिखों ने आपकी माताओं और बहनों को बचाया जब उन्हें आक्रमणकारियों ने अगवा कर लिया था। समय 12 बजे का था। शर्म आनी चाहिए आप लोगों को... कुछ तो आभार मानिए।

जय शाह ने एनएफएल मुख्यालय का किया दौरा

न्यूयॉर्क। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने न्यूयॉर्क में नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के मुख्यालय का दौरा किया। बीसीसीआई ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय खेल सहयोग को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव शाह मौजूदा टी-20 विश्व कप के लिए अमेरिका में हैं। बीसीसीआई ने ट्वीट में कहा जब दुनिया की दो सबसे बड़ी खेल लीग एक हो गईं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने न्यूयॉर्क में एनएफएल मुख्यालय का दौरा किया और आयुक्त श्री रोजर गुडेल और उनकी टीम से मुलाकात की। इस बैठक में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, नवीन विचारों का आदान-प्रदान करने और प्रशंसक को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बीसीसीआई आईपीएल का आयोजन करता है जो प्रति मैच मूल्य के मामले में अमेरिका के एनएफएल के बाद दुनिया की दूसरी सबसे अमीर खेल लीग बन गई है। वर्ष 2008 में पहले सत्र के बाद से आईपीएल और टी20 क्रिकेट में तेजी से वृद्धि हुई है। दौरे के दौरान शाह ने गुडेल और उनकी टीम के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की। शाह ने गुडेल को बीसीसीआई के लोगो वाला 'कस्टमाइज्ड' (विशेष रूप से तैयार) हेलमेट और टीम इंडिया की जर्सी भेंट की। सहयोग के प्रतीक के रूप में शाह को बदले में एक एनएफएल गेंद मिली।

पिच के मिजाज ने तेज की गेंदबाजों की धार

गेंदबाजी से हो रहा मुकाबलों का फैसला, 21 मैचों में हावी रहे गेंदबाज

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हो रहे टी-20 विश्वकप में पिचों के मिजाज को देखते हुए इस बार अभी तक खेले गए लीग मैचों में बल्ले की जगह गेंद का जलवा दिख रहा है और गेंदबाज कर रहे मैचों का फैसला। अभी तक खेले गए 21 लीग मुकाबलों में गेंदबाज इस तरह हावी रहे कि कोई भी बल्लेबाज सैकड़े तक नहीं पहुंच सका है। फिर चाहे कमजोर टीम के साथ मुकाबला रहा हो या धुरंधर के साथ।

सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अफगानिस्तान के गेंदबाज फजलहक फारुकी दो मैचों में नौ विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्खिया तीन मैचों में नौ रन प्रति ओवर की औसत के साथ आठ विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दो मैचों में सात की औसत से छह विकेट के साथ तीसरे, चौथे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान दो मैचों में आठ रन की औसत के साथ छह विकेट लिये है। ओमान के मेहरान खान तीन मैच आठ रन प्रति ओवर की औसत से छह विकेट पांचवें स्थान पर है।

भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दो मैच में 8.40 की औसत से छह विकेट चटका कर छठें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका के ओट्टनील बार्टमैन तीन मैच 14.40 के साथ पांच विकेट के साथ सातवें स्थान पर है। श्रीलंका के नुवान तुषारा और नीदरलैंड के लोगन वैन वीक दो मैच में 8.40 की औसत से पांच-पांच विकेट के साथ संयुक्त रुप से आठवें और नौवें स्थान पर है। युगांडा के ब्रायन मसाबा तीन मैच 14.40 की औसत के साथ पांच विकेट लेकर दसवें स्थान पर है। टी-20 विश्वकप में कुल सात गेंदबाज को सबसे अधिक विकेट लेने की उपलब्धि हासिल है, जिसमें चार गेंदबाज एशिया से हैं। वर्ष 2007 और 2009 में पाकिस्तान के उमर गुल, साल 2021 और 2022 में श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा दो ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में दो बार सबसे अधिक विकेट हासिल करने की उपब्लब्धि हासिल थी। टी-20 विश्वकप 2024 की शुरुआत और जून से हुई है और इसका फाइनल 29 जून को केनसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।

नासाउ जैसी पिचों से अमेरिका में क्रिकेट का प्रसार करना मुश्किल

न्यूयॉर्क। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने नासाउ काउंटी क्रिकेट ग्राउंड की पिच और आउटफील्ड की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि अगर आईसीसी टी-20 क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार तलाश रहा है तो इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना बेहद मुश्किल होगा। इस मैदान की ड्रॉप इन पिचों पर बल्लेबाजी करना बेहद मुश्किल है। भारत ने टी-20 विश्व कप में इस पिच पर 119 जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 113 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया। क्लासेन ने कहा निश्चित तौर पर अगर आप दुनिया को दिखाना चाहते हैं और यहां बाजार तलाश रहे हैं तो मुझे नहीं लगता कि इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना संभव होगा। क्रिकेट के लिहाज से यह कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इससे शीर्ष टीमों और अन्य टीमों के बीच अंतर कम हो गया है। बल्लेबाज इस तरह की पिच पर खेलना पसंद नहीं करेंगे जबकि गेंदबाज ऐसी पिचों पर खेलना चाहेंगे। आईसीसी पहले ही स्वीकार कर चुका है कि उसने जिस तरह की पिचों की उम्मीद की थी यह वैसी नहीं हैं।

सुपर आठ से एक कदम दूर भारत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

मैच : रात 8:00 बजे

- अमेरिका के खिलाफ बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय टीम

भारत के चोटी के बल्लेबाज अमेरिका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के मैच में बेहतर प्रदर्शन करके आगे के कड़े मैचों के लिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। अमेरिका की टीम भले ही अनुभवहीन है लेकिन उसने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है और भारत उसे किसी भी तरह से कम आंकने की कोशिश नहीं करेगा। भारत के कितने भी अंक हों उसे अगले चरण के लिए ए1 के रूप में वर्गीकृत किया है और वह अमेरिका के खिलाफ जीत दर्ज करके सुपर 8 में अपनी जगह सुनिश्चित करना चाहेगा।

नासाउ काउंटी मैदान की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल नहीं रही है लेकिन भारतीय बल्लेबाज पाकिस्तान के खिलाफ अपने प्रदर्शन को दोहराने से बचना चाहेंगे जब टीम ने 30 रन के अंदर अपने अंतिम सात विकेट गंवा दिए थे। अमेरिका के खिलाफ ढीला रवैया भारत को भारी पड़ सकता है क्योंकि यह टीम पहले पाकिस्तान को भी हरा चुकी है। अमेरिका की टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका भारत की तरफ से खेलने का सपना पूरा नहीं हो पाया था। इनमें सौरभ नेत्रवलकर और हरमीत सिंह भी शामिल हैं जिन्होंने अपनी टीम की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पिच के व्यवहार ने भले ही टीमों के बीच के अंतर को कम कर दिया है लेकिन अमेरिका के लिए भारतीय टीम से पार पाना आसान नहीं होगा। अमेरिका की टीम दूसरी भारतीय टीम की तरह नजर आती है क्योंकि उसमें भारतीय मूल के आठ खिलाड़ी हैं। इसके अलावा पाकिस्तानी मूल के दो तथा वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड का एक खिलाड़ी उसकी टीम का हिस्सा है।

करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराने उतरेगी श्रीलंका

लॉडरहिल (फ्लोरिडा)। दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ शिकस्त के बाद अंक तालिका में खाता खुलने का इंतजार कर रहा पूर्व चैंपियन श्रीलंका ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। नेपाल को अपने एकमात्र मैच में नीदरलैंड के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश को पिछले मैच में हराकर दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी है। वानिंदु हसरंगा की अगुआई वाली टीम की जीत दूसरे स्थान की दौड़ को और भी रोमांचक कर देगी क्योंकि बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की दावेदारी भी बरकरार है। श्रीलंका को अगर जीत दर्ज करनी है तो बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नेपाल के खिलाफ हार का मतलब होगा कि श्रीलंका का अभियान पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजे शुरू होगा।

ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत नामीबिया से, नजर सुपर आठ पर

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। लगातार दो जीत से आत्मविश्वास से भरा पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां कम रैंकिंग वाले नामीबिया के खिलाफ ग्रुप बी मुकाबले में उतरेगा तो उसकी नजरें आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह पक्की करने पर टिकी होंगी। ऑस्ट्रेलिया ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली एकमात्र टीम है। नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में जगह पक्की हो जाएगी जिसके बाद टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप बी का अपना अंतिम मैच खेलेगी। वहीं नामीबिया को उम्मीद होगी कि ओमान के खिलाफ सुपर ओवर में जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वाइसे एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

राइफल व पिस्टल टीम घोषित दो स्पर्धाओं में भाग लेगी मनु

ओलंपिक की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय निशानेबाजी महासंघ ने पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की जिसमें स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अकेली ऐसी खिलाड़ी है जो दो स्पर्धाओं में भाग लेगी। टीम का चयन वर्चुअल बैठक में किया गया। टीम में आठ राइफल और सात पिस्टल निशानेबाज शामिल हैं।

चयन समिति ने ट्रायल्स के परिणामों को प्राथमिकता देने का फैसला किया जिससे विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल जैसे निशानेबाजों के लिए दरवाजे बंद हो गए। पाटिल अपनी पसंदीदा 10 मीटर एयर राइफल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन इसके बावजूद वह ओलंपिक टीम में शामिल करने की गुहार लगा रहे थे क्योंकि उन्होंने कोटा हासिल किया था। निशानेबाजी में कोई व्यक्तिगत खिलाड़ी नहीं बल्कि देश को कोटा दिया जाता है। टीम के सभी सदस्य, कोच और सहयोगी स्टाफ अभी फ्रांस के वोल्मेरेंज लेस माइंस में शिविर में भाग ले रहे हैं। ओलंपिक में जाने से पहले सभी खिलाड़ी स्वदेश लौटेंगे। शॉटगन टीम की घोषणा इटली के लोनाटो में होने वाले विश्व कप के बाद की जाएगी, जिसमें प्रतियोगिताएं बुधवार से शुरू होकर 18 जून तक चलेंगी। पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। भारतीय निशानेबाजों ने इस बार संभावित 24 में से 21 कोटा स्थान हासिल किए हैं।

क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे शॉटगन निशानेबाज

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह बुधवार को इटली के लोनाटो में शुरू होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भाग लेने वाले 12 भारतीय निशानेबाजों में शामिल होंगी। पुरुष और महिला ट्रैप क्वालीफायर के पहले तीन दौर में भारत प्रत्येक स्पर्धा में तीन सदस्यों के साथ मजबूत टीम उतारेगा। इस विश्व कप में जीते गए पदक निशानेबाजों को अंक दिला सकते हैं जिससे शॉटगन टीम की घोषणा से पहले उन्हें पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने में मदद मिलेगी।

पाकिस्तान ने कनाडा को हराया

स्कोर बोर्ड

कनाडा: 106/7, 20 ओवर। अरोन जॉनसन 52, कलीम सना 13 नाबाद। **विकेट:** आमिर 2, हारिस 2, शाहीन अफरीदी 1।

पाकिस्तान: 107/3, 17.3 ओवर। रिजवान 53, बाबर 33। **विकेट:** ढिल्लोन 2, जर्मी 1।

न्यूयॉर्क, एजेंसी

मोहम्मद रिजवान नाबाद (53) और कप्तान बाबर आजम की (33) रनों जुझारु पारी के दम पर पाकिस्तान ने मंगलवार को टी-20 विश्वकप के 22वें मुकाबले में 15 गेंदें शेष रहते कनाडा को सात विकेट से हरा दिया है। यह टूर्नामेंट में पाकिस्तान की पहली जीत है और इसने पाकिस्तान की अगले दौर की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

107 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की मोहम्मद रिजवान और सईम अयूब की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 20 रन जोड़े। उसके बाद कप्तान बाबर आजम ने मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर दूसरे विकेट लिये 63 रनों की साझेदारी की। बाबर आजम (33) और फखर जमान चार रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद रिजवान ने 53 गेंदों में नाबाद 53 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने 17.3 ओवर में 107 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। इससे पहले सलामी बल्लेबाज ऐरन जॉनसन 44 गेंदों में 52 रनों की अर्धशतकीय पारी के दम पर कनाडा ने पाकिस्तान को जीत के लिए 107 रनों का लक्ष्य दिया था।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत	2	2	0	4	1.455	0
अमेरिका	2	2	0	4	0.626	0
पाकिस्तान	3	1	2	2	0.191	0
कनाडा	3	1	2	2	-0.493	0
आयरलैंड	2	0	2	0	-1.712	0
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
ऑस्ट्रेलिया	2	2	0	4	1.875	0
नामीबिया	2	1	1	2	-0.309	0
इंग्लैंड	1	0	1	1	-1.800	1
ओमान (बा)	3	0	3	0	-1.613	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान	2	2	0	4	5.225	0
वेस्टइंडीज	2	2	0	4	3.574	0
युगांडा	3	1	2	2	-4.217	0
पापुआ न्यू गिनी	2	0	2	0	-0.434	0
न्यूजीलैंड	1	0	1	0	-4.200	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
दक्षिण अफ्रीका	3	3	0	6	0.603	0
बांग्लादेश	2	1	1	2	0.075	0
नीदरलैंड	2	1	1	2	0.024	0
नेपाल	1	0	1	0	-0.539	0
श्रीलंका	2	0	2	0	-0.777	0

सात्विक-चिराग ने गंवाई नंबर एक रैंकिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से हटने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई।

चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग नई पुरुष युगल नंबर एक जोड़ी है। उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस ले लिया है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः 10वें और 14वें स्थान पर बने हुए हैं। किदांबी श्रीकांत चार स्थान गिरकर 32वें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि प्रियांशु राजावत (34वें स्थान पर) और किरण जॉर्ज (एक स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। पीवी सिंधू महिला एकल रैंकिंग में 10वें स्थान पर बनी हुई हैं। महिला युगल में पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाली जोड़ी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा एक पायदान ऊपर 19वें स्थान पर पहुंच गई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी एक पायदान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में हारी हर्षिता-श्रुति की जोड़ी

सिडनी। हर्षिता राउत और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी मंगलवार को यहां महिला युगल के पहले दौर में सीधे गेम में हार के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। हर्षिता और श्रुति की जोड़ी को डानिया नुगरोहो और काइ की बर्नाइस टियोह की स्थानीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। अन्य भारतीयों में अभिषेक येलिगर ने पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई किया। अभिषेक ने पहले दौर में शाश्वत दलाल को हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के जेई यिंग चेन को हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। वह पहले दौर में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। एचएस प्रणय इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे और बुधवार को पुरुष एकल के पहले दौर में ब्राजील के यगोर कोएलहो से भिड़ेंगे।

नागल इटली में एटीपी चैलेंजर के प्री क्वार्टरफाइनल में

पेरूगिया (इटली)। भारत के शीर्ष वरीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां बोस्निया के नर्मन फैटिक पर सीधे सेटों में जीत से एटीपी 125 पेरुगिया चैलेंजर के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय भारतीय ने एक घंटे 52 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में 7-6(1), 6-2 से जीत दर्ज की।

पहला सेट बराबरी पर रहा और दोनों खिलाड़ियों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था। लेकिन नागल टाईब्रेक में फैटिक को मात देने में सफल रहे। नागल अब दूसरे दौर में स्थानीय खिलाड़ी एलेसांद्रो जियाननेसी से भिड़ेंगे। इस जीत ने एटीपी लाइव रैंकिंग में नागल चार पायदान ऊपर 73वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। नागल ने पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रॉ में जगह लगभग पक्की कर ली है।

लेवांडोव्स्की और स्वाइडरस्की चोटिल यूरोपीय चैंपियनशिप में खेलना संदिग्ध

वारसॉ (पोलैंड)। पोलैंड के स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और करोल स्वाइडरस्की तुर्की के खिलाफ अभ्यास मैच में चोटिल हो गए और उनका यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में खेलना संदिग्ध है। पोलैंड ने यह मैच 2-1 से जीता लेकिन दो प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने से यूरो 2024 के शुरू होने से पहले उसकी चिंता बढ़ गई है। स्वाइडरस्की ने लेवांडोव्स्की की मदद से 12वें मिनट में पहला गोल किया लेकिन जश्न मनाते समय उनके टखने में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। पोलैंड की तरफ से सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड रखने वाले कप्तान लेवांडोव्स्की भी 32 मिनट तक ही मैदान में रहे। उन्हें दाहिने पांव में चोट लगने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। लेवांडोव्स्की और स्वाइडरस्की के पास रविवार तक फिट होने का समय है, जब पोलैंड हैम्बर्ग में नीदरलैंड के खिलाफ यूरोपीय चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

<< रॉबर्ट लेवांडोव्स्की

फ्रेंकी डी जोंग यूरो 2024 से बाहर

रोटरडम (नीदरलैंड)। नीदरलैंड के मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग टखने की चोट के कारण यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। नीदरलैंड के फुटबाल महासंघ ने बताया कि बार्सिलोना की तरफ से खेलने वाला यह स्टार फुटबॉलर जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा। नीदरलैंड की आइसलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-0 से जीत के दौरान डी जोंग बाहर बैठे रहे। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन ने कहा वह अगले तीन सप्ताह तक शीर्ष स्तर की फुटबॉल खेलने के लिए पर्याप्त फिट नहीं हैं। उन्हें टीम में बनाए रखने का कोई मतलब नहीं बनता है। यूरोपीय चैंपियनशिप में 1988 का विजेता नीदरलैंड यूरो 2024 में अपना पहला मैच रविवार को पोलैंड के खिलाफ खेलेगा।

चेन्नईयन एफसी ने विलमर जॉर्डन गिल से किया अनुबंध

चेन्नई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम चेन्नईयन एफसी ने आगामी सत्र से पहले कोलंबिया के स्टार स्ट्राइकर विलमर जॉर्डन गिल के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने यह घोषणा करते हुए कहा कोलंबिया का यह फुटबॉलर काफी अनुभवी है और इससे पहले दो सत्र में आईएसएल में खेल चुका है। विलमर ने 2022 में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी की तरफ से आईएसएल में पदार्पण किया था। इसके अगले सत्र में उन्होंने पंजाब एफसी की तरफ से प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। वह अभी तक आईएसएल ने 15 मैच में 8 गोल कर चुके हैं। चेन्नईयन ने विलमर के साथ एक साल का अनुबंध किया है। वह एल्सिन्हो डायस और चीमा चुक्वू के बाद इस क्लब से जुड़ने वाले तीसरे विदेशी खिलाड़ी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

बर्लिन

यूक्रेन रिकवरी सम्मेलन का आयोजन जर्मनी की राजधानी बर्लिन में होगा, यूक्रेन के पुनर्निर्माण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन से पहले सोमवार को रेडियो टावर को यूक्रेनी राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से रोशन किया गया है। ● एजेंसी

इजराइल-हमास में संघर्ष विराम प्रस्ताव को संरा की मंजूरी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद ने गाजा में इजराइल और हमास के बीच आठ महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को पहले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्रस्ताव की घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडन ने की।

अमेरिका का कहना है कि इजराइल ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं सबकी निगाहें चरमपंथी फलस्तीनी समूह हमास पर हैं, जिसने तीन चरण वाले इस योजना प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 ने इसका समर्थन करते हुए मंजूरी दी, हालांकि रूस मतदान से नदारद रहा। इस प्रस्ताव में इजराइल और हमास से बिना किसी शर्त और विलंब के इसके नियमों को पूर्ण रूप से लागू करने का



- अमेरिका समर्थित प्रस्ताव की घोषणा राष्ट्रपति बाइडन ने की
- अमेरिका बोला- इजराइल ने इस प्रस्ताव को कर लिया स्वीकार
- हमास ने तीन चरण वाले प्रस्ताव को नहीं किया स्वीकार

आह्वान किया गया है। वहीं, हमास ने कहा कि वह प्रस्ताव का स्वागत करता है और इसे लागू करने के लिए इजराइल के साथ सीधी बातचीत न कर मध्यस्थों के साथ कार्य करने को तैयार है। हमास का ये बयान अब तक दिए सबसे कड़े बयानों में से एक था। हमास ने बयान में इस बात पर जोर दिया है कि इजराइल के कब्जे को समाप्त करने के लिए संघर्ष जारी रखेगा और फलस्तीन को पूर्णतया संप्रभु देश बनाने के लिए काम करता रहेगा। हमास के प्रवक्ता जिहाद ताहा ने मंगलवार को कहा कि इजराइल द्वारा समझौते का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कुछ मामलों का अध्ययन और स्पष्टीकरण करने के प्रयास जारी हैं।

ब्लिंकन ने इजराइल पर योजना लागू करने के लिए बनाया दबाव

तेल अवीव। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को इजराइल पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से गाजा में युद्ध के बाद के लिए योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया। इतना ही नहीं, उन्होंने संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए हमास पर और अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाने की भी वकालत की। हालांकि समझौते के प्रति नेतन्याहू का रवैया संदेहास्पद है और उन्होंने कहा कि इजराइल, हमास को नेस्तनाबूद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

युद्ध अपराध करने की आशंका: मानवाधिकार

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने सप्ताहांत पर इज़राइली बलों द्वारा घातक हमला कर चार बंधकों को छुड़ाने को लेकर इज़राइली बलों और फलस्तीनी सशस्त्र समूहों की ओर से युद्ध अपराध को अंजाम देने की आशंका जताई है। कार्यालय के प्रवक्ता जेरेमी लॉरेंस ने शहरी नुसैरात शरणार्थी शिविर में इज़राइल के किए हमले से स्थिति में अंतर समझने और सावधानी बरतने के नियमों को कथित रूप से तोड़े जाने पर चिंता व्यक्त की। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि दर्जनों महिलाओं और बच्चों समेत 274 फलस्तीनी मारे गए हैं। लॉरेंस ने कहा कि फलस्तीनी सशस्त्र समूहों ने घनी आबादी वाले इलाके में बंधकों को रखकर आसपास के आम लोगों और बंधकों की जिंदगी को खतरे में डाला।

इजरायली हमले में फिलिस्तीन में 4 की मौत, 8 घायल

गाजा। फिलिस्तीन में वेस्ट बैंक के पास कफर नीमा गांव पर इजरायली हमले में चार लोग मारे गए और आठ घायल हो गए। अल जज़ीरा ने फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से कहा गया कि इजरायली बलों ने पहले कफर नीमा के पास एक कार पर हमला किया। घटना के बाद इजरायली सैनिकों ने गांव पर धावा बोला, जिससे फिलिस्तीनी लोग घायल हो गए।

एक नजर

गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो अतिरिक्त जज प्रोन्नत

नई दिल्ली। गुवाहाटी हाईकोर्ट के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों को मंगलवार को प्रोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश बनाया गया। ये दोनों प्रोन्नतियां, नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ जून को तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आने के बाद न्यायालय में अधिसूचित की जाने वाली पहली प्रोन्नतियां हैं। कानून मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि हाईकोर्ट की दो न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुष्मिता फूकन खौंड और न्यायमूर्ति मिताली ठाकुरिया को इसी कोर्ट में न्यायाधीश बनाया गया है। उनकी प्रोन्नतियां उनके द्वारा अपना- अपना प्रभार संभालने की तारीख से प्रभावी होंगी।

रूस में प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

मॉस्को। रूस के उत्तरी ओसेशिया में प्रशिक्षु विमान के तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चालक दल के सदस्य की मौत हो गयी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि उत्तरी ओसेशिया-अलानिया गणराज्य में रूसी एयरोस्पेस बल का एक प्रशिक्षु एसयू-34 विमान निर्धारित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय के अनुसार विमान निर्जन क्षेत्र में गिर गया और चालक दल के सदस्य की मौत हो गयी।

मिस्र में साढ़े छह लाख से अधिक शरणार्थी पंजीकृत

काहिरा। मिस्र में 6,60,000 शरणार्थी पंजीकृत हैं जिनमें से ज्यादातर सूडान के है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त के कार्यालय की प्रवक्ता क्रिस्टीन बेशाय ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सूडान में संकट से शरणार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इनमें 3,78,000 शरणार्थी सूडानी हैं। 15 अप्रैल 2023 को सूडानी सेना और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज में झड़पें हुईं। संघर्ष के पक्षों ने तब से कई अस्थायी राष्ट्रव्यापी युद्ध विराम लागू किए हैं। अक्टूबर के अंत में जेद्दा में सऊदी अरब की मध्यस्थता से दोनों पक्षों ने बातचीत शुरू की, लेकिन संघर्ष जारी है।

गाजा संघर्ष सम्मेलन में हिस्सा लेंगे डार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार गाजा में चल रहे संघर्ष पर उच्च स्तरीय सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जॉर्डन की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि कार्रवाई के लिए कॉल गाजा के लिए तत्काल मानवीय प्रतिक्रिया का आयोजन जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

हमजा के निर्देश पर आतंकी हमला

रियासी आतंकी हमला : स्केच जारी, जानकारी देने वाले को 20 लाख का इनाम

किशोर कुमार, जम्मू

अमृत विचार : जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में श्रद्धालुओं से भरी बस पर रविवार को आतंकवादियों ने हमला कर नौ लोगों की हत्या कर दी थी। इस हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने और उनको पकड़ने के लिए सोमवार और मंगलवार को पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने सर्च अभियान चलाया है और सुरक्षा बलों की 11 टीमें इस कार्य में लगाई गई है। वहीं पोनी तेरयाथ इलाके की कई तरफ से घेराबंदी कर तलाशी ली जा रही है।

सुरक्षा बलों को संदेश है कि यह हमला लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अबू हमजा के निर्देश पर किया गया है। वहीं पुलिस ने इस आतंकी हमले में शामिल आतंकिवादियों के ठिकाने की जानकारी देने वाले को 20 लाख का इनाम देने की घोषणा की है। प्रत्यक्षदर्शियों के बताए हुलिए के अनुसार पुलिस ने आतंकवादी का स्केच बनाकर उसको जारी किया है। रियासी आतंकी हमले में नौ लोगों की मौत (जिनमें बच्चे भी थे) और 41 लोगों के जख्मी होने के बाद सुरक्षा बलों ने जम्मू और राजौरी जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है तथा जांच तेज करने के साथ ही पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी।

आतंकी अबू हमजा (लाल घेरे में)।

पुलिस की ओर से जारी आतंकी का स्केच।

- पोनी तेरयाथ इलाके की कई तरफ से की गई घेराबंदी
- जम्मू और राजौरी में हाई अलर्ट पहाड़ी इलाकों में छीपे हैं आतंकी

आतंकियों का पता लगाने के लिए 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं को शिव खोरी से कटरा में माता वैष्णों देवी मंदिर ले जा रही 53 सीट वाली बस पर पोनी में तेरयाथ गांव के पास रविवार को गोलीबारी कर दी थी। गोलीबीर के दौरान चालक नियंत्रण खो बैठा और बस खाई में जा गिरी थी। बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के श्रद्धालु सवार थे। सुरक्षा बलों को संदेह है कि हमले के बाद पाकिस्तानी आतंकवादी राजौरी और रियासी के पहाड़ी इलाकों में छुपे हुए हैं। वह सुरक्षित संचार के माध्यम से आईएसआई से निर्देश ले रहे हैं। ऐसी रिपोर्ट हैं कि एक स्थानीय मददगार सहित 4 आतंकी इस हमले में शामिल थे, जिसे लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अबू हमजा के निर्देश पर अंजाम दिया गया। ड्रोन और खोजी कुत्तों सहित निगरानी उपकरणों से लैस सुरक्षाकर्मियों ने सोमवार और मंगलवार को भी तलाशी अभियान शुरू किया है।

कठुआ में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

जम्मू। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के एक गांव में मंगलवार शाम आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसके बाद सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादी हीरानगर सेक्टर में कूटा मोड के पास सैदा सुखल गांव में थे। उन्होंने कहा कि घटना के विवरण की प्रतीक्षा है। अधिकारियों ने कहा कि शाम करीब 7.45 बजे तीन व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि के बाद पुलिस और अन्य सुरक्षा बल गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा शोर मचाने के बाद कुछ गोलियां चलने की आवाज सुनी गई, माना जा रहा है कि ये गोलियां संदिग्ध आतंकवादियों ने चलाई थीं। अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और गांव में छिपे अन्य आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

सुरक्षाबलों के 11 दल कर रहे आतंकियों की तलाश

उधमपुर-रियासी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) रईस मोहम्मद भट ने कहा कि पुलिस, सेना, सीआरपीएफ के 11 दल आतंकियों को खत्म करने के लिए दो छोर पर काम कर रहे हैं और सुरक्षा बलों को कुछ सुराग मिले हैं। पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी कि मंगलवार को भी हमले के क्षेत्र में और उसके आसपास के इलाके की तलाशी ली गई है और इस कार्य में सुरक्षा बलों के 11 दलों को लगाया गया है। इसके अलावा (पोनी-तेरयाथ) पट्टी के चारों ओर घेराबंदी भी की गई है। हमले में घायल हुए लोगों के बयानों के आधार पर उन्होंने इस संभावना से इनकार नहीं किया है कि घटनास्थल पर कोई चौथा व्यक्ति भी मौजूद था जो तीनों आतंकियों के लिए वहां पर नज़र रख रहा था।

1000 रुपये मानदेय को लेकर आतिशी के आवास पर प्रदर्शन

नई दिल्ली। महिला मंच की सदस्यों ने मंगलवार को दिल्ली की मंत्री आतिशी के आवास पर विरोध प्रदर्शन किया और आप सरकार से महिलाओं को 1000 रुपये मानदेय देने की घोषणा को पूरा करने की मांग की। मथुरा रोड स्थित मंत्री के आवास के बाहर महिलाओं ने नारे लगाए। सफिया फहीम ने कहा कि आप सरकार ने अपने बजट में महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह मानदेय देने की घोषणा की थी। यह कोई चुनावी वादा नहीं था, इसलिए सरकार को अब पैसे देने चाहिए। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया गया और किसी को भी हिरासत में नहीं लिया गया है।

रूसी सेना में भर्ती दो भारतीय मारे गए हैं : विदेश मंत्रालय

मास्को, एजेंसी

- सरकार दोनों के पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने का कर रही है प्रयास

रूस और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष में रूसी सेना में भर्ती दो भारतीय नागरिक हाल ही में मारे गए हैं। सरकार उनके पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने का प्रयास कर रही है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार देर रात यह जानकारी देते हुए कहा कि हमें यह बताते हुए दुख हो रहा है कि रूसी सेना में भर्ती किए गए दो भारतीय नागरिक हाल ही में रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष में मारे गए हैं।

मंत्रालय के बयान में कहा गया कि हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। मास्को में हमारे दूतावास ने रक्षा मंत्रालय सहित रूसी अधिकारियों पर नश्वर अवशेषों की शीघ्र स्वदेश वापसी के लिए दबाव डाला है। विदेश मंत्रालय और मास्को में भारतीय दूतावास ने रूसी सेना में शामिल सभी भारतीयों की शीघ्र रिहाई और वापसी के लिए क्रमशः नई दिल्ली में रूसी राजदूत और मास्को में रूसी अधिकारियों के साथ मामले को दृढ़ता से उठाया है। यह भी मांग की कि रूसी सेना द्वारा भारतीयों की आगे की भर्ती पर रोक लगाई जाए। ऐसी गतिविधियां हमारी साझीदारी के अनुरूप नहीं होंगी। मंत्रालय ने कहा कि हम भारतीयों से आग्रह करते हैं कि वह रूस में रोजगार तलाशते समय सावधानी बरतें।

फर्जी दस्तावेज में 4 बांग्लादेशी गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के आरोप में चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर एटीएस की जुहू इकाई ने हाल ही में रियाज हुसैन शेख (33), सुल्तान सिद्दीक शेख (54), इब्राहिम शफीउल्ला शेख (44) और फारुक उस्मानगनी शेख (39) को गिरफ्तार किया। ये बांग्लादेशी आरोपी शहर के अलग-अलग हिस्से में रहते हैं। ये कई सालों पहले गैरकानूनी रुप से देश में दाखिल हुए थे। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने भारतीय पासपोर्ट के लिए गुजरात के सूरत निवासी होने का जाली दस्तावेज इस्तेमाल किया था। पांच और लोगों ने इसी तरह पासपोर्ट पाए थे और उनमें से सऊदी अरब गया था।

अमेरिका ने हटाया यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने यूक्रेन की अज़ोव बटालियन को हथियारों की आपूर्ति पर प्रतिबंध हटा दिया है। वाशिंगटन पोस्ट अखबार ने विदेश विभाग के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रशासन ने लीही कानून के अनुपालन के लिए विभाग के निरीक्षण को पारित कर दिया है। यह कानून गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन के दोषी विदेशी इकाइयों को अमेरिकी सैन्य सहायता के प्रावधान पर रोक लगाता है।

हूती विद्रोहियों का दावा, अमेरिकी और इजराइली जासूसों को पकड़ा

काहिरा, एजेंसी

- अंतर्राष्ट्रीय और संरा की आड़ में अपने विध्वंसक एजेंडे को जारी रखा : हूती खुफिया एजेंसी

यमन के हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने सहायता संगठनों के सदस्यों के साथ संयुक्त राष्ट्र के 11 कर्मचारियों को हिरासत में लेने के कुछ दिन बाद एक अमेरिकी-इजराइली जासूसी तंत्र के सदस्यों को पकड़ा है। हूती खुफिया एजेंसी के प्रमुख मेजर जनरल अब्दुलहकीम अल-खायेवानी ने गिरफ्तारियों की घोषणा करते हुए कहा कि जासूसी तंत्र पहले सना में अमेरिकी दूतावास से संचालित होता था।

उन्होंने कहा कि 2015 में राजधानी सना और उत्तरी यमन पर हूतियों के कब्जे के बाद इसे बंद कर दिया गया था, लेकिन उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय और संरा संगठनों की आड़ में अपने विध्वंसक एजेंडे को जारी रखा। संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को यमन के 11 कर्मचारियों की गिरफ्तारी की घोषणा की थी। इनमें से छह संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार संस्था के लिए काम करते थे, जबकि एक-एक कर्मचारी इसके विशेष दूत के कार्यालय, इसकी विकास शाखा, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष, विश्व खाद्य कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' के लिए काम करता था। अन्य सहायता समूहों ने भी कर्मचारियों को हिरासत में लिए जाने की सूचना दी, हालांकि कुल संख्या पता नहीं चली।

मलावी के उप राष्ट्रपति और 9 अन्य लोगों की विमान हादसे में गई जान

ब्लांटायर (मलावी), एजेंसी

मलावी के उपराष्ट्रपति सोलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों की एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। देश के राष्ट्रपति लाजारस चकवेरा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिस सैन्य विमान में चिलिमा यात्रा कर रहे थे, उसका मलबा देश के उत्तर में एक पहाड़ी क्षेत्र में मिला। एक दिन से अधिक समय तक चली खोज के बाद विमान का मलबा मिला।

राष्ट्रपति चकवेरा ने सरकारी टेलीविजन पर कहा कि इस दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। उप राष्ट्रपति चिलिमा और आठ अन्य लोगों को लेकर विमान इस दक्षिणी अफ्रीकी देश की राजधानी लिलोंग्वे से सोमवार सुबह 9.17 बजे रवाना हुआ था और इसे करीब 45 मिनट बाद राजधानी से 370 किलोमीटर दूर मजुजु अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरना था।

राष्ट्रपति ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रक ने

- सैन्य विमान में चिलिमा यात्रा पर जा रहे थे उपराष्ट्रपति देश के उत्तर में पहाड़ी क्षेत्र में मिला विमान का मलबा

खराब मौसम के कारण विमान को मजुजु हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास नहीं करने और वापस लिलोंग्वे की ओर मुड़ने के लिए कहा। इसके बाद हवाई यातायात नियंत्रक का विमान से संपर्क टूट गया और विमान रडार से गायब हो गया। विमान में सात यात्री और सैन्य चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।

नए वाद नीति दस्तावेज को विधि मंत्रालय ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय विधि मंत्रालय ने राष्ट्रीय मुकदमा नीति के दस्तावेज को अंतिम रूप दिया

विचार-विमर्श के बाद, केंद्रीय विधि मंत्रालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय मुकदमा नीति पर एक दस्तावेज को अंतिम रूप दिया, जिसका उद्देश्य लंबित मामलों के शीघ्र समाधान पर जोर देना है। विधि मंत्री का कार्यभार संभालने के तुरंत बाद अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को राष्ट्रीय वाद नीति दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। राष्ट्रीय वाद नीति दस्तावेज को मंजूरी के लिए आने वाले दिनों में केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह नीति मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा है। कार्यभार संभालने के बाद मेघवाल ने कहा कि मंत्रालय की प्रमुख प्राथमिकता सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों, निचली अदालतों, न्यायाधिकरणों और उपभोक्ता अदालतों में लंबित मामलों में तेजी से न्याय दिलाना होगी। वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि दस्तावेज में लंबित मामलों से संबंधित मंत्री द्वारा उठाए गए मुद्दों को शामिल किया गया है। पदाधिकारी ने बताया कि यह पहली फाइल थी जिस पर वह हस्ताक्षर करना चाहते थे। राष्ट्रीय वाद नीति का मसौदा कई वर्षों से तैयार किया जा रहा है तथा विभिन्न सरकारों द्वारा इसकी रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

बॉलीवुड हलचल

बचपन से अभिनेत्री बनना चाहती थी सिंपल कौल

मुंबई। अभिनेत्री सिंपल कौल का कहना है कि उनके अंदर बचपन से ही एक कलाकार की भावना थी, इसलिए वह अभिनेत्री हीं बनना चाहती थी। कुसुम, तीन बहुरानियां, सास बिना ससुराल, तारक मेहता का उल्टा चश्मा और जिद्दी दिल माने ना जैसी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री सिंपल कौल बचपन के दिनों से ही अभिनेत्री बनने का सपना देखा करती थी। उन्होंने कहा, मेरे अंदर बचपन से ही एक कलाकार की भावना थी, इसलिए शुरू से ही मुझे पता था कि मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती हूं। जब मुझे अभिनय के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, तब भी मैं शीशे के सामने अभिनय करती थी और ऐसे अभिनय करती थी जैसे मैं कोई सेलिब्रिटी हूं। मैंने अपने सपनों को तब साकार किया जब अभिव्यक्ति की अवधारणा के बारे में व्यापक रूप से बात नहीं की गई थी। मैं सिर्फ़ एक ही चीज़ जानती थी कि अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित रखना है और उन्हें जीना है : मशहूर होना, कैमरे के सामने अभिनय करना और अलग-अलग किरदार निभाना। उन्होंने कहा, यदि मैं अभिनय या प्रदर्शन नहीं कर सकती थी, तो जीने का कोई कारण नहीं था। समय के साथ मेरा जुनून और मजबूत होता गया।

फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान

मुंबई। अभिनेत्री सारा खान अपनी नवीनतम फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश हैं। सार ने फिल्म गिल्ट 3 में कृति का किरदार निभाया है और उनका दावा है कि वह अपने किरदारों को जीती हैं। उन्होंने कहा, बेशक, अपने प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी बातें सुनना अच्छा लगता है। हर फिल्म या शो एक अभिनेता के लिए खास होता है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। अब तक, मैंने अच्छी बातें सुनी हैं और मुझे खुशी है कि लोगों को यह पसंद आया।जहां तक मेरे किरदार की बात है, वह चुलबुली, सकारात्मक, युवा और कुछ और थी, जो मेरे लिए बहुत ताज़ा थी। मैंने बस कृति को जिया, क्योंकि मैं हमेशा किरदार को जीने, सोचने और किसी भी स्थिति पर प्रतिक्रिया की कोशिश करती हूं। मुझे लगता है कि मनोरंजन केवल मनोरंजन के रूप में देखने से कहीं अधिक एक व्यवसाय है।

अपने करियर की यात्रा से खुश हैं झुम्मा मित्रा

मुंबई। प्रतीक शर्मा और पार्थ शाह के स्टूडियो एलएसडी के प्यार का पहला अध्याय : शिव शक्ति में पद्मा का किरदार निभाने वाली झुम्मा मित्रा अपने करियर की यात्रा से खुश हैं। उन्होंने कहा,मेरा करियर लंबा और फलदायी रहा है, यह रातों-रात मिली सफलता नहीं है, बल्कि धीमी, स्थिर और क्रमिक प्रगति है। मैं यह सोचना चाहती हूं कि आज मैं अपने सहकर्मियों और कास्टिंग बिरादरी द्वारा अच्छी कलाकार के रूप में जानी जाती हूं, और मुझे लगता है कि यह एक उपलब्धि है। मित्रा का मानना है कि महत्वाकांक्षा, प्रेरणा, धैर्य और अनुशासन महत्वपूर्ण हैं, खासकर अभिनय जैसे अस्थिर और असुरक्षित पेशे में और मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि इन कुछ कारकों के साथ, कोई व्यक्ति न करियर में, बल्कि जीवन में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकता है।

ब्रह्माड के रहस्य | 600 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है यह तारा

आकाशगंगा मिल्की वे को पार कर जाएगा एक तारा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: पहली बार एक ऐसे तारे का पता चला है, जो हमारी आकाशगंगा मिल्की वे को पार कर जाएगा। यह तारा 600 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। खगोल वैज्ञानिक इस तारे पर नजर बनाए हुए हैं। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस तारे का नाम सीडब्ल्यूआईएसई जे 124909 है। इसकी अत्यधिक रफ्तार देख वैज्ञानिक हैरान हैं। इसकी तुलना सूर्य की गति से करें तो हमारा सूर्य 220 किमी प्रति सेकंड की चाल से आगे बढ़ता है और एक निश्चित कक्षा में रहता है। साथ ही मिल्की वे आकाशगंगा के चारों ओर परिक्रमा करता है। इसका पता प्लैनेट 9 की खोज के दौरान



तेज गति वाला तारा।

चला। यह दुर्लभ हाइपर वेलोसिटी एल सबड्वार्फ तारा है। अपने द्रव्यमान के कारण इसकी गति बेहद अधिक है। जिस कारण वह आकाशगंगा को पूरी तरह से छोड़ देगा। प्रो एडम बर्गेसर के नेतृत्व में यह खोज की गई है। विस्कॉन्सिन, अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी (एएएस) की 244वीं राष्ट्रीय बैठक के दौरान संवाददाता सम्मेलन में इसका खुलासा किया गया है।

वैज्ञानिको का कहना है कि इसकी तेज गति आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण से बचने के लिए पर्याप्त है। इसकी गति मापने के लिए हवाई स्थित मौना केआ में केक वेधशाला की दूरबीन का सहारा लिया गया। दूरबीन से प्राप्त आंकड़ों से पता चला कि यह एक दुर्लभ एल सबड्वार्फ तारा है। सबड्वार्फ आकाशगंगा के सबसे पुराने सितारों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इसके प्रभाव की जानकारी जुटाई जाएगी

नैनीताल : ब्रह्मांड के रहस्यों का तेजी से खुलासा हो रहा है। यह एक अनूठी खोज है, जो किसी तारे के आकाशगंगा से बाहर जाने के बाद प्रभाव की नई जानकारी देगी। वैज्ञानिको का कहना है कि कुशल तकनीक के चलते नित नई जानकारियां सामने आ रही हैं। पिछले एक दशक के दौरान सैंकड़ों नई खोजें हुई हैं। जिसने खगोल विज्ञान को नई दिशा दी है।